# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 9 मई 2025 शुक्रवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 344 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1576 : महाराणा प्रताप और अकबर के बीच हल्दी घाटी का युद्ध शुरू हुआ।

1588 : ड्यूक हेनरी द ग्यूसे की सेना ने पेरिस पर कब्जा किया।

1753 : जाट राजा सूरजमल ने दिल्ली में लूटमार की।

1812 : अमेरिका और ब्रिटेन के बीच युद्ध शुरू हुआ।

1946 : डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था।

1947 : विश्व बैंक ने अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया।

### रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में संसद भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित

# ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी : राजनाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज संसद भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर जो हमले किए, उसमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को भरोसा दिलाया कि अगर पाकिस्तान भारत में हमले करता है तो देश की सेना मुंहतोड़ जवाब देगी। सर्वदलीय बैठक में मौजूद एक सूत्र ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। सटीक अनुमान लगाना कठिन है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। सरकार विवरण जमा कर रही है। अगर पाकिस्तान हमला करता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा।' बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सभी नेताओं ने परिपक्वता दिखाई और किसी तरह की नोंक-झोंक नहीं की। यह बैठक दोनों देशों के तनाव के मुद्दे पर व्यापक राजनीतिक आम सहमति बनाने के लिए बुलाई गई थी। सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे सशस्त्र बलों को बधाई दी और बिना किसी असहमति के सरकार को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इससे पहले दोनों देशों के बीच उपजे तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक समाप्त होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सरकार के साथ हैं। श्री खरगे ने कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनके बारे में हमें गोपनीयता का हवाला देकर जानकारी नहीं दी गई। राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को पूरा समर्थन दिया है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे।

# झामुमो ने आज का धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम किया स्थगित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झामुमो ने सरना धर्म कोड को लेकर शुक्रवार को होने वाला राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। पार्टी के मंत्री, विधायक और पदाधिकारी पूरे राज्य में केंद्र से सरना धर्म कोड लागू कराने की मांग को लेकर सड़क पर आने वाले थे और राज्य के जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करते। लेकिन सीमा पर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए पार्टी ने यह फैसला लिया है। यह जानकारी पार्टी महासचिव व प्रवक्ता विनोद पांडेय ने दी। बताया कि पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों, सचिवों और केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों को राज्यव्यापी आंदोलन को लेकर दिया गया निर्देश वापस ले लिया गया है। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कि नौ मई का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। सीमा पर स्थिति को देखते हुए पार्टी ने यह फैसला लिया है। आज केवल झारखंड ही नहीं, पूरा देश बहादुर जवानों के साथ है। हमारे बहादुर जवान पड़ोसी देश के कुकृत्य का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। सरना धर्म कोड़ गंभीर विषय है। लेकिन इससे कहीं गंभीर आज देश को सामने खड़ी परिस्थिति है। हम केंद्र सरकार से फिर कभी मांग कर लेंगे। लेकिन सीमा पार से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना जरूरी है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि 11 नवंबर 2020 को विधानसभा से सरना-आदिवासी धर्म कोड़ का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था। पांच मई को पार्टी ने इस मुद्दे पर आंदोलन का निर्णय लिया था। लेकिन 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में दुःखद घटना हुई। पूरा देश आक्रोश में था। आज परिस्थिति बदल गयी है। पार्टी पूरी मुस्तैदी से अपने जांबाज जवानों के साथ है।

# झारखंड में कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

### हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने गुरुगुवार को अपने कर्मचारियों को खुशखबरी देते हुए उनके महंगाई भत्ते (डीए) में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के डीए को मौजूदा 53 प्रतिशत से बढ़ाकर मूल वेतन का 55 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही बताया गया है कि यह वृद्धि इस साल 1 जनवरी से प्रभावी होगी, यानी कर्मचारियों को बीते चार महीने का एरियर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही इस बैठक में अपराधियों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाने की नीति को भी मंजूरी दे दी गई, जिसके तहत उन पर दर्ज मामलों की संख्या के अनुसार उन पर 2 लाख रुपए से लेकर 30 लाख रुपए तक का इनाम घोषित किया जाएगा। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में प्रदेश सरकार ने राज्य के पेंशनधारियों व पारिवारिक पेंशनभोगियों को मिलनेवाली महंगाई राहत में भी 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और इसे 55 प्रतिशत कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इस कदम से राज्य के 3 लाख से अधिक कर्मचारी और पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। कैबिनेट की आज हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री डिजिटल स्वास्थ्य योजना को मंजूरी देने सहित कुल 34 प्रस्ताव पारित किए गए। कैबिनेट सचिव ने आगे कहा कि अगले पांच सालों के दौरान सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, उप-मंडल अस्पतालों, सामुदायिकस्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य उप-केंद्रों में मुख्यमंत्री डिजिटल स्वास्थ्य योजना को लागू करने के लिए सरकार ने 299.30 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

इस बैठक में कैबिनेट ने माओवादियों, माओवादी कार्यकर्ताओं और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इनामी राशि घोषित करने की नीति में भी संशोधन को मंजूरी दे दी। अधिकारी ने बताया कि नीति में संशोधन करते हुए अपराधियों के लिए पांच अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। अधिकारी ने बताया कि जिन अपराधियों पर कम से कम 20 मामले दर्ज हैं, उन्हें ग्रेड-ए श्रेणी में रखा जाएगा, जबकि जिन अपराधियों पर कम से कम तीन मामले दर्ज हैं, उन्हें ग्रेड-ई श्रेणी में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इन अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार इनाम की राशि 2 लाख रुपए से लेकर 30 लाख रुपए तक होगी। कैबिनेट ने झारखंड रेत खनन नियम, 2025 की अधिसूचना को भी मंजूरी दी। नए नियमों के तहत अब रेत घाटों की नीलामी जिला स्तर परकी जा सकेगी। पहले यह अधिकार झारखंड राज्य खनिज विकास निगम के पास था। इसके साथ ही कैबिनेट ने रांची स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधुभगत विश्वविद्यालय करने का भी फैसला किया।

# बिहार में बनेंगे कई बाईपास, 33464 करोड़ की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सड़क विकास को लेकर लगातार काम चल रहा है। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को बताया कि 7 मई को उनकी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात हुई थी। इस दौरान बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार को लेकर 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में पथ निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित 33464 करोड़ की लागत वाली 52 सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बिहार में बेहतर सड़क संपर्क, सुरक्षित यात्रा और निर्बाध यातायात सुनिश्चित करना है। स्वीकृत योजनाओं में नए पुलों का निर्माण, पुराने पुलों का पुनरुद्धार, 18 रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास, सड़कों को दो लेन से चार लेन में चौड़ा करना, पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन सड़क निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण बायपास सड़कों का भी निर्माण प्रस्तावित है, जिससे शहरों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। श्री नवीन ने बताया कि जिन मुख्य बाईपास योजनाओं को मंजूरी मिली है उनमें डुमरांव बाईपास, अरवल बाईपास, दाउदनगर बाईपास, औरंगाबाद बाईपास, सिंहेश्वर बाईपास एवं समस्तीपुर बाईपास शामिल है। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि 526 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग को दो लेन और दो लेन पेव्ड शोल्डर सड़क में बदला जाएगा। इसके अलावा 227 किलोमीटर लंबी सड़कों को दो लेन पेव्ड शोल्डर सड़क के रूप में उन्नत किया जाएगा। इन योजनाओं के पूरा होने से राज्य में परिवहन सुविधाओं में सुधार होगा, यात्रा का समय घटेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# सीमावर्ती जिलों में रखें पूरी चौकसी : नीतीश कुमार

■ **बिहार के सभी अधिकारियों तथा कर्मियों की छुट्टियां रद्द**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प में 'ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी हेतु उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मियों एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों तथा कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं कानून व्यवस्था से जुड़े सभी कर्मियों को पूरी तरह अलर्ट पर रखा गया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों में पूरी तरह चौकसी रखें। आवागमन पर कड़ी निगरानी रखी जाय तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं पर कड़ी नजर रखें। सीमावर्ती जिलों के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी जाय और लगातार सघन गश्ती की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर पूरी सर्तकता बरतें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया और अन्य हैंडल के माध्यम से फर्जी खबरों एवं अफवाहों को पूरी सख्ती से रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है और सरकार इस मामले में पूरी तरह सजग एवं सर्तक है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरूद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। मुख्यमंत्री ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती जिलों के वरीय अधिकारियों के साथ पूर्णिया में 10 मई को उच्चस्तरीय समीक्षा करेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार उपस्थित थे।

# लालू यादव के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू ने सीआरपीसी की धारा 197(1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने पिछले साल अगस्त में 76 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एजेंसी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर मनी लॉड्रिंग का मामला दर्ज किया था। ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने जमीनें इस तरीके से लीं, जिससे उनकी भागीदारी सामने न आए और परिवार को लाभ हो सके। जब लालू प्रसाद रेल मंत्री थे तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियों के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था। इससे पहले ईडी ने जनवरी 2024 में लालू प्रसाद परिवार के एक कथित सहयोगी अमित कत्याल और अन्य सदस्यों के खिलाफ अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था। अब इस मामले में राष्ट्रपति ने मुकदमे की मंजूरी दी है।




# 10 मिनट के लिए मोबाइल की रोशनी भी नहीं दिखी: सड़कों पर रुक गईं गाड़ियां

## ब्लैकआउट खत्म होते ही लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे



**पूर्णिया, एजेंसी।** पाक में आतंकियों के खिलाफ इंडियन एयरफोर्स ने एयरस्ट्राइक किया। जिस के बाद पाकिस्तान से जारी तनातनी के बीच पूर्णिया में बुधवार 7 मई को मॉक ड्रिल हुआ। पूर्णिया के आर एन साह चौक पर ठीक 6 बजकर 58 मिनट पर सायरन बजने लगी। सभी जगह से लाइटें बंद हो गईं। डीएम कुंदन कुमार, एसपी कार्तिकेय शर्मा, एसडीओ पार्थ गुप्ता पुलिस बल और वॉलंटियर्स तय समय से पहले आर एन साह पहुंच गए।


7 बजे पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। 10 मिनट तक ब्लैकआउट रहा। सभी ने घर, प्रतिष्ठान, मंदिर यहां तक की बाइक और मोबाइल तक की लाइट तक बंद कर दी। इस दौरान पूरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। शहर के हृदयस्थली आर एन साह चौक पर आमदिनों से बिल्कुल अलग नजारा दिखाई दिया। ब्लैकआउट के दौरान गाड़ियों के पहिए रुके रहे। खुद को इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनाने के लिए शहर के आर एन साह चौक पर सैकड़ों लोग जुट गए। भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगते रहे। 10 मिनट बाद फिर से बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई। वहीं ब्लैकआउट के बाद लाइट आते ही आर एन साह पर जुटे लोग जोश और उत्साह से भर गए। भारत और भारतीय सेना के जयघोष के नारे लगाते लोगों का उमंग देखने लायक था। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। पूर्णिया को कैटगरी-2 में रखा गया है। कैटगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। जिस वजह से पूर्णिया में मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट हुआ।

### अस्पताल और एंबुलेंस को ब्लैकआउट से छूट रही

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए डीएम कुंदन कुमार ने कहा, ये मॉक ड्रिल भारत सरकार के सिविल डिफेंस गाइडलाइन के तहत की गई है। अभ्यास देश के 244 जिलों में किया गया हैं। जिसमें बिहार के पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, पटना और बेगूसराय जिलों को इस लिस्ट में शामिल किया गया है। मॉक ड्रिल को लेकर पूरी पूर्णिया जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रही। इससे पहले फायर ब्रिगेड, पुलिस, थानों की गाड़ियां और अन्य आपातकालीन सेवाएं सायरन बजाकर लोगों को सूचित किया था। इमरजेंसी सेवाओं जैसे अस्पताल और एंबुलेंस को इस ब्लैकआउट से छूट रही।

### नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं

डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि यह केवल एक रिहर्सल है और नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि युद्ध छिड़ा नहीं है, यह सिर्फ एक रिहर्सल है। एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मॉक ड्रिल नागरिकों को जागरूक करने और सुरक्षा तंत्र की जांच के लिए की गई है। इस रिहर्सल में सिविल डिफेंस, होमगार्ड, आपदा प्रबंधन विभाग, दमकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस बल शामिल रही।



## किशनगंज में युद्ध जैसी स्थिति का अभ्यास

# डीएम-एसपी ने खुद किया निरीक्षण

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में बुधवार शाम युद्धकालीन तैयारी के तहत 10 मिनट का ब्लैकआउट अभ्यास किया गया। शाम 6:58 बजे पूरे शहर में सायरन बजाया गया, जिसके बाद लोगों ने अपने घरों और दुकानों की लाइटें बंद कर दीं। सड़क पर चल रहे वाहनों ने भी गाड़ियों की हेडलाइट बंद कर दी और वहीं रुक गए। ठीक 7:00 बजे, शहर की सभी लाइटें बंद कर दी गई थी। इस दौरान डीएम विशाल राज और एसपी सागर कुमार खुद शहर की सड़कों पर उतरे और रिहर्सल की निगरानी किए। लोगों को बताया गया कि यह केवल एक अभ्यास है, ताकि युद्ध जैसी आपात स्थिति में नागरिक जान सकें कि उन्हें क्या करना है।

**इस कारण कराया गया ब्लैकआउट :** डीएम विशाल राज ने कहा, अगर कभी युद्ध जैसी स्थिति आती है, तो सायरन बजते ही सभी नागरिक लाइटें बंद कर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं, ताकि दुश्मन को आबादी का अंदाजा न लग सके। यहां तक कि मोबाइल और मोमबत्ती की रोशनी भी बंद रखनी चाहिए। 7:10 बजे, ब्लैकआउट समाप्त हुआ और शहर की रोशनी पुनः चालू कर दी गई। इस दौरान माइक के जरिए घोषणाएं की जाती रहीं, जिनमें सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। एसपी सागर कुमार ने बताया, लोगों ने प्रशासन के इस अभ्यास में शानदार सहयोग दिया। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय खिड़कियां ढकने, लाइटें बंद रखने और अनावश्यक बाहर न निकलने की आदत बनानी होगी। स्थानीय निवासी कादिर रहमानी ने कहा, हमें पहले से ही इस रिहर्सल के बारे में बताया गया था। आज के हालात में देश हर परिस्थिति से निपटने को तैयार है। हम सरकार के साथ हैं और चाहते हैं कि पाकिस्तान से आतंकवाद का हमेशा के लिए खात्मा हो।÷ डीएम ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य जन-जागरूकता बढ़ाना और प्रशासनिक तैयारियों को परखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय परियोजनाएं टाइम से होंगी पूरी

■ बिहार में नोडल अफसर को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में नोडल अफसर अब 500 करोड़ से अधिक की बड़ी केन्द्रीय परियोजनाओं का 15 दिनों पर निरीक्षण करेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। केंद्रीय परियोजनाएं समय पर पूरी हो और इनमें किसी भी प्रकार का विलंब न हो इसके लिए सरकार गंभीर है। इसी को देखते हुए नयी व्यवस्था लागू की गयी है। इस समय प्रदेश में दो लाख करोड़ से अधिक की केंद्रीय परियोजना चल रही हैं। दरअसल, योजनाएं समय पर पूरी हो इसके लिए जिलों के पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए। अब इसी कड़ी में विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ जिलाधिकारियों को नए सिरे से केंद्रीय परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले दिनों मुख्य सचिव के स्तर पर केंद्रीय परियोजनाओं की समीक्षा की गई थी। इसमें प्रदेश में चल रही श्रम मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, रेलवे, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया।

### दूध टैंकर ने कार को मारी टक्कर, डॉक्टर की मौत

■ सीतामढ़ी–मोकामा मार्ग पर हादसा, पत्नी–बेटा और ड्राइवर गंभीर; महुआ बाजार में मातम



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के महुआ बाजार में शुक्रवार सुबह इलाके के युवा चिकित्सक डॉ. प्रिंस कुमार की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे अपनी पत्नी और छोटे बेटे के साथ सीतामढ़ी से मोकामा ड्यूटी के लिए जा रहे थे। तभी झपहां गांव के पास उनकी कार को एक दूध टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि डॉ. प्रिंस की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनकी पत्नी, बेटा और वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। मृतक डॉ. प्रिंस महुआ बाजार के प्रसिद्ध स्वर्ण व्यवसायी विजय गुप्ता के मंझले बेटे थे। जैसे ही हादसे की खबर महुआ पहुंची, उनके पैतृक निवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। नगर परिषद सभापति नवीन चंद्र भारती, पूर्व प्रखंड उप-प्रमुख सत्येंद्र कुमार, व्यापारी संघ के सचिव अमर गुप्ता, समेत सैकड़ों लोग मृतक चिकित्सक के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। डॉ. प्रिंस न सिर्फ एक योग्य डॉक्टर थे, बल्कि अपने व्यवहार से भी लोगों में काफी लोकप्रिय थे। उनकी असमय मौत ने न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### गया प्रशासन बुद्ध पूर्णिमा को लेकर अलर्ट : डीएम और एसएसपी ने की बैठक

**गया, एजेंसी।** गया में बुद्ध पूर्णिमा को प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। 12 मई के आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। बुधवार को बीटीएमसी सभागार में डीएम डॉ. त्यागराजन और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

# नालंदा में तिलक समारोह में फायरिंग:1 शख्स की मौत, 12 साल का बच्चा घायल

**परिजन बोले- टारगेट करके मारा है**

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के भागनबिहगा ओपी क्षेत्र में तिलक समारोह में फायरिंग हुई है। गोली लगने से एक शख्स की मौत हो गई। जबकि 12 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मोरतालाब गांव की है। जानकारी के मुताबिक बच्चू गोप के यहां तिलक समारोह के दौरान गोली चली है। डांस कार्यक्रम के दौरान अचानक एक युवक देशी कट्टा से फायरिंग करने लगे। गोली शुभम कुमार(12) के बांह में लगने के बाद सामने खड़े कौशलेन्द्र गोप(50) के पीठ में जा लगी।

आनन-फानन में दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कौशलेन्द्र की मौत हो गई। बच्चे की हालत खतरे से बाहर है। परिजनों का आरोप है कि पूर्व के विवाद में बच्चू गोप ने ही हत्या करवाई है। टारगेट करके मारा है। कुल



4 राउंड फायरिंग हुई है।

### गांव में तनाव का माहौल

मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर भागनबीघा ओपी में औपचारिक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए समीपवर्ती थानों की संयुक्त टीम छापेमारी कर रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। गांव में पुलिस कैंप कर रही है।

# मुजफ्फरपुर में भोज के दौरान दोस्त की हत्या

## शराब माफिया ने साथियों के साथ मिलकर सीने में मारी गोली

### सीसीटीवी से 2 आरोपियों की पहचान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के मुशहरी थाना क्षेत्र में दोस्त ने ही दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान हुई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मिथलेश कुमार अपने 2 दोस्त अंशु और चिंटू के साथ पूजा मार्केट में भोज खाने गया था। इस दौरान किसी बात को लेकर तीनों के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि अंशु ने मिथिलेश के सीने में गोली मार दी। गोली मारने के बाद दोनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। कुछ देर बाद मोबाइल बंद करके फरार हो गया।



### शराब तस्करी मामले में हुई थी गिरफ्तारी

आरोपी अंशु शराब का कारोबार करता है। कुछ महीने पहले दिघरा में शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पहले भी कई बार जेल जा चुका है। अंशु लोगों को कर्ज देने के साथ-साथ तस्करों को शराब का कारोबार करने के लिए उधार भी देता है।

### सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान

ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि हत्याकांड में 2 लोगों का नाम सामने आ रहा है। एक शराब कारोबारी अंशु है। दूसरे का नाम चिंटू है। तीन चार दिन पहले भी इन लोगों के बीच विवाद हुआ था। अस्पताल में लगे सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान कर ली गई है। टीम लगी हुई है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अब जीविका दीदी चलाएंगी अपनी डेयरी हर रोज 80 हजार लीटर दूध का उत्पादन



**पटना, एजेंसी।** जीविका दीदी अब अपनी डेयरी चलाएंगी। अब तक केवल दूध का उत्पादन करके बेचती थी। लेकिन अब वो अपनी डेयरी भी खोलेंगी। जीविका दीदियां कौशिका महिला दूध उत्पादक कंपनी लिमिटेड चला रही है। इस कंपनी के माध्यम से जीविका दीदी दूध का उत्पादन करती हैं। प्रतिदिन 80 हजार लीटर से अधिक दूध का उत्पादन होता है। अब इसकी पैकेजिंग भी जीविका दीदी करेंगी। बता दें कि जीविका दीदियों की ओर से इसकी शुरुआत वर्ष 2017 में की गयी थी। इसे व्यवसाय के रूप में वर्ष 2018 से शुरू किया गया। शुरुआत में छह सौ गांव की 36 हजार महिलाओं को दूध उत्पादन में लगाया गया था। लेकिन आज दो लाख से अधिक महिलाएं इसमें काम कर रही हैं। इन महिलाओं की सालाना 13 लाख 768 रुपया टर्नओवर है। हर जीविका दीदी 11 हजार से अधिक की कमाई भी कर रही है।

**मदर डेयरी और सुधा को होती है सप्लाई :** जीविका दीदियों द्वारा उत्पादित दूध मदर डेयरी और सुधा डेयरी को दिया जाता है। इसके लिए सभी जिलों में मिल्क पुलिंग प्वाइंट बनाया गया है। यहां पर जीविका दीदी से दूध लेने के बाद वहीं पर उन्हें ऑनलाइन पेमेंट किया जाता है। यहीं पर दीदियों से दूध का कलेक्शन किया जाता है। दूध लेने के बाद उसे तैयार किया जाता है। हर दिन जीविका दीदी 80 हजार लीटर से अधिक दूध को मदर डेयरी और सुधा को दी जाती है। बता दें कि सीमांचल प्रदेश में अभी भी सुधा की पहुंच नहीं हो पायी थी।

**जिनके पास एक गाय थी वो तीन से पांच गाय ले चुकीं :** कौशिकी महिला दूध उत्पादक कंपनी लिमिटेड में जुड़ने के बाद दीदियों ने गाय खरीदना शुरू किया। जिन दीदियों के पास एक गाय थी वो तीन से पांच गाय ले चुकी हैं। इनकी गाय को चारा देने के लिए जीविका द्वारा मदद की जाती है। अबतक 4898 मीट्रिक टन पशु आहार की आपूर्ति की गयी। वहीं कुल 116 मीट्रिक टन मिनरल मिश्रण की आपूर्ति की गई। वहीं 110 मीट्रिक टन हरे चारे की और 69513 डी-वार्मर की आपूर्ति जीविका दीदियों को किया गया है। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हिमांशु वर्मा ने कहा कि जीविका दीदी का एक बड़ा ग्रुप दूध का उत्पादन करता है। 80 हजार लीटर से अधिक दूध को विभिन्न डेयरी को बेचा जाता था।

# बैंक से रुपये निकालकर लौट रही महिला से छेड़छाड़

**बेतिया में तीन युवकों ने रुपये छीने, पंचायत के दावे से उलझा मामला**

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में बैंक से पैसे निकालकर लौट रही एक महिला के साथ छेड़छाड़, मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि तीन आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। मामला महिला थाने तक पहुंच गया है, जहां पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र का है।

### घर लौटते वक्त छेड़खानी का आरोप

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 4 मई को वह बैंक से 10 हजार रुपये निकालकर घर लौट रही थी, तभी गांव के तीन युवकों ने रास्ते में उसे घेर लिया। युवकों ने उसके साथ जबरन अश्लील हरकतें कीं और धमकी दी कि अगर उसने विरोध किया तो उसका अश्लील वीडियो वायरल कर देंगे। महिला के मुताबिक, विरोध करने पर युवकों ने महिला से मारपीट कर 10 हजार रुपये भी छीन लिए। बाद में वह किसी तरह घर पहुंची तो आरोपी वहां भी पहुंच गए और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए।

### आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत

इस घटना को लेकर गांव में पंचायत भी हुई। इसके बाद महिला थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। महिला के पति की मौत करीब 20 साल पहले हो चुकी है। उसके तीन बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है और वह गांव के ही एक व्यक्ति के साथ रहती है।

### पंचायत प्रतिनिधि के दावे से उलझा मामला

इधर, शिकारपुर थाने पहुंचे पंचायत प्रतिनिधि राजू वर्मा ने महिला के आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि महिला गांव के एक मुस्लिम व्यक्ति के साथ सरेह में आपत्तिजनक स्थिति में देखी गई थी। गांव के युवकों ने इसका वीडियो बना लिया और पंचायत में मामला लाया गया। पंचायत ने महिला को सलाह दी कि या तो वे दोनों शादी करें या गांव छोड़ दें। पंचायत के अनुसार, इसी से नाराज होकर महिला ने थाने में आरोप लगाए हैं।

### महिला की शिकायत पर जांच शुरू

शिकारपुर थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। महिला को आवेदन देने को कहा गया है। आवेदन मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी प्रमाण पत्र से नियुक्त 11 शिक्षक चिन्हित, कार्रवाई शुरू

**बक्सर में एक ही प्रमाण पत्र से नियुक्ति, 9 अनुपस्थित; तीन बीईओ का वेतन रोका**



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में बड़ा खुलासा हुआ है। एक ही प्रमाण पत्र पर 11 शिक्षकों को नियुक्ति दी गई। इनमें से लगातार अनुपस्थित 9 शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि चौसा और ब्रह्मपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिक्षक नियुक्ति में फर्जीवाड़े और अनुपस्थित शिक्षकों पर स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। इसके चलते चौसा, सिमरी और ब्रह्मपुर के तीनों बीईओ का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### विद्यालय वाहनों में अनियमितता पर सख्त रुख

अवैध रूप से संचालित विद्यालय वाहनों की पहचान कर उनके खिलाफ भी सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। वाहन परिचालन अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### नोडल अधिकारी की नियुक्ति

मॉडल स्कूल परियोजना को सफल बनाने के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) को एमपी हाई स्कूल के लिए नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उन्हें विभागीय मानकों के अनुरूप स्कूल को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### फर्जीवाड़ा साबित होने पर एफआईआर के निर्देश

बैठक में उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि नियोजन इकाइयों के लंबित मामलों का निष्पादन एक पक्ष में किया जाए। वहीं, जिन शिक्षकों पर फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति का आरोप सिद्ध हो चुका है, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी और वेतन की वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि टोला सेवकों और तालीमी मरकज की गतिविधियों की भी जांच करें। अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मॉडल स्कूल योजना पर भी उठे सवाल

समीक्षात्मक बैठक में एमपी उच्च विद्यालय, बक्सर को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना की समीक्षा की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिससे नाराज होकर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### मोबाइल दुकान से लूट का 6 घंटे के अंदर खुलासा: पटना में आधा दर्जन मोबाइल के साथ धराए दो आरोपी

**पटना, एजेंसी।** पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई मोबाइल दुकान की लूट का पुलिस ने 6 घंटे में खुलासा कर दिया। पश्चिम दरवाजा स्थित कॉमर्शियल मोबाइल दुकान से अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की थी। पुलिस ने टेक्निकल और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रिंस कुमार और विशाल कुमार आलमगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार के अनुसार, आरोपियों से लूटे गए 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इसके अलावा एक देसी कट्टा और घटना में इस्तेमाल किए गए हेलमेट और गमछा भी बरामद हुआ है। पुलिस अब आरोपियों के अपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। इसके साथ ही पटना और आसपास के क्षेत्रों में उनकी संलिप्तता वाली अन्य लूट की घटनाओं का पता लगाया जा रहा है।

**आलमगंज के इलाके में छिपे थे आरोपी :** एसडीपीओ डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि मोबाइल दुकान में लूट करने वाले अपराधी आलमगंज के इलाके में छिपे हैं। पुलिस ने आलमगंज इलाके में छापेमारी कर विशाल कुमार और प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके पास से लूटे गए 6 मोबाइल को जब्त किया है। अब पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि अब तक गिरफ्तार दोनों अपराधियों ने पटना और आसपास के इलाकों में कहां-कहां और कितने लूट कांड को अंजाम दिया है।

# सेवकों को दो पंचायतों का दायित्व न सौंपे : डीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सिमडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायती राज कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर गहन चर्चा की गई। डीसी ने अधिकारियों को किसी भी पंचायत सेवक को दो पंचायतों का दायित्व नहीं सौंपने का निर्देश दिया, ताकि प्रत्येक पंचायत में योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान डीसी ने 15 वें वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए और जहां भी अनियमितता मिले, वहां आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन योजनाओं को लाभुक समिति के माध्यम से क्रियान्वित किया जाना था, यदि वहां किसी निजी व्यक्ति द्वारा कार्य किया गया है, तो उसकी जांच कर समुचित कार्रवाई की जाए। डीसी ने 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित सोलर जलमिनर योजना की समीक्षा करते हुए बंद पड़े जलमिनारों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचता है। कुरडेग प्रखंड में नवनिर्मित पंचायत भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के निर्देश भी दिए गए। ठेठईटांगर प्रखंड में जिला परिषद द्वारा बनाए जा रहे शव दाह गृह की समीक्षा करते हुए डीसी ने शीघ्र कार्य पूर्ण कर समिति का गठन कर उसे हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार केरसई, बांसजोर और कोलेबिरा प्रखंड में निर्मित बस स्टैंडों के संचालन के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, आईटीडीए निदेशक सरोजिनी केरकेट्टा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## डूबने से बालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में तालाब में नहा रहे आठ वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन सहित पूरे गांव में कोहराम मचा गया। घटना के सम्बंध में ग्रामीण अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे गांव के एक तालाब में करीब एक दर्जन बच्चे स्नान कर रहा था। इसी दौरान सूचना मिला कि एक बच्चा डूब गया है। लोगों ने खोजबीन शुरू किया और मृत बच्चे को पानी से बाहर निकाला। मृत बच्चे की पहचान डुमरी गांव निवासी बलराम सिंह के दुसरे पुत्र आठ वर्षीय पुत्र जयबीर कुमार के रूप में हुई। जिसे पुलिस द्वारा पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ ले जाया गया। घटना पर परिजन सहित पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। किसी ने बताया कि शौचालय के बाद पानी छूने गया। इसी दौरान पैर फिसल गया और डूब गया।

# प्रतिक्रिया : महिला : ऑपरेशन सिंदूर के सामने आंतकवादी हुए नेस्तनाबूत


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रामगढ़।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए देशवासियों के परिजन एवं देशवासी ऑपरेशन सुहाग का नाम सुनकर काफी संतोष हुआ। यह आतंकवादियों की ओर से मारे गए लोगों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारे सेना के जवानों ने आतंकवादियों के मांद को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों के कैंप को नेस्तानाबूत कर दिया। विद्या देवी, गृहणी आतंकवादियों ने जिस तरह हमारी बेटियों के सिंदूर मिटाए, उसके बाद यह करारा जवाब है। इस ऑपरेशन का नाम सुनते ही मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैं सरकार का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि बहनों के सिंदूर का बदला केंद्र की सरकार ने ले लिया है। पूनम माली, गृहणी पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए देशवासियों के प्रति अपनी संवेदनाए व्यक्त करते हुए ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, कि मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने 26 देशवासियों की मौत का बदला ले लिया। जिस तरह से उन्होंने पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों को करारा जवाब दिया, यह हमारे शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। हेमा देवी, गृहणी मैं लगातार खबरें देख रही थी। मैं भारतीय सेना को सलाम करती हूं और प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने देश की जनता का दर्द समझा। जिस तरह से भारतीय सेना ने पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद को खत्म किया है, उसके लिए मैं हमारी सेना को धन्यवाद देती हूं। जब से हमने यह खबर सुनी है, तब से हमसभी हल्का महसूस कर रहे है।

# रेड क्रॉस समर्पण और मानवता की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**लोहरदगा।** विश्व रेड क्रास डे के अवसर पर इंडियन रेड क्रास सोसाइटी, लोहरदगा इकाई द्वारा यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में गुरुवार को जागरूकता शिविर और ब्लड कैंप में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सोसाइटी के चेयरमैन डा गणेश प्रसाद मौजूद रहे। स्कूल के प्राचार्य बीके बालंजिनप्पा, लाइफ मेंबर संजय बर्मन भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। सोसाइटी के लाइफ मेंबर संजय बर्मन ने कहा कि आज की पीढ़ी को केवल शिक्षित होना ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनना भी आवश्यक है। रेड क्रास के माध्यम से समाज सेवा के मूल्यों को आत्मसात करना बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा। शिविर में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार की विधियां, आपातकालीन स्थिति में उठाए जाने वाले कदम, रक्तदान के लाभ और स्वच्छता संबंधी उपायों की जानकारी दी। शिविर को इंटरैक्टिव बनाया गया। जिससे बच्चों ने खुलकर सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। रक्तदान के लिए उत्साहित नजर आए युवा रेडक्रास के रक्तदान शिविर प्रभारी देशराज गोयल की अगुवाई में ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगा। इस शिविर में युवाओं का जोश और जनभागीदारी अनुकरणीय रही।

## अज्ञात युवक का शव बरामद

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के नईसराय स्थित चौधरी कॉलोनी में गुरुवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव कॉलोनी के एक मकान के पीछे झाड़ियों में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से नशीले पदार्थ और खाली सिरिंज बरामद की है। युवक की मौत नशे के ओवरडोज से होने की आशंका जताई जा रही है।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने महिला संवाद में महिलाओं को किया प्रोत्साहित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** नालंदा के ग्रामीण इलाकों में निवास करनेवाले ग्रामीणों के बीच बिहार सरकार द्वारा चलायी जा रही महिला सशक्तीकरण की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और उनके इलाके के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी आकांक्षाओं के अदान प्रदान के लिए चलाये जा रहे एक महत्वाकांक्षी अभियान महिला संवाद के क्रम में आज नूरसराय के चंडासी में लगभग 250 से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। चलित वीडियो वाहन के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, महिला उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं एवं परियोजनाओं की जानकारी चलचित्र के रूप में लोगों को दिखायी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बिहार सरकार द्वारा चलायी जा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की और ग्रामीणों की आकांक्षाओं को सुना। सभी को इन योजनाओं से समुचित लाभ लेने की हिदायत दी। मंत्री ने बताया कि किस तरह आवास योजना, नल-जल योजना, पोशाक योजना, साइकिल योजना से लोग लाभान्वित हो रहे है और बिहार का सर्वांगीण विकास हो रहा है। संवाद में आदर्श गांधी मध्य विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अपने अपने अनुभव साझा किए। बताया कि कैसे दूसरे प्रदेशों की महिलायें भी बिहार सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर शिक्षिका के रूप में कार्य कर पा रही हैं। उन्होंने बिहार के मुखामंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया और संवाद में मौजूद महिलाओं को अपने बच्चों को पढ़ाने लिखाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रियान्वित योजनाओं कार्यों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आए सकारात्मक बदलाव पर विस्तृत संवाद किये जाने एवं सरकार के स्तर पर गोजनाओं के सूत्रण एवं नीति निर्धारण में महिलाओं की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समाहित करने के उद्देश्य से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन सभी जीविका महिला ग्राम संगठन स्तर पर 18 अप्रैल 2025 से आरंभ है। जिलें में सभी 20 प्रखंडों में जीविका द्वारा गठित कुल 2214 ग्राम संगठन स्तर पर महिला संवाद का आयोजन किया जाना है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में टेबल टेनिस टीम स्पर्धाएं रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न, महाराष्ट्र और तमिलनाडु को स्वर्ण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत राजगीर अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित टेबल टेनिस की टीम स्पर्धाएं गुरुवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुईं। देशभर की प्रतिभावान टीमों ने स्वर्ण और कांस्य पदकों के लिए खेले गए मुकाबलों में अद्भुत जुझारूपन, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। लड़कियों के स्वर्ण पदक मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम ने पश्चिम बंगाल को 11-6, 11-9, 11-8 से सीधे सेटों में हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे मैच में महाराष्ट्र की खिलाड़ियों ने तेज सर्विस और सटीक शॉट्स से प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। वहीं लड़कों के स्वर्ण पदक मुकाबले में तमिलनाडु ने असम को 7-11, 11-9, 11-9, 11-9 से हराकर शानदार वापसी करते हुए 3-1 से मुकाबला जीता। पहले सेट में पिछड़ने के बावजूद तमिलनाडु ने संयम और रणनीतिक समझदारी से खेल पलट दिया। लड़कियों के कांस्य पदक मुकाबले में तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को 11-8, 12-10, 11-7 से हराया। दूसरा सेट बेहद रोमांचक रहा, जिसे तमिलनाडु ने 12-10 से जीतकर मुकाबले की दिशा तय कर दी। लड़कों की कांस्य पदक भिड़ंत में दिल्ली ने महाराष्ट्र को 11-7, 8-11, 14-12, 11-7 से शिकस्त दी। खासकर तीसरा सेट 14-12 के संघर्षपूर्ण स्कोर के साथ दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि और नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। टीम स्पर्धाओं के समाप्त होते ही अब खेल प्रेमियों की नजरें एकल प्रतियोगिताओं पर टिक गई हैं, जिनके क्वार्टर फाइनल मुकाबले शुक्रवार से शुरू होंगे। राजगीर का यह भव्य खेल परिसर एक बार फिर देश के उभरते टेबल टेनिस सितारों के कौशल का साक्षी बनने को तैयार है।


**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ / एसी / टी / 14 / 25 - 26 (खुली) दिनांक: 06.05.2025** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन - 713301 द्वारा निम्न-लिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **केस सं.: ओ-एसी-टी-14-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/आई/एएसएन के अधीन एईएन/II/ एएसएन के अधिकार क्षेत्र में बीआर संख्या 541 से हंप केबिन, बीआर संख्या 541 से एसटीएन पर दुर्गा मंदिर, बीआरआर कॉलोनी रोड और एसएलएस-धामगुरिया पहुंच मार्ग और सहायक कार्य के लिए सड़क की सतह की मरम्मत के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 57,20,606.88; **बयाना राशि:** रु. 1,14,400.00; **कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 6 (छह) माह; **समापन की तिथि एवं समय:** 02.06.2025 को 12.00 बजे। पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

(ASN-36/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**सं.ओएच/2/1/जनरल.दिनांक:07.05.2025** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/2, हावड़ा, पूर्वी रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं, जिनमें सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **सीनियर डीईएन/ 2/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत, क्रम.: (1); निविदा सं. : 18_2025-26; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अंतर्गत एसएसई / पी.वे /ई / बीडब्ल्यूएन पर पी.वे रखरखाव कार्य (एचबीसी लाइन किमी 66/0-104/0, एमएल 90/27-104/0 के बीच); एसएसई/पी.वे/ई/बीडब्ल्यूएन पर पी.वे रखरखाव कार्य; **अनुमानित लागत:** रु. 1,76,75,239.19; **बयाना राशि:** रु. 2,38,400.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य; क्रम सं.: **(2); निविदा सं.: 19_2025-26; कार्य का विवरण:** एईएन/डीकेएई के अधीन एसएसई/पी.वे/डीकेएई के एसीसीएल कॉम्प्लेक्स, डीडीजे-डीकेएई, आरसीडी-बीटीएनजी, बीजेडएल-आरसीडी शाखा में पी.वे रखरखाव कार्य; **अनुमानित लागत:** रु. 1,47,61,039.55; **बयाना राशि:** रु. 2,23,800.00; **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य; **पूर्णता अवधि:** क्रम सं. 1 और 2 के लिए 12 (बारह) महीने। **निविदा की समाप्ति तिथि एवं समय:** 29.05.2025 को 14.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ अगले कार्य दिवस पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-79/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/ पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/ई-नीलामी/2025** **दिनांक. 07.05.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, हावड़ा मंडल, डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: सूची क्रम: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-16; नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय: 22.05.2025, 12:00 बजे। अनुक्रम सं.; लॉट सं. एवं विवरण क्रमानुसार: **एए/1;** एडीवीटी-आईइनईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर2-25-1 (विज्ञापन - रेलगाड़ी का आंतरिक एवं बाह्य भाग); हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच वाली ईएमयू रेक की समस्त साइड दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइन-एज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर तथा कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना। **एए/2;** एडीवीटी-आईइनईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर8-25-1(विज्ञापन - रेलगाड़ी का आंतरिक एवं बाह्य भाग); हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच वाली ईएमयू रेक की समस्त साइड दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर तथा कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना।

(HWH-77/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**सं. सीओएम/सीएटीजी/नया आवंटन/ई-निविदा/2022** **दिनांक: 07.05.2025**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्वी रेलवे, 4वीं मंजिल, रेल यात्री निवास, न्यू कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा जीएमयू के माध्यम से 05 वर्ष की अवधि के लिए खानपान सेवाएं प्रदान करने के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमें a) न्यूनतम 03 (तीन) वर्ष का खानपान व्यवसाय का अनुभव, b) खानपान व्यवसाय से पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक में सांकेतिक लाइसेंस शुल्क का न्यूनतम 03 (तीन) गुना वार्षिक टर्नओवर और c) पिछले तीन वित्तीय वर्षों में लाभ या हानि + संचित भंडार + न्यूनतम रु। 03 (तीन) लाख का शेयर पूंजी। **क्रम.सं.; निविदा सूचना सं.; स्टेशन; स्थान; आरक्षण श्रेणी; आरक्षित मूल्य/सांकेतिक लाइसेंस शुल्क (प्रति वर्ष); संविदात्मक मूल्य; ईएमडी (संविदात्मक मूल्य का 2%); निविदा दस्तावेज की लागत और जीएसटी (निविदा दस्तावेज की लागत पर 12%)** क्रमानुसार :

**हावड़ा मंडल के 'ए1' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**(1); आर2-जीएमयू-एचडब्ल्यूएच-एनसी-एसटी-पीएफईएनडी6; हावड़ा;** न्यू कॉम्प्लेक्स/ साउथ कॉन्कोर्स / पीएफ एंड / 6 से; जीएमयू-जनरल; रु. 28,17,683.00; रु. 1,46,51,952.00; रु. 2,93,100.00; रु. 5,000.00; रु. 600.00;

**हावड़ा मंडल के 'ए' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**(2); आर2-जीएमयू-सीएटीजी-आरपीएच-पीएफ2-3-2;** रामपुरहाट; पीएफ-2&3/ एफओबी एवं पीएफ शेड के बीच/बीएचपी एंड (नंबर 2); जीएमयू-लेडीज; रु.5,22,842.00; रु. 27,18,779.00; रु. 54,400.00; रु. 3,000.00; रु. 360.00;

**हावड़ा मंडल के 'बी' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**(3); आर5-जीएमयू-कैटजी-बीएचपी-पीएफ2-3;** बोलपुर; पीएफ-2&3; जीएमयू-साधारण; रु. 4,66,319.00; रु. 24,24,859.00; रु. 48,500.00; रु. 3,000.00; रु. 360.00;

**हावड़ा मंडल के 'सी' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**(4); आर8-जीएमयू-सीएटीजी-जीबीआरए-पीएफ1;** गोबरा; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 75,912.00; रु. 3,94,743.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(5); आर8-जीएमयू-सीएटीजी-बीजीएनए-पीएफ1;** बलगोना; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 66,887.00; रु. 3,47,813.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(6); आर11-जीएमयू-सीएटीजी-बीएलवाई-पीएफ1-1ए;** बाली; पीएफ-1&1ए; जीएमयू-महिला; रु. 2,30,804.00; रु. 12,00,181.00; रु. 24,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(7); आर10-जीएमयू-सीएटीजी-केओजी-पीएफ1-2;** कोन्नगर; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 2,30,804.00; रु. 12,00,181.00; रु. 24,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(8); आरई14-जीएमयू-सीएटीजी-बीईक्यू-पीएफ5;** बेलूर; पीएफ-5; जीएमयू-महिला; रु. 2,44,935.00; रु. 12,73,662.00; रु. 25,500.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(9); आरई14-जीएमयू-सीएटीजी-यूपीए-पीएफ1-2;** उत्तरपाड़ा; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 2,30,804.00; रु. 12,00,181.00; रु. 24,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(10); आरई6-जीएमयू-सीएटीजी-एलएलएच-पीएफ5;** लिलुआ; पीएफ-5; जीएमयू-महिला; रु. 2,87,328.00; रु. 14,94,106.00; रु. 29,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(11); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एसएमएई-पीएफ1;** समुद्रगढ़; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 1,06,356.00; रु. 5,53,052.00 रु. 11,100.00; रु. 2000.00; रु. 240.00. **(12); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एमयूजी-पीएफ2-3;** मगरा; पीएफ-2 व 3; जीएमयू-साधारण; रु. 85,482.00; रु. 4,44,507.00; रु. 8,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(13); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एसआईयू-पीएफ1;** सिंगुर; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 82,229.00; रु. 4,27,591.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120. **(14); आर ई13-जीएमयू-सीएटीजी-एजीएई-पीएफ1;** अग्रद्वीप; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 95,621.00; रु. 4,97,230.00; रु. 10,000.00; रु. 1000.00; रु. 120.00. **(15); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-बीएएचडब्ल्यू-पीएफ1;** बाहिरखण्ड; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 1,02,723.00 रु. 5,34,160.00; रु. 10,700.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(16); आरई13-जीएमयू-कैटजी-बीएलएई-पीएफ1;** बलरामबाटी; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु.75,912.00; रु.3,94,743.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(17); आरई13-जीएमयू-कैटजी-बीएचएलए-पीएफ1;** बेहुला; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 1,06,356.00; रु. 5,53,052.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(18); आरई13-जीएमयू-कैटजी-बीएफजेड-पीएफ1;** भांडारटिकुरी; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 88,799.00; रु. 4,61,755.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(19); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-जीआरएई-पीएफ1ए;** गुरप; पीएफ-1ए; जीएमयू-महिला; रु.75,912.00; रु. 3,94,743.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(20); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एलकेएक्स-पीएफ1;** लक्ष्मीपुर; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 88,799.00; रु. 4,61,755.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; स्टॉल का आकार: 10' X 6' यानि 60 वर्ग फीट **(21); आरई13-जीएमयू-कैटजी-एलओके-पीएफ1;** लोकनाथ; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 69,895.00; रु. 3,63,454.00; रु. 7,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; स्टॉल का आकार: 5' X 6' यानि 30 वर्ग फीट **(22); आरई13-जीएमयू-कैटजी-एमयूयू-पीएफ1;** मनकुंडु; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 95,621.00; रु. 4,97,230.00; रु.10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(23); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एमबीई-पीएफ1;** मिर्जापुर बांकीपुर; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 75,935.00; रु. 3,94,862.00. रु. 7,900.00, रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(24); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-पीएलएई-पीएफ1;** पल्सिट; पीएफ-1; जीएमयू-महिला; रु. 82,229.00; रु. 4,27,591.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(25); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एसएलजी-पीएफ1;** सिमलागढ़; पीएफ-1; जीएमयू-देवियों; रु.82,229.00; रु. 4,27,591.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(26); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-टीबीएई-पीएफ1-2;** ट्रिबेनी; पीएफ-1&2; जीएमयू-महिला; रु. 95,621.00; रु. 4,97,230.00; रु. 10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(27); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-बीसीजीएम-पीएफ1;** बैंचीग्राम; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 82,229.00; रु. 4,27,591.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(28); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-बीजीएई-पीएफ1;** बालागढ़; पीएफ-1; जीएमयू-जनरल; रु. 1,13,810.00; रु. 5,91,812.00, रु. 11,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(29); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-बीएमएई-पीएफ1-2;** बेलमुरी; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 66,887.00; रु. 3,47,813.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(30); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-बीएचआर-पीएफ3;** भद्रेश्वर; पीएफ-3; जीएमयू-साधारण; रु. 95,621.00; रु. 4,97,230.00; रु. 10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; **(31); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-सीडीएई-पीएफ1-2;** चंदनपुर; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 66,887.00; रु. 3,47,813.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; स्टॉल का आकार: 10' X 6' यानि 60 वर्ग फीट, क्रम सं. 22 से 31 के लिए; **(32); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-डीईए-पीएफ1;** दियारा; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 69,895.00; रु. 3,63,454.00; रु. 7,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. स्टॉल का आकार : 5' X 6' अर्थात 30 वर्ग फीट। **(33); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-डीटीए-पीएफ1;** धात्रीग्राम; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 1,06,356.00; रु. 5,53,052.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(34); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-डीएमएलई-पीएफ1;** डुमुरदाहा; पीएफ-1; जीएमयू-सामान्य; रु. 1,06,356.00; रु. 5,53,052.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(35); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-जीएफएई-पीएफ1;** गरिफा; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 88,799.00; रु. 4,61,755.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; स्टॉल का आकार: 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फीट, क्रम सं. 33 से 35 तक; **(36); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एचपीएल-पीएफ1;** हरिपाल; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 64,525.00; रु. 3,35,530.00; रु. 6,800.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. स्टॉल का आकार : 5' X 6' यानि 30 वर्ग फीट **(37); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एचआईएच-पीएफ1-2;** हाजीगढ़; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 66,887.00; रु. 3,47,813.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; स्टॉल का आकार : 10' X 6' यानि 60 वर्ग फीट **(38); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एचवाईजी-पीएफ1;** हुगली घाट; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 75,479.00; रु. 3,92,491.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; स्टॉल का आकार : 5' X 6' अर्थात 30 वर्ग फीट **(39); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-जेआरएई-पीएफ1;** जौग्राम; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 75,912.00; रु. 3,94,743.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(40); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-जेपीक्यू-पीएफ1;** झापंडांगा; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 75,912.00; रु. 3,94,743.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(41); आरई13-जीएमयू-कैटजी-जे आईटी- पीएफ1;** जिरट; पी एफ-1; जीएमयू-साधारण; रु.1,06,356.00; रु. 5,53,052.00; रु. 11,100.00. रु. 2,000.00; रु. 240.00; स्टॉल का आकार: 10' X 6' यानि 60 वर्ग फीट, क्रम सं. 39 से 41 के लिए। **(42); आरई13-जी एमयू-कैटजी-के के एई-पीएफ1;** कैकला; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 69,895.00; रु. 3,63,454.00; रु. 7,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. स्टॉल का आकार : 5' X 6' अर्थात 30 वर्ग फीट **(43); आरई13-जीएमयू-कैटजी-केएमएई-पीएफ1-2;** खमरगाछी; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 95,621.00; रु. 4,97,230.00; रु. 10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(44); आरई13-जीएमयू-कैटजी-केएचएन-पीएफ1;** खन्यन; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 82,229.00; रु. 4,27,591.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(45); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-केजेयू-पीएफ1;** कुंतीघाट; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु.1,13,810.00; रु. 5,91,812.00; रु. 11,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(46); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एमडीएसई-पीएफ1;** मधुसूदनपुर; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 75,912.00; रु. 3,94,743.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(47); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एमएवाईपी-पीएफ1;** मायापुर; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 64,013.00; रु. 3,32,868.00; रु. 6,700.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(48); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एनबीएई-पीएफ1;** नवग्राम; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 75,912.00; रु. 3,94,743.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(49); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एनएसएफ-पीएफ1;** नसीबपुर; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 88,799.00; रु. 4,61,755.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(50); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-पीबीजेड-पीएफ1-2;** पोराबाजार; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 66,887.00; रु. 3,47,813.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00, रु. 120.00. **(51); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-एसओएई-पीएफ1;** सोमरा बाजार; पीएफ-1; जीएमयू-साधारण; रु. 1,13,810.00; रु. 5,91,812.00; रु 11,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(52); आरई13-जीएमयू-सीएटीजी-पीआरएई-पीएफ1-2;** पाल्ला रोड रोड; पीएफ-1&2; जीएमयू-साधारण; रु. 66,887.00; रु. 3,47,813.00; रु. 7,000.00, रु. 1,000.00; रु. 120.00; स्टॉल का आकार: 10' X 6' यानि 60 वर्ग फीट, क्रम सं. 41 से 52 के लिए। अंतिम तिथि: 23.05.2025 सभी क्रम संख्याओं के लिए। **सभी क्रम के लिए अंतिम तिथि:** 23.05.2025. **टिप्पणी : (1)** टेंडर दस्तावेज़ की लागत पर 12% जीएसटी राशि फॉरवर्ड चार्ज के माध्यम से एकत्र की जाती है। **( 2 )** टेंडर दस्तावेज़ की उपलब्धता: **www.ireps.gov.in** (3) अनुबंध की अवधि: 05 वर्ष। **(4)** प्रस्ताव की वैधता: 60 दिन। (5) बोलियाँ केवल ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी हैं। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-74/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 08-05-2025 22:06 Page 1



# सदर अस्पताल में लगी भीषण आग

## अग्निशमन टीम के देर से पहुंचने पर लोगों में आक्रोश

### अस्पताल परिसर में मची अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** सदर अस्पताल में भीषण आग लग गई। आग लगते ही अस्पताल में अफरातफरी का माहौल हो गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और अग्निशमन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

अस्पताल में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सदर अस्पताल परिसर में स्थित पुरानी इमारत में अचानक आग लग गई। पहले धुआं दिखाई पड़ा और फिर आग की तेज लपटें दिखाई पड़ने लगी। आग लगते देख वहां मौजूद लोग चिल्लाने लगे। देखते ही देखते वहां काफी भीड़ जमा हो गई। अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल हो गया। घटनास्थल पर जुटे लोग आग को नियंत्रित करने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग बुझने के बजाय और तेज हो गयी।

आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम काफी देर बाद घटनास्थल पर पहुंची, जिस वजह से लोगों में इस बात का आक्रोश भी था। अग्निशमन के आने से पहले ही वहां मौजूद लोग और आसपास के दुकानदार बाल्टी लेकर आग बुझाने



लगे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला प्रशासन और अस्पताल प्रशासन ने आग लगने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं निश्चित समय पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पायी, जिस वजह से काफी नुकसान हुआ। अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जांच की जा रही है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत, लोगों का हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** शहर के मेडिकल हब लाइन बाजार स्थित बिहार टॉकीज रोड पर एक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए आई महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान अमौर थाना क्षेत्र के मंगलपुर निवासी अनमोल यादव की पत्नी प्रियांशी यादव के रूप में हुई है। एक वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। मौत की खबर फैलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की। साथ ही महिला का शव तीन घंटे तक मुख्य सड़क पर रखकर बिहारी टॉकीज रोड को जाम कर दिया।

स्थिति बिगड़ते देख पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा, सदर एसडीपीओ प्रभारी, के.हाट थाना, फणीश्वरनाथ टीओपी और सहायक खजांची थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ और जाम हटाया गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए उसे घर ले गए। मृतका के पति अनमोल यादव ने बताया कि मंगलवार शाम प्रसव पीड़ा उठने पर वे पत्नी को डॉ. सुस्मिता प्रसाद के अस्पताल में लाए थे। डॉक्टरों ने सुरक्षित डिलीवरी के नाम पर उन्हें भर्ती कर 51 हजार रुपये वसूल लिए। ऑपरेशन के बाद प्रियांशी ने एक बेटे को जन्म दिया और शुरूआत में वह ठीक थी, लेकिन कुछ देर बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। डॉक्टरों ने ब्लड चढ़ाने की बात कही, जिसके बाद परिजनों ने किसी तरह ब्लड की व्यवस्था की, लेकिन उसे चढ़ाया जा सके, इससे पहले ही प्रियांशी की मौत हो गई। अनमोल का आरोप है कि डॉक्टर और कंपाउंडर उनसे सवाल-जवाब से बचते हुए मौके से भाग निकले। अस्पताल संचालिका डॉ. सुस्मिता प्रसाद ने कहा कि प्रियांशी पहले से उनकी मरीज थीं और वह गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंची थीं। उसे खून की भारी कमी थी और समय पर ब्लड की व्यवस्था करने को कहा गया था, लेकिन देरी के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# हर घर नल का जल योजना पर सरकार का फोकस

## 27,225 में से 25,525 के समाधान करने का दावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल के तहत लोगों को साफ और निरंतर पानी देने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। पिछले पांच महीनों में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को जलापूर्ति से जुड़ी कुल 27,225 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 25,525 शिकायतों का समाधान सफलतापूर्वक कर दिया गया है। यह जानकारी विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग की केंद्रीय शिकायत निवारण प्रणाली के जरिए राज्यभर से आई शिकायतों को तेजी से हल किया गया है। इससे यह साबित होता है कि विभाग जल आपूर्ति के प्रति पूरी तरह से जिम्मेदार और सक्रिय है।

मंत्री ने बताया कि जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो सका है, उनमें अधिकतर मामलों में बड़े स्तर पर मरम्मत या निर्माण की जरूरत है। इन पर भी तेजी से काम चल रहा है ताकि सभी ग्रामीणों को जल्द ही लगातार साफ पानी मिल सके। शिकायतों की प्राप्ति के स्रोत भी बताए गए। सबसे ज्यादा 9,399 शिकायतें वेब पोर्टल के



जरिए, 7,779 टोल फ्री नंबर से और 4,999 जिला नियंत्रण कक्ष से मिलीं। इसके अलावा व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप, ईमेल और सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। पिछले पांच महीनों में विभाग को मोटर मरम्मत से जुड़ी 2,449, बिजली और स्टार्टर से संबंधित 1,259 और पाइप लीकेज की 5,530 शिकायतें मिलीं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया गया।

मंत्री ने बताया कि विभाग ने शिकायतों के समाधान के लिए तीन स्तर की निगरानी प्रणाली बनाई है। राज्य, प्रमंडल और पंप हाउस स्तर पर। राज्य के 49 प्रमंडलों में नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं और हर पंप हाउस पर शिकायत रजिस्टर भी रखा गया है। लोग अपनी शिकायतें टोल-फ्री नंबर 1800-123-1121, 1800-345-1121 और 155367, व्हाट्सएप नंबर 8544429024 और 8544429082, स्वच्छ नीर ऐप के जरिए दर्ज करा सकते हैं।

# अब काम के आधार पर होगी ट्रांसफर-पोस्टिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि अंचलाधिकारियों का पदस्थापन उनके काम के आधार पर होगा। अंचलाधिकारी भी कर्मचारियों के पदस्थापन में इसी मानदंड का पालन करें। वे गुरुवार को यहां भूमि सुधार उपसमाहत्ताओं और अंचलाधिकारियों की दो दिवसीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता के काम को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। दाखिल-खारिज के अस्वीकृत करने के मामले में पश्चिम चंपारण के चनपटिया, अररिया के पलासी, मधुबनी के बाबूबरही, पूर्वी चंपारण के मधुबन, हाजीपुर, एवं कुढ़नी की प्रगति की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया गया।

मंत्री ने स्पष्ट कहा कि बगैर सुनवाई के रिजेक्शन बर्दाश्त नहीं करेंगे। निर्धारित समयसीमा बीतने के बाद भी दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की समीक्षा मुजफ्फरपुर के मुसहरी, अररिया के रानीगंज, पूर्णिया ईस्ट सदर, अररिया के फारबिसगंज, सीतामढ़ी के डुमरा अंचल की प्रगति रिपोर्ट पर विभागीय मंत्री ने असंतोष व्यक्त किया।

परिमार्जन प्लस पोर्टल पर जमाबंदी के डिजिटाइजेशन के मामले की समीक्षा में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। पूर्णिया ईस्ट के साथ-साथ कटिहार के कुसेर्ला, समस्तीपुर के रोसड़ा, वैशाली के भगवानपुर, पश्चिम चंपारण के जोगापट्टी और पिपरासी, मधुबनी के बासोपट्टी की प्रगति रिपोर्ट को असंतोषजनक बताया गया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव और विभागीय सचिव ने विभिन्न अंचलों के कार्य निष्पादन की गहन समीक्षा की। बैठक में प्रदर्शन के आधार पर अधिकारियों और पदाधिकारियों को स्पष्ट संकेत दिया गया कि जहां भी शिथिलता या लापरवाही पायी जा रही है, वहां कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# दहेज की खातिर नव विवाहिता की हत्या, बोरे में मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में दहेज के कारण एक नई-नवेली दुल्हन की हत्या कर दी गई। आरोप है कि 50 हजार रुपये दहेज की रकम बाकी रह जाने पर ससुराल वालों ने मिलकर उसे मार डाला। मरने वालों में देवर, सास, ससुर और ननद शामिल हैं। हत्या के बाद शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर देवर और बाकी ससुराल वाले बाइक से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सुनसान मक्के के खेत में फेंक आए। फिर देवर ने खुद मृतका के भाई को फोन कर झूठ बोला कि आपकी बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। जब लड़की का भाई और मायके वाले वहां पहुंचे तो देखा कि घर बाहर से बंद था और ससुराल वाले ताला लगाकर भाग चुके थे। मृतका की पहचान 20 साल की बुलबुल कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी शादी पिछले साल 12 मार्च को

### दहेज में 50 हजार रुपया रह गया था बाकी

कुंदन कुमार पंडित से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले 50 हजार रुपये के दहेज के लिए उसे लगातार तंग कर रहे थे।

बुलबुल कुमारी की हत्या के बाद उसके मायके वालों को गांव वालों ने न तो शव के बारे में बताया और न ही ससुराल वालों की कोई जानकारी दी। इसके बाद मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी और शव की तलाश शुरू हुई। कई जगहों पर ढूंढने के बाद भी जब शव नहीं मिला तो मायके वाले कुछ ग्रामीणों के साथ गांव के जंगल और झाड़ियों में खोजबीन करने लगे।

इसी दौरान मक्के के खेत में एक प्लास्टिक का बंद बोरा दिखाई दिया। बोरा संदिग्ध लगने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को बुलाया। जब पुलिस ने बोरा खोला तो उसमें बुलबुल का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। मृतका बुलबुल कुमारी पातेपुर थाना क्षेत्र के धनकौल गांव निवासी मनोज पंडित की बेटी थी। उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप है। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। बुलबुल के पति दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं और फिलहाल वहीं हैं। मृतका के भाई राजन कुमार पंडित ने बताया कि घटना के बाद से उसके बहनोई का फोन बंद आ रहा है। इस मामले में जंदाहा थाना प्रभारी अरविंद पासवान ने बताया कि मक्के के खेत से एक विवाहिता का शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# ट्रक ने किशोर को कुचला, लोगों का हंगामा

**हाजीपुर।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर सदर थाना क्षेत्र के दौलतपुर चौक के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। मुजफ्फरपुर की तरफ से गलत साइड से आ रही एक ट्रक ने 14 साल के किशोर हिमांशु कुमार को कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हिमांशु भगवानपुर थाना क्षेत्र के सतपुर गांव का रहने वाला था और दौलतपुर गांव में अपने नानी के श्राद्ध में शामिल होने आया था।

हादसे के समय वह फल खरीदने के लिए चौक पर गया था। तभी ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रक को सड़क पर खड़ा कर जाम कर दिया। सूचना मिलने पर सदर थाना अध्यक्ष रविकांत पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और ट्रक को जब्त कर लिया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# शादी समारोह में हुए विवाद में एक की हत्या

## भतीजे ने कैंची से गोदकर ली चाचा की जान

- हत्यारा भतीजा गिरफ्तार
- परिजनों में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के भदई गांव में एक बरात समारोह के दौरान मामूली विवाद में भतीजे ने अपने चाचा की कैंची से गोदकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 60 वर्षीय दिलीप कुमार राम के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

परिजनों के अनुसार, सोमवार देर रात गांव में एक शादी समारोह था, जिसमें सभी परिजन शामिल हुए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बीच-बचाव के लिए दिलीप राम वहां पहुंचे, लेकिन तभी उनका भतीजा रजनीश कुमार (25) वहां



आया और अचानक कैंची से उन पर हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल दिलीप को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर हथौड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया। थाना प्रभारी मोहम्मद आलम ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रेलर और बालू लदे ट्रक की ठोकर से मची अफरातफरी

- लोगों ने जख्मी को भेजा अस्पताल
- थाना प्रभारी ने लिया स्थिति का जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर एक सड़क हादसा हो गया। यह घटना चंदा गांव के समीप उस समय हुई, जब एक ट्रेलर ट्रक ने आगे चल रहे बालू लदे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी। डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को सदर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घायल चालक की पहचान नहीं हो सकी थी।



मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर नासरीगंज से बालू लेकर आ रहा था और जैसे ही वह चंदा गांव के समीप टोल प्लाजा से पहले पहुंचा, उसकी गति पर नियंत्रण टूट गया और आगे धीरे-धीरे चल रहे ट्रक में जा टकराया। हादसे की वजह से हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया।

हालांकि, इसकी सूचना मिलते ही नया भोजपुर के प्रभारी थानाध्यक्ष सुमन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को कब्जे में ले लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि भारी वाहनों की समय-समय पर तकनीकी जांच कराएं और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# मासूम की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के मानोपुर चौक करजान टोल निवासी अमरजीत साह की लगभग दो वर्षीय नतिनी रितिका कुमारी को बेखौफ अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मासूम बच्ची की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध में सड़क जाम कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। नानी घर आई मासूम बच्ची को बदमाशों ने बुधवार की शाम गोली मार कर हत्या कर दी। घटना मुख्तियारपुर पंचायत के मानोपुर करजान टोल के वार्ड संख्या 9 में घटी। मृतका की पहचान मानोपुर करजान टोल वार्ड संख्या 9 निवासी अमरजीत साह की नतिनी रीतिका कुमारी के रूप में की गई। मृतका काजीरसलपुर निवासी रंजन साह की इकलौती पुत्री के रूप में हुई है। उसकी मां निर्जला देवी नैहर आई हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि बदमाश बच्ची के नाना को खोजने घर पहुंचे। उसके घर पर नहीं रहने के कारण बदमाश नन्हीं बच्ची को गोली मार कर भाग गया।

# अरियांव को "शरीफ" बनाने पर विवाद

- सौहार्द बिगाड़ने की साजिश का आरोप
- प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग
- ग्रामीण दे रहे अभिलेखों का साक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरांव ।** बक्सर जिले के डुमरांव प्रखंड अंतर्गत अरियांव गांव में इन दिनों गांव के नाम को लेकर गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपते हुए आरोप लगाया है कि कुछ असामाजिक तत्व एक सुनियोजित साजिश के तहत गांव के ऐतिहासिक नाम अरियांव को बदलकर अरियांव शरीफ करने का प्रयास कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है, कि यह प्रयास न केवल उनके इतिहास और पहचान के साथ खिलवाड़ है, बल्कि इससे गांव में सांप्रदायिक तनाव फैलने की आशंका भी है। ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है, कि गांव में सभी जाति और धर्म के लोग वर्षों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ रह रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह नाम परिवर्तन एक पक्ष विशेष की ओर से मस्जिद कमेटी के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य गांव में द्वेष और मतभेद पैदा करना है। उन्होंने कहा कि ह्लअरियांवह्व एक प्राचीन गांव है, जिसकी स्थापना 1320 से पहले हुई थी और यह डुमरांव राज का जमींदारी गांव रहा है।

ग्रामीण विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि गांव का नाम 'अरियांव' सभी राजस्व अभिलेखों, जैसे खाता-खतियान, लगान रसीद, आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य सरकारी कागजों में दर्ज है। इस नाम को बदलने की किसी भी प्रकार की कोशिश से न केवल प्रशासनिक




समस्याएं बढ़ेंगी, बल्कि ग्रामीणों की भावनाएं भी आहत होंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्थान का नाम उसकी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक होता है, जिसे जबरन बदलने की कोशिश सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकती है।

ग्रामीण अजय सिंह, रमेश कुमार, मनोज सिंह, संजय सिंह, परमानंद सिंह, रघुवर दयाल उपाध्याय, रोहित गोड़, रितेश उपाध्याय, मोनू सिंह और पप्पू कमकर सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीणों ने आवेदन देकर डीएम से आग्रह किया है, कि नाम परिवर्तन की साजिश रचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और जहां कहीं भी अरियांव शरीफ लिखा गया है, उसे तत्काल हटाया जाए।

गांव के लोगों ने प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप करने की अपील की है, ताकि अरियांव गांव में वर्षों से चली आ रही भाईचारा और शांति बनी रहे।

मामले की जांच के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया जा रहा है। बक्सर जिले के लोग सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते रहे हैं।

# अंचलों में जल्द शुरू होगी नयी व्यवस्था

## सीएससी की बढ़ेंगी जिम्मेवारी और आमदनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आम जनता को राजस्व से जुड़ी सेवाएं अब अधिक सुलभ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

विभाग ने निर्णय लिया है कि सभी कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से आनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके तहत जमीन संबंधी दस्तावेजों की जांच, दाखिल-खारिज, भू-मापी, एलपीसी प्राप्ति, परिमार्जन आवेदन आदि सेवाओं के लिए अब आम लोग सीधे सीएससी के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

पंजी-02 देखने के लिए 10 रुपये प्रति जमाबंदी, पंजी-02 व लगान भुगतान 20 रुपये प्रति जमाबंदी एवं भुगतेय लगान की राशि, दाखिल-खारिज आवेदन 40 रुपये प्रति आवेदन एवं दस्तावेजों की स्कैनिंग/अपलोडिंग हेतु 0.50 पैसे प्रति पृष्ठ, भू-मापी हेतु आवेदन 40 रुपये प्रति आवेदन एवं स्कैनिंग हेतु 0.50 पैसे प्रति पृष्ठ, एसएमएस अलर्ट सुविधा हेतु ऑनलाइन आवेदन 10 रुपये प्रति जमाबंदी।

इसी तरह परिमार्जन हेतु आवेदन 30 रुपये प्रति आवेदन एवं स्कैनिंग हेतु 0.50 पैसे प्रति पृष्ठ, एलपीसी हेतु आवेदन 30 रुपये प्रति आवेदन एवं स्कैनिंग हेतु 0.50 पैसे प्रति पृष्ठ, राजस्व न्यायालय में वाद दायर करना 40 रुपये प्रति आवेदन एवं स्कैनिंग हेतु 0.50 पैसे प्रति पृष्ठ।

भू-अभिलेख पोर्टल से अभिप्रमाणित प्रति प्राप्ति 20 रुपये प्रति दस्तावेज (प्रिंटिंग शुल्क अतिरिक्त जो सीएससी द्वारा निर्धारित होगा)। यह सेवा आमजन जिले में स्थित किसी भी सीएससी से प्राप्त कर सकते हैं। अंचल में भी एक सीएससी स्थापित किया जा रहा है। ताकि अतिरिक्त सुविधा प्रदान की जा सके।

# हर्ष फायरिंग में अधेड़ की मौत, दो गंभीर

- तिलक में नाच रही थी बालाएं
- गोली चलने से मची भगदड़
- जानबुझकर गोली चलाने का आरोप
- पुलिस ने लिया घटनास्थल का जायजा
- समारोह में पसरा मातमी सन्नाटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** भागनबिगहा ओपी क्षेत्र के मोरा तालाब नवादापर गांव में तिलक समारोह में बार बालाओं के नाच के दौरान हुए हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई जबकि दो बालक जख्मी हो गया है।

मृतक स्व चंदों यादव का 58 वर्षीय पुत्र कौशलेंद्र गोप है। जबकि जख्मी दीपक यादव का 5 वर्षीय पुत्र राजकरण बाबू और श्रवण यादव का 9 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार है। मरने वाला अधेड़ के स्वजन पूर्व के विवाद में जानबूझ कर गोली मार कर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

मृतका की पत्नी रीना देवी और रिश्तेदार तन्नू यादव ने बताया कि गांव में बच्चू यादव के पुत्र का तिलक समारोह था। तिलक समारोह में बार बालाओं के नाच का प्रोग्राम चल रहा था। गांव के नाते कौशलेंद्र यादव भी नाच देखने गए हुए थे। इसी दौरान जानबूझ कर बच्चू यादव के इशारे पर बदमाश ने उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे गोली लगने से कौशलेंद्र समेत समेत तीन लोग जख्मी हो गए।

गोली की आवाज सुनकर परिवार वाले वहां पहुंचे और सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने कौशलेंद्र को मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों का आरोप है कि पूर्व में बच्चू यादव ने कौशलेंद्र के भाई की हत्या कर दी थी। इसी विवाद में इस हत्या को अंजाम दिया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही भागनबिगहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं । प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद



सिंह ने बताया कि गांव में तिलक समारोह में नाच प्रोग्राम चल रहा था, इसी दौरान गोलीबारी में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई है। जबकि दो बच्चा जख्मी हो गया है । मामले की छानबीन की जा रही है।

# महिला ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**खोदावंदपुर।** बदमाशों के भय से भयभीत गरीब परिवार ने जान माल की सुरक्षा की गुहार एसपी से लगाई है। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या एक स्थित सदर बाजार मोहल्ला निवासी मो. साजन की पत्नी सहनाज परवीन ने एसपी को आवेदन देकर बताया कि इसके पड़ोसी गंडोरी सहनी, गंडोरी सहनी की पत्नी रेखा देवी, उनका पुत्र करण कुमार, पुत्री रूपम कुमारी, रानी कुमारी अन्य दो-तीन बदमाशों के साथ उनके घर में घुसकर बराबर गाली-गलौज करते हैं और मारपीट करते हैं। पीड़िता ने बताया है कि उनकी झोपड़ी को हटाने के लिए ये सभी लोग दबाव दे रहे हैं।

# कई स्टेशनों से करोड़ों के गबन की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय में राजकीय रेल थाना बछवाड़ा के अधीन शाहपुर पटोरी, मोहिउद्दीन नगर एवं विद्यापति धाम रेलवे स्टेशन की सरकारी आय नौ करोड़ रुपये से अधिक गबन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

इस संबंध में शाहपुर पटोरी स्टेशन के वाणिज्य अधीक्षक सुबोध कुमार राय, मोहिउद्दीन नगर स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक सूर्यकांत चौधरी एवं विद्यापति धाम रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक मुन्ना कुमार ने संयुक्त रूप से गबन की शिकायत राजकीय रेल थाना बछवाड़ा में की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर एवं उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक गांधी मैदान पटना के बीच अक्टूबर 2002 में रेल शक्ति प्रोजेक्ट करारनामा हुआ था। करारनामा के बाद स्टेशन से सरकारी आय को प्रतिदिन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अधिकृत हिताची कंपनी के वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र के चमरहरा निवासी शिवदयाल सिंह के पुत्र अनीश रंजन सिंह के द्वारा अक्टूबर 2020 से भारतीय स्टेट बैंक में जमा कराया जा रहा था।लेखा विभाग हाजीपुर एवं सोनपुर टीम के द्वारा वित्तीय वर्ष 2020 से 2025 के बीच हुए वित्तीय गबन के संयुक्त जांच के दौरान अनीश रंजन सिंह के द्वारा नौ करोड़ तीन लाख 15 हजार एक सौ उनसठ रुपये गबन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपित के द्वारा रेल कैश गबन के साथ-साथ स्टेशन मास्टर के परिचालन कार्य में व्यस्त होने का फायदा उठाकर मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक का स्टेशन पर उपलब्ध रेल आय जमा से संबंधित रिकार्ड एवं जमा स्लिप भी गायब कर दिया गया है।

आरोपित पर शाहपुर पटोरी रेलवे स्टेशन से चार करोड़ 57 लाख 36 हजार 19 रुपये, मोहिउद्दीन नगर से दो करोड़ 33 लाख छह हजार एक सौ एकतालीस रुपये, विद्यापति धाम स्टेशन से दो करोड़ 12 लाख 72 हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये गबन किए जाने की शिकायत की है। अधिकारियों ने चल रही जांच में गबन की गई राशि बढ़ने की संभावना व्यक्त की है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक पहुंचे जदयू कार्यालय

## चुनाव तैयारी में जोर शोर से जुटे रहने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए इधर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। वह गुरूवार को बिना पूर्व सूचना के अचानक जदयू कार्यालय पहुंच गए। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी थे। बिना पूर्व सूचना के मुख्यमंत्री के पार्टी कार्यालय आने से जदयू नेता और कार्यकर्ता अचंभित हो गए। जदयू कार्यालय में उस वक्त पार्टी प्रवक्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी जब मुख्यमंत्री वहां पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कार्यालय परिसर के भवनों का मुआयना किया और पार्टी पदाधिकारियों से कई जानकारी ली। इसके बाद वह जदयू कार्यालय से



निकल गए। सूत्रों के अनुसार जदयू के प्रवक्ता पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ आगामी चुनावों और पार्टी की रणनीति पर चर्चा कर रहे थे। बैठक बंद कमरे में चल रही थी और इसमें केवल कुछ ही लोगों को शामिल किया गया था। तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक वहां पहुंचे जिससे सभी उपस्थित लोग हैरान रह गए। मुख्यमंत्री को देखकर कमरे में मौजूद लोगों के चेहरे पर आश्चर्य और उत्सुकता साफ झलक रही थी। जदयू प्रवक्ताओं ने तुरंत मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी दी। नीतीश कुमार ने कुछ देर तक चर्चा में भाग लिया और फिर वहां से चले गए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और चुनाव तैयारी में जोरशोर से जुटे रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर पार्टी कार्यकर्ता काफी खुश हो गए और नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं, एक तस्वीर को लेकर बिहार के सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार तेज हो गया। दरअसल, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की जिसमें उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी थे। तस्वीर को शेयर करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने लिखा- पटना में आज मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार मुलाकात। इस तस्वीर में नीतीश कुमार की नजरें उपेंद्र कुशवाहा की ओर है। वह मुस्कुराते हुए उपेंद्र कुशवाहा को देख रहे हैं। वहीं उपेंद्र कुशवाहा मुस्कुराते हुए कैमरे की तरफ देख रहे हैं। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के अंदर सीट शेयरिंग से लेकर कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। ऐसे में मुलाकात को लेकर कई कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं इन दोनों मामलों को लेकर जदयू नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पार्टी के सभी महत्वपूर्ण मामलों में सक्रिय रूप से शामिल रहते हैं। यह मुलाकात भी उसी का एक हिस्सा थी। इसमें कोई असामान्य बात नहीं है। वहीं उपेंद्र कुशवाहा का भी कहना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वह शिष्टाचार मुलाकात के तहत मिलने गए थे।

# केंद्र सरकार के हर फैसले के साथ खड़े हैं : तेजस्वी

## मीडिया से हाथ जोड़कर कहा कि आप सेना की योजना और गतिविधियों को न दिखाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरूवार को मीडिया के सामने अचानक हाथ जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मैं हाथ जोड़ रहा हूं कि आप भारतीय सेना से जुड़े किसी भी गतिविधि को न दिखाएं। आप भारत सरकार और सेना के द्वारा जो योजना बनाई जा रही है उनको न दिखाएं। तेजस्वी ने कहा कि कई न्यूज चैनल इन चीजों को दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में जब सीरियल ब्लास्ट हुआ था और उसे जिस तरीके से दिखाया जा रहा था, उससे आतंकी लगातार अपनी योजना बदल रहे थे। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं फिर कहता हूं कि आप भारत सरकार के गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि हम सभी केंद्र सरकार के हर फैसले के साथ खड़े हैं। देश की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए




हमें सेना की हर कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए। यह वक्त सियासत का नहीं है। देश हित सर्वोपरि है,क्योंकि देश के बिना हम कुछ नहीं हैं। सेना का शौर्य हर जगह बुलंद रहना चाहिए। यही देशहित में होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने पहले भी इतिहास रचा है और इस बार भी आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। तेजस्वी ने कहा कि सरकार को जो निर्णय लेना है आगे ले। सेना को जो निर्णय लेना है आगे ले हम लोग पूरी तरह सरकार और सेना के साथ खड़े हैं जब उनसे पूछा गया कि क्या आगे और भी सेना को कार्रवाई करना चाहिए तो उन्होंने कहा कि मैं कौन होता हूं? मैं कुछ नहीं हूं, मैं तो सिर्फ यह कह रहा हूं सेना जो कुछ करेगी, सरकार जो भी कुछ करेगी हम लोग पूरी तरह उनके समर्थन में है और उनके पीछे खड़े हैं।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-कोडरमा-बानादाग रेलखंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-बंधुआ-कोडरमा-बानादाग रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से जायजा लिया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा बंधुआ-कोडरमा रेलखंड के मध्य 140 किमी प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने हजारीबाग टाउन स्टेशन पर यात्री सुरक्षा एवं सुविधा का भी जायजा लिया। इसके उपरांत महाप्रबंधक एनटीपीसी के कोल लोडिंग साइडिंग, बानाडाग पहुंचे जहां उन्होंने



एनटीपीसी के महाप्रबंधक (इन्फ्रा) एस.के.दूबे एवं परियोजना प्रमुख एस.के.दाश के साथ साइडिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत एनटीपीसी के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक भी की जिसमें साइडिंग के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास तथा कोल लोडिंग को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डा. मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक इंदू रानी दूबे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण रामाश्रय पाण्डेय, प्रधान मुख्य इंजीनियर शैलेश वर्मा सहित मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके साथ ही दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी तथा धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा अपने-अपने मंडलों के क्षेत्राधिकार में उपस्थित रहे।

# लू से बचाव को लेकर सिन्हा कॉलेज एनएसएस इकाई ने चलाया जागरूकता अभियान

## आर. डी. पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को दिया गया महत्वपूर्ण संदेश

नवबिहार टाइम्स बयूरो

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को आर. डी. पब्लिक स्कूल, सिन्हा कॉलेज मोड़ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भीषण गर्मी और लू के खतरों से सचेत करना और उससे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीव रंजन ने विषय प्रवेश से किया। उन्होंने बच्चों को इस मौसम में लू से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य संकटों




के प्रति आगाह किया और कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। वहीं, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी ने अपने संबोधन में लू से बचाव के लिए जरूरी खानपान, परिधान और दिनचर्या से जुड़ी सतर्कताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी में पानी की कमी और गलत खानपान गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। कार्यक्रम का संचालन सीनियर स्वयंसेवक शुभम ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार ने किया। इस अवसर पर आर. डी. पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर देवकुमार भी उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों ऋतिक और अनीश ने भी अपने विचार रखते हुए लू से बचाव के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समयानुकूल आयोजन छात्रों में सामाजिक चेतना का संचार करते हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी ने जानकारी दी कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। एनएसएस समन्वयक डॉ. संजीव रंजन ने बताया कि कॉलेज की एनएसएस इकाई समय-समय पर समाज के हित में ऐसे अभियान चलाती रही है और आगे भी अपने दायित्व का निर्वहन करती रहेगी।

# भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े पहुंचे पटना

## दो दिन एनडीए के बड़े नेताओं के साथ कर सकते हैं बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े गुरुवार को पटना पहुंचे। भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत किया। विनोद तावड़े का स्वागत करने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी एयरपोर्ट पहुंचे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार विनोद तावड़े दो दिन एनडीए के बड़े नेताओं के साथ बैठक कर सकते हैं। मालूम हो कि बीते दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले जदयू के बड़े नेताओं के साथ बैठक की थी। उसके बाद उन्होंने एनडीए के बड़े नेताओं के साथ बैठक की। इसी बीच अब विनोद तावड़े पटना पहुंचे हैं। भाजपा नेताओं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जो चर्चा हुई है, उसी पर आगे बातचीत हो सकती है। पटना एयर पोर्ट पर जब दिलीप जायसवाल से सवाल किया गया कि सभी दलों के साथ बैठक की जा रही है तो इस पर उन्होंने कुछ भी बोलना मुनासिब नहीं समझा। हां इतना जरूर कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी लोगों ने सेना के पराक्रम और शौर्य का सैल्यूट किया। उन्होंने कहा कि अभी ऑपरेशन जारी रहेगा। एक-एक आतंकवादी को ढूंढ-ढूंढ कर खात्मा करेंगे, यह मोदी जी का वादा है।

# मगध विश्वविद्यालय में एनइपी हेल्प डेस्क की स्थापना, छात्रों में दिखा विशेष उत्साह

## अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर विद्यार्थियों को दी गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विस्तृत जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मगध विश्वविद्यालय में मानवविकी संकाय द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान एनईपी हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से संबंधित बिंदुओं पर प्रतिभागियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को सही जानकारी प्रदान करना तथा उनके संदेहों का समाधान करना था। इस हेल्प डेस्क का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत एनइपी सारथियों–विवेक कुमार, आशीष कुमार एवं राजनीति विज्ञान के शोधार्थी छोटू कुमार ने किया। उन्होंने न केवल नीति से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को स्पष्ट किया बल्कि एनईपी सारथी गतिविधि कैलेंडर-2025 के




अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों में छात्रों की भागीदारी के लिए उन्हें प्रेरित भी किया। इस दौरान आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. मुकेश कुमार, एनईपी समन्वयक डॉ. प्रियंका सिंह, सारथी समन्वयक डॉ. एकता वर्मा, एवं सारथी मेंटर डॉ. दीपशिखा, डॉ. वंदना, डॉ. कविता, डॉ. ममता मेहरा और डॉ. अंसारी की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने प्रश्नों व जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और एनईपी-2020 के प्रति गहरी रुचि दिखाई। यह आयोजन न केवल जानकारीपूर्ण रहा, बल्कि विद्यार्थियों को भारत के भविष्य की शिक्षा प्रणाली से सीधे जुड़ने का एक सशक्त मंच भी प्रदान किया।

# इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से लड़ेगा बिहार विधानसभा का चुनाव : कृष्णा अल्लावरु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु गुरूवार को कहा कि महागठबंधन की 18 मई को होने वाली बैठक में घटक दलों के बीच चुनावी रणनीति पर गहरी चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से चुनाव लड़ेगा और इसमे शामिल कोई भी पार्टी कहीं से अकेले चुनाव नहीं लड़ेगी। अल्लावरु आज पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि18 मई को होने वाली बैठक में महागठबंधन के छह प्रमुख दलों के जिला स्तर के नेता शामिल होंगे। इन दलों में राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा- माले और विकासशील इंसान पार्टी शामिल हैं। यह बैठक जिला स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की बैठक में आगामी 20 मई को वाम दलों द्वारा प्रस्तावित बंद को लेकर भी रणनीति तय की जाएगी। यह बैठक गठबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगी ताकि जमीनी स्तर पर चुनावी गतिविधियों को सही दिशा में बढ़ाया जा सके। कृष्णा अल्लावरु ने बैठक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह महागठबंधन के लिए एक मजबूत कदम साबित होगा जिससे विधानसभा चुनाव की तैयारी और भी सशक्त होगी। महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि सही समय पर इसकी घोषणा कर दी जायेगी। अल्लावरू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सुरक्षा से कभी समझौता नहीं करेगी और वह हर परिस्थिति में सरकार के साथ खड़ी है। देश की सुरक्षा को लेकर कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि हमारी सेना ने जो कमाल किया है, हम देश की सुरक्षा से कभी समझौता नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के साथ है और हर परिस्थिति में सरकार के साथ खड़ी है। इस बीच कांग्रेस ने इस बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले टिकट देने के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही एक लिंक आएगा। इस लिंक पर क्लिक करते ही एक फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में दिए गए सभी जानकारी को भरने के बाद आवेदक चुनाव में टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स अनिल इंन्टरप्राइजेज प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति शैलेश प्रसाद जो अवर निबंधन कार्यालय मसौढ़ी पटना में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी रीता देवी, पुत्र-कुणाल कुमार, पुत्री-बेबी कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. शैलेश प्रसाद की मृत्यु 30 अप्रैल 2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक



रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 720 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.21600/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 5,25,000-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवास स्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआई कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है। इस सादे समारोह में अभिषेक कुमार, सहायक निदेशक, पूर्वी क्षेत्र भी उपस्थित थे।

# पाक का पूरा ऑपरेशन जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सख्त लहजे में कहा पाक का पूरा ऑपरेशन जरूरी है जिस तरह से भारत के विभाजन के बाद से ही पाकिस्तान बना तब से अब तक हमने चार युद्ध उससे लड़े-1947-48,1965,1971,1999 कई सर्जिकल और एयर स्ट्राइक भी किया। इसके बावजूद भी पाकिस्तान रह-रह कर भारत को घाव देता रहा है जिस तरह से पाकिस्तान भारत के लिए कैंसर का रूप ले चुका है, उसका पूरा ऑपरेशन करना जरूरी है। आधे-अधूरे ऑपरेशन/इलाज से काम नहीं चलेगा। याद रखिए ये मुहम्मद गोरी, गजनी, तैमूर और खिलजी के वंशज हैं। पृथ्वीराज ने गोरी को 17 युद्ध में हराया था मगर एक बार मौका मिलते ही गोरी ने पृथ्वीराज के साथ कैसा सलूक किया इतिहास साक्षी है। अतः पाकिस्तान का ऐसा ऑपरेशन हो, ऐसी स्थिति में ला दिया जाए कि पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाए। तभी भारत में सुख-शांति-चैन रहेगी। आतंकी घटनाएं बंद होगी। यही हमारी बहादुर सेना की सोच है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तानी आई एस आई एजेंसी और पाक पोषित आतंकी तीनों के नेटवर्क को ध्वस्त करेगी। भारतीय सेना तब जा के पाकिस्तान फौज की कमर टूटेगी। इसके बाद ही भारत चैन और शांति से बैठेगा। अन्यथा पुनः वह हमें जख्म देने के लिए तैयार हो जाएगा। पाकिस्तान को ऐसी स्थिति में भारतीय सेना ला दे फिर से वह अपने पैर पर खड़ा होने लायक ही न बचे। पाकिस्तान के चार टुकड़े हो जाएगा, पाकिस्तान में सिविलियन सरकार भारत बना देगी।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजद कार्यालय के बाहर लगा पोस्टर

## पोस्टर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को दी गई बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में की गई कार्रवाई के बाद देशभर में उत्साह देखा जा रहा है। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के नेता भी भारतीय सेना को बधाई दे रहे हैं और उस पर गर्व कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को राजद की ओर से पूरे पटना में पोस्टर लगवा कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई दी गई है। राजद कार्यालय के बाहर लगाई गई पोस्टर में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी मौजूद हैं। तेजस्वी यादव के द्वारा पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोषों को श्रद्धांजलि देते हुए तस्वीर को भी लगाया गया है। पोस्टर में भारतीय सेना के विमान, भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर को दर्शाया गया है। पोस्टर में लिखा गया है 'जय हिन्द!




जय हिन्द ! जय हिन्द की सेना !!' इसके बाद लिखा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को लख-लख बधाईयां। हमें भारतीय सेना पर गर्व है। इसमें यह भी लिखा गया है कि एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो पाकी 9 आतंकी अड्डों को उड़ा सकती है एक चुटकी सिंदूर तुम्हारे घर में घुसकर तुम्हें तबाह कर सकती है एक चुटकी सिंदूर पीओके छीन सकती है एक चुटकी सिंदूर' इसके साथ ही आगे तारीफ करते हुए लिखा कि 'हिंद सेना जिंदाबाद-जिंदाबाद- जय हिन्द,जय सेना' इसके साथ ही तेजस्वी यादव की तस्वीर के साथ लिखा गया है कि भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई और उनके सिंदूर की रक्षा की है। पोस्टर को राजद नेताओं के द्वारा लगवाई गई है। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर ट्विट कर भी भारतीय सेना को धन्यवाद दिया था। तेजस्वी यादव ने लिखा था कि भारत, भारतीयों और भारतीय सेना ने कभी भी अपने देश में किसी भी प्रकार के आतंकवाद और अलगाववाद को बर्दाश्त नहीं किया है और न ही कभी करेंगे।

# श्री श्याम बाबा मंदिर की 21वीं वर्षगांठ में दिखा श्रद्धा-भक्ति का अनूठा संगम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर प्रांगण में श्री रानी सती दादी, श्री श्याम बाबा, हनुमान जी तथा शिव परिवार के विग्रहों की 21वीं स्थापना वर्षगांठ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि वैशाख शुक्ल एकादशी के पुण्य अवसर पर यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और परमानंद का केंद्र बना रहा। मुख्य यजमान निर्मला देवी और संतोष बंका ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिविधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंदिरों की सज्जा देसी और विदेशी पुष्पों से कोलकाता के विशिष्ट कारीगरों ने की। यह इतनी भव्यता से की गई कि प्रत्येक दर्शनार्थी श्रद्धा से नतमस्तक होता दिखाई दिया।

# महिला कॉलेजों के छात्रावास होंगे दुरुस्त, हर सप्ताह विशेष रूप से सुनेंगे कॉलेजों की परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महिला कॉलेजों में छात्रावास की सुविधा को दुरुस्त किया जाएगा। वहां छात्राओं को रहने की व्यवस्था होगी। यह सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर उपस्थिति के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों के मेरिट बने इसके लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। गुरुवार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक में यह बातें नव नियुक्त प्रभारी कुलपति डा. इंद्रजीत सिंह ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि छात्रावास व अन्य संसाधनों को दुरुस्त करने के लिए विभिन्न कंपनी व पीएसयू के सीएसआर फंड का



सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एमपी, एमएलए के फंड को लेकर प्राचार्यों को भी अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए। इससे महाविद्यालय में आवश्यक संसाधन मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि हर कॉलेजों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्द्धा कराया जाएगा। इसके लिए सभी को स्वच्छता को लेकर आइएसओ सर्टिफिकेशन आवश्यक रूप कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों से जुड़ी समस्या या विकास से जुड़े मामले को लेकर हर सप्ताह बुधवार को प्राचार्यों से मिलेंगे। इस दौरान प्राचार्य अपनी समस्या को लिखित रूप से देंगे और उसके समाधान की कवायद की जाएगी। उन्होंने सभी प्राचार्यों से अपने महाविद्यालय की एलुमिनाई बैठक नियमित रूप से करवाने, शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों के बायोमीट्रिक उपस्थिति कराने, मूल्यांकन के भुगतान तथा छात्राओं के अध्ययन के लिए क्षतिपूर्ति राशि को लेकर आवश्यक चर्चा की। इससे पूर्व कुलसचिव प्रो. एनके झा ने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला कॉलेजों या अन्य कॉलेजों में छात्राओं व एससी-एसटी नामांकन मद में क्षतिपूर्ति राशि को लेकर सरकार के स्तर पर लगभग सहमति बन गई है। आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। उम्मीद है कि 15-20 दिनों में क्षतिपूर्ति राशि कॉलेजों को भेज दिए जाएं।

# डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह बनाए गए सीडब्ल्यूसी के स्थायी आमंत्रित सदस्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति का स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनयन किया गया। इस मनोनयन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह को शुभकामनाएं दिया और बिहार के लिए गर्व का विषय बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह का मनोनयन किया। इस आशय का पत्र संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जारी किया। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अलावे विधानसभा में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, सांसद मनोज राम, अजय चौधरी, मोतीलाल शर्मा, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मंजीत आनंद साहू, शशि रंजन, सुबोध कुमार सिंह, आनंद माधव, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, सौरभ सिंहा, राजकुमार राजन, बंटी चौधरी, गरीब दास, राजीव मेहता, सहित अन्य नेतागण ने बधाई दी।

## संपादकीय

# आतंक के खिलाफ निर्णायक जंग की ओर भारत

पहलगाम हमले के बाद जिस तरह दुनिया के अनेक देश भारत के समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं, उससे निश्चय ही पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध को बल मिला है। सब जानते हैं कि पाकिस्तान सदा से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को पोसता और एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह दुनिया में सबसे ऊपर के देशों में शुमार है। इसलिए चीन को छोड़ कर शायद ही किसी का पाकिस्तान को खुला समर्थन है। पहलगाम की घटना के बाद देश में जनाक्रोश है। पर सरकार अभी रणनीतिक रूप से संयम बरत रही है, तो उसकी वजहें साफ हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा है कि सैन्य कार्रवाई समस्या का समाधान नहीं है। मगर रूस, जापान, अमेरिका आदि ने आतंकवाद से निपटने में भारत का समर्थन किया है। फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पहलगाम हमले के बाद से ही वह लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है। वह संघर्ष विराम का उल्लंघन कर एक तरह से भारत को उकसा रहा है। यह तो साफ है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई काफी नहीं है। उसके खिलाफ लंबे वक्त की रणनीति बना कर हमले करने होंगे। इसलिए सरकार ने पहले उस पर आर्थिक आघात करने का निर्णय किया। उसमें सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया गया, पाकिस्तान से किसी भी प्रकार का आयात-निर्यात रोक दिया गया। माली बदहाली के बुरे दौर से गुजर रहे पाकिस्तान पर ये दो बड़े हमले हैं। उसके बाद सेनाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी गई है। अब कई राज्यों में हवाई हमलों के वक्त नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा के अभ्यास कराए गए हैं। आपरेशन सिंदूर के बाद जाहिर है, जमीनी जंग की तैयारियां भी चल रही हैं। हालांकि कुछ लोग अब भी दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि पाकिस्तान पर हमले में देर नहीं होनी चाहिए। मगर अब तक के अनुभवों से जाहिर है कि तात्कालिक प्रतिक्रिया में की गई कार्रवाइयों का कोई उल्लेखनीय और स्थायी प्रभाव नहीं पड़ा है। पुलवामा और उड़ी हमले के बाद सेना ने पाकिस्तान सीमा में घुस कर लक्षित हमले किए थे, पर हकीकत यही है कि वहां आतंकी प्रशिक्षण शिविर बंद नहीं हुए हैं। ऐसे में, अगर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध के लिए ठंडे दिमाग से रणनीति बनाई जा रही है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि उसका उल्लेखनीय नतीजा निकल सकता है। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को संरक्षण और प्रशिक्षण देती रही हैं।

# ...तो क्या 'ऑपरेशन सिंदूर'

## प्रतिरक्षात्मक मायने को समझ पाएगी -आतंकी दुनिया? या फिर.....!

**......और हां, इंडियन आर्मी या एयरफोर्स या नेवी ने या फिर उनकी संयुक्त कमान ने पाकिस्तान की सरजमीं पर घुसकर ऐसा निर्णायक प्रहार कोई पहली बार नहीं किया है, बल्कि उरी आतंकी हमले और पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी भारतीय सेनाएं ऐसा कर चुकी हैं। इससे उम्मीद बंधती है कि भारतीय सेना उचित समय पर पाकिस्तान का सही इलाज करना जानती है और उसकी राह में कोई भी अंतरराष्ट्रीय दबाव काम नहीं आता है। इसबार भी लगभग यही नजर आया।**

**कमलेश पांडे**

ताजा सैन्य कार्रवाई की खास बात यह है कि भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है और वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, जो भारत की शांतिप्रियता और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाता है।

पहलगाम 'सांप्रदायिक' आतंकी हमले के बाद भारत ने अपने पड़ोसी शत्रु देश पाकिस्तान के ऊपर आरोप लगाते हुए वहां स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर अपने इंडियन आर्मी के तीनों धड़ों के एक संयुक्त अभियान के मार्फ़त जो ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक किए हैं, वह भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की दिशा में उठाया हुआ एक उचित कदम है। उम्मीद है कि मोदी सरकार अब इस सिलसिले को थमने नहीं देगी, खासकर तबतक जबतक कि आतंकियों का समूल रूप से नाश नहीं हो जाए। सूत्रों के अनुसार खबर आ रही है कि पीएम आवास से पीएम मोदी पूरा ऑपरेशन देख रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी की नजर थी।

वहीं, एहतियाती तौर पर भारत सरकार ने अपने देश को इंडियन एयरफोर्स के सहारे हाई अलर्ट मोड पर रखे हुए है, ताकि पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जा सके। हमारा स्पष्ट मानना है कि भारत के इस पलटवार के प्रतिरक्षात्मक मायने को न केवल पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश और चीन को समझना चाहिए, बल्कि वर्ल्ड इस्लामिक काउंसिल (ओआईसी) और उनके आका पश्चिमी देशों को भी यह समझना चाहिए कि भारतीय जनभावनाओं की शांति के लिए ऐसा निर्णायक कदम उठाना भारत सरकार के लिए कितना जरूरी था।

......और हां, इंडियन आर्मी या एयरफोर्स या नेवी ने या फिर उनकी संयुक्त कमान ने पाकिस्तान की सरजमीं पर घुसकर ऐसा निर्णायक प्रहार कोई पहली बार नहीं किया है, बल्कि उरी आतंकी हमले और पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी भारतीय सेनाएं ऐसा कर चुकी हैं। इससे उम्मीद बंधती है कि भारतीय सेना उचित समय पर पाकिस्तान का सही इलाज करना जानती है और उसकी राह में कोई भी अंतरराष्ट्रीय दबाव काम नहीं आता है। इसबार भी लगभग यही नजर आया।

ताजा सैन्य कार्रवाई की खास बात यह है कि भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है और वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, जो भारत की शांतिप्रियता और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाता है। चूंकि भारत ने एक बार फिर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर जोरदार एयर और मिलिट्री स्ट्राइक की है, जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया गया है। लिहाजा इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मायने भी स्पष्ट हैं।

बता दें कि भारतीय संस्कृति में सिंदूर का विशेष महत्व है और इसकी लाज रखने के लिए भारतीय शूरवीरों और उनकी पटरानियों ने या फिर आम आदमी ने भी एक बार नहीं बल्कि बार-बार निर्णायक कदम उठाए हैं। जिनका पूरा वृत्तांत हमारी लोकगाथाओं में दर्ज है। समझा जाता है कि हिंदूवादी भारत सरकार ने उनसे प्रेरणा ली और करारा कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकिचाई। वैसे तो आजाद भारत में 1947 से शुरू हुए सांप्रदायिक दंगों और आतंकी या फियादीन हमलों में अपनी सुहाग यानी सिंदूर गंवाने वाली महिलाओं की संख्या अब लाखों में पहुंच चुकी है। इस लिहाज से बदला लेने की जो निर्णायक कार्रवाई अब शुरू की गई है, वह थमनी नहीं चाहिए। यही देशवासियों की अपेक्षा है।



बताया जाता है कि इस ताजातरीन 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर जो स्ट्राइक की गई है, उसकी सबसे पहले जानकारी रक्षा मंत्रालय ने ही दी है, जिसमें बताया गया है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है। इस क्रम में वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है। बल्कि भारतीय सेना ने स्पष्ट कहा है कि हमने पहले भी ऐलान किया था कि पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा और अब हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं। इससे हम समझ सकते हैं कि यहां देर आयद, दुरुस्त आयद की कहावत एक बार फिर से चरितार्थ की गई है।

बकौल रक्षा मंत्रालय, कुल मिलाकर, 9 स्थलों को निशाना बनाया गया है। हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और प्रकृति में गैर-उग्र रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

विश्वस्त अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक निशाना बनाए गए 9 ठिकानों में से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं। पाकिस्तान में स्थित ठिकानों में बहावलपुर, मुरीदके और सियालकोट शामिल हैं। जहां पर मौजूद आतंकी शिविरों को निशाना बनाने के लिए विशेष सटीक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। तीनों सेनाओं ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। वहीं, रक्षा विशेषज्ञ प्रफुल बख्शी ने कहा है कि, भारत ने ऐसा किया है। नौ जगहों को निशाना बनाया गया है। यह हवाई और तोपखाने से किया गया मिलाजुला हमला है। पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा और वे भी कहानियां बनाना शुरू कर देंगे। हमें एक बात याद रखनी चाहिए- पीओके पर कब्जा करने के लिए हमला ही एकमात्र उपाय नहीं है, हमें धीरे-धीरे इस पर कब्जा करना शुरू करना होगा। पीओके हमारा है और हम इसे लेंगे।

उधर, पाकिस्तान की सेना ने भी भारत की एयर स्ट्राइक को स्वीकार कर लिया है। उसने कहा है कि इस एयर स्ट्राइक में आठ लोगों की मौत हुई जबकि 33 लोग घायल हैं। पाकिस्तान के 6 ठिकानों पर 24 मिसाइल अटैक हुए हैं। हालांकि आपको स्पष्ट कर दें कि भारतीय सेना ने कहा है कि यह सभी ठिकाने आतंकियों के थे और उनको ही नुकसान पहुंचाया गया है। जहां बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई है। यहां पर जैश ए मोहम्मद का मुख्यालय है। वहीं मुरीदके में लश्कर के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। वहीं, श्रीनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताया है कि आज एयरफील्ड को बंद कर दिया गया है। वहीं कोई भी सिविल फ्लाइट श्रीनगर एयरपोर्ट से ऑपरेट नहीं होगी।

वहीं, भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे सीसीएस की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए और पूरे ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी ली। इससे पहले भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक के बाद सेना अब सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। जिसमें बताया गया है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू कर दिया है। उधर, पाकिस्तान में 48 घंटे के लिए लाहौर और सियालकोट एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है।

# सरसंघचालक की पहल से बदल सकती है जातिवाद की तस्वीर

**(योगेंद्र योगी)**


राजनीतिक सिद्धि के बावजूद यह प्रयास सकारात्मक ही माना जाएगा। भाजपा ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है।

राजनीतिक उद्देश्य के निहितार्थ ही सही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने अगड़े, पिछड़े और अंतरजातीय विवाह की शुरुआत

**सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वाराणसी में पिता बनकर 125 लड़कियों का कन्यादान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह समाज निर्माण का आधार है। इस भव्य समारोह में सवर्ण, दलित और पिछड़े समाज के 125 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।**

करा कर देश में जातिवाद के दुष्चक्र को तोडने् की दिशा में एक सकारात्मक पहल की है। देश की तरक्की और एकता-अखंडता का अक्षुण्ण रखने में समाज का जाति और उपजातियों में बंटा होना प्रमुख बाधा है। सदियों से चली आ रही जातिवाद की जड़े इतनी गहरी हैं कि इसको समूल उखाड़ कर देश का नवनिर्माण करना किसी दुष्कर चुनौती से कम नहीं है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वाराणसी में पिता बनकर 125 लड़कियों का कन्यादान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह समाज निर्माण का आधार है। इस भव्य समारोह में सवर्ण, दलित और पिछड़े समाज के 125 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इससे पहले भावगत और संघ परिवार कई बार हिन्दुओं की एकता की दुहाई दे चुके हैं। इस एकता में सबसे बड़ी बाधा जातिवाद है। आरएसएस की समझाइश के बावजूद जातिवाद का असर कम नहीं हुआ। इसके लिए सामूहिक विवाह की शुरुआत करा कर पहल की गई। जातिवाद तोडने् की दिशा में यह महज एक कदम है, जबकि फासला सैकड़ों मील का है। यह संभव है कि आरएसएस आगे भी इसी तरह की पहल को जारी रखे। एक-एक कदम बढ़ा कर ही शायद एक दिन बगैर जाति के राष्ट्रवाद का सपना साकार हो सके। इसमें अभी भी बाधाओं की कमी नहीं है। ऐसा नहीं है कि आरएसएस और भाजपा का इसमें कोई छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा नहीं है।

राजनीतिक सिद्धि के बावजूद यह प्रयास सकारात्मक ही माना जाएगा। भाजपा



ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है। इसका बड़ा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी देखने को मिला। इससे पहले भाजपा भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह राज्यों में बड़े नेताओं की बंधक बनी हुई थी। इन नेताओं की उपेक्षा करके चुनाव जीतना और किसी और को मुख्यमंत्री बनाना संभव नहीं था, किन्तु भाजपा ने यह भ्रम तोड़ दिया। इसके साथ जाति आधारित नेताओं के पार्टी को ब्लेकमेल किए जाने की परंपरा को भी पछाड़ दिया। हालांकि दूसरे राजनीतिक दलों में ऐसा करने का साहस अभी तक नहीं है, विपक्षी दलों में इसकी छटपटाहट जरूर नजर आती है।

अंतरजातीय विवाह करने पर अक्सर जातिवाद का कहर न सिर्फ नवविवाहितों को बल्कि उनके पूरे परिवार तक को झेलना पड़ता है।

**'ड्क्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी ड्यूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है।**

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'

**(योगेश कुमार गोयल)**

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्टपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्टपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया।

रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी ड्यूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्टीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्टीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे ड्यूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्टीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। ड्यूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्टीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई।

ड्यूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्टीय बैठक में रेडक्रॉस के



आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्टीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्टीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्टीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्टीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्टपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्टपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्टीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है।

रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री किशोर के आदेश के बाद चापाकल मरम्मती को ले हरकत में आया प्रशासन

चापाकल मरम्मती कार्य हुआ शुरू

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छतरपुर प्रखंड के गांवों व नगर पंचायत क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों तक वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आदेश के बाद प्रशासन हरकत में आया है। मुखिया सहित नगर पंचायत व पीएचडी के पदाधिकारियों प्रतिनिधियों ने क्षेत्र का चापानल मरमत का कार्य शुरू करा दिया है। पाइप लगाने के बाद भी कई चापाकल फेल हो जा रहे हैं। इधर बढ़ती गर्मी के साथ घटते जलस्तर के बाद छतरपुर एसडीओ सह प्रशिक्षु आइएस आशीष गंगवार ने मुरुमदाग समेत कई क्षेत्रों के पेयजल की समस्या का हाल जाना। इधर पदाधिकारियों के सीधे हस्तक्षेप के बाद मरम्मती में तेजी आई है। बीडीओ आशीष कुमार स्वयं प्रतिदिन मुखिया से पंचायतों के चापाकल मरम्मती के बारे में जानकारी ले रहे हैं।गौरतलब हो कि छतरपुर के 20 पंचायत व नगर पंचायत के 16 वार्डो में पेयजल संकट गहराने के बाद मंत्री को मिल रही शिकायतों के बाद प्रशाशन कई क्षेत्रों में टैंकर से पानी का बंटवा रही है। मौसम में आम लोगों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। नगर क्षेत्र में खराब हैंडपंपों की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही जिन स्थानों पर पेयजल की अधिक समस्या है, वहां नगर पंचायत की ओर से टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है।

### पंचायत सेवक को बंधक बना जान से मारने की धमकी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के बैरिया प्रखंड अंतर्गत बगही बघंमबरपुर पंचायत में कार्यरत पंचायत रोजगार सेवक अभिजीत कुमार ने श्रीनगर थाने में आवेदन देकर जान से मारने, कट्टा भिडाने एवं बंधक बनाकर सरकारी अभिलेख लेकर भागने एवं आभुषण चोरी का आरोप लगाया है। पीड़ित पंचायत रोजगार सेवक ने थाने में दिए आवेदन में बगही बागंबरपुर के मुखिया अनिल कुमार पर योजनाओं में बरती जा रही अनियमितता में सहयोग नही करने के कारण ऐसा कुकृत्य करने का आरोप लगाया है। पंचायत रोजगार सेवक अभिजीत कुमार ने थाने में आवेदन देख सुरक्षा की मांग की है।इस संबंध में मुखिया अनिल कुमार की प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकती है।

### बीडीओ ने जांच का दिया निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के महेशपुर गांव वार्ड संख्या 13 के एक मंदिर परिसर में निर्माण हो रहे शौचालय पर ग्रामीणों के संशय की स्थिति बनी है। एक ओर जहां कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यह सामुदायिक शौचालय का निर्माण जिला परिषद के मद से कराया जा रहा है। जिसके निर्माण में काफी अनिमितता वरती जा रही है। इस निर्माण में काफी घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। वही दूसरी ओर कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इस शौचालय का निर्माण जनसहयोग से किया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा चंदा इक्कठा कर शौचालय बनाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण बताते है कि शौचालय के निर्माण में स्थानीय नदी के बालू में सोन नदी का बालू मिलाकर बनाया जा रहा है। इसकी छत की ढलाई भी करीब तीन इंच की गई है। वही पीछे का भाग पुराने दीवाल पर ही उठाया गया है। जिसको लेकर कहासुनी भी हुई थी। सवाल यह है कि मंदिर में बन रहे शौचालय का निर्माण किस मद से हो रहा है? यह जांच का विषय है। वही इस मामले में जिला परिषद के जेई राकेश कुमार सिंह ने बताया कि महेशपुर में शौचालय निर्माण को लेकर जिला परिषद मद से कोई योजना नहीं है। इधर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि शौचालय निर्माण में संशय की जानकारी मिली है। मामले पंचायत सचिव को जांच का निर्देश दिया गया है। जांच कराकर रिपोर्ट मांगाया जा रहा है।

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक विवाहिता को मारपीट कर उसके ससुराल वालों ने घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में फुलवरिया गांव निवासी मोतीलाल साह की विवाहित पुत्री अनिता देवी ने शिकारपुर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसमे साठी थाना के बेलवा सिरिसिया गांव निवासी पति सोनेलाल साह, समेत दो दर्जन अन्य ससुराल वाले लोगो को नामजद किया है। आरोप है कि गवना के बाद वर्ष 2019 में वह ससुराल गयी। उसके बाद ससुराल वाले दहेज में अपाची बाइक,2 लाख रुपए नगद,एक भैंस मांगने लगे। दहेज नही मिलने पर उसके साथ मारपीट व प्रताड़ित किया जाने लगा।इसी बीच उसने एक पुत्र को जन्म दिया। पुत्र के जन्म के बाद भी उसका प्रताड़ना कम नहीं हुआ। उसका खाना पीना बंद कर बीमार होने पर दवा भी नहीं कराया जाता था।पूछने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### विकास को गति और मजबूती के लिए एक देश एक चुनाव जरूरी : ओम सिंह

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में एक भारत एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सोमवार को किया गया। मोर्चा जिला अध्यक्ष समेला भगत की अगुवाई में आयोजित इस संगोष्ठी में देश में थोड़े-थोड़े समय के अंतराल पर विभिन्न राज्यों में और फिर लोकसभा के चुनाव अलग-अलग होने से देश पर पड़नेवाले चुनाव के आर्थिक बोझ पर चर्चा की गई। प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा के ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि देश में विकास को गति और मजबूती देने के लिए एक देश एक चुनाव जरूरी है। आजादी के बाद करीब 15 से 20 वर्षों तक लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव साथ हुए थे। परंतु धीरे-धीरे राजनीतिक हालात बदलने के कारण चुनाव एक साथ नहीं हो पा रहे हैं। फल स्वरुप देश को हर समय कहीं न कहीं चुनाव में लगा रहना पड़ता है। जिसमें अरबों रुपए का नुकसान होता है। साथ ही देश में कहीं न कहीं चुनाव आचार संहिता लगे रहने के कारण विकास से संबंधित सरकारी स्तर पर घोषणा नहीं की जा सकती है। बार-बार विधि व्यवस्था बनाए रखने में राज्य सरकारें व्यस्त रहती हैं। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले लोक सभा चुनाव में करीब चार हजार करोड़ रूपए खर्च किया गया था। प्राचार्य प्रीति कुमारी गुप्ता ने एक भारत एक चुनाव लागू होने से देश को होनेवाले लाभ और सहूलियतो के बारे में बताया। सामेल भगत ने वन नेशन वन इलेक्शन पर विद्यार्थियों से अपने घरों और समाज के लोगों के बीच चर्चा करने की अपील की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज ने कहा कि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और विकास के शिखर पर पहुंचाना है तो वन नेशन वन इलेक्शन इसका मार्ग प्रशस्त करेगा। संगोष्ठी का संचालन आचार्य नीतू कुमारी ने किया।

# रांची में निषेधाज्ञा लागू, 60 दिनों तक प्रदर्शन या रैली पर रोक

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी रांची के कई वीआईपी जगहों पर निषेधाज्ञा लागू की गयी है।. सीएम आवास, हाई कोर्ट, विधानसभा सहित कई प्रमुख स्थानों के आसपास 4 जुलाई या अगले आदेश तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी. अगले 60 दिनों तक इन क्षेत्रों के आसपास धरना प्रदर्शन, रैली या जुलूस निकालने की सख्त मनाही रहेगी. जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से धरना प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क के बजाय लोग राजभवन मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास और अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शन कर रहे हैं. इन जगहों पर धरना प्रदर्शन या रैली निकालने से सरकारी कामकाज प्रभावित होते है. इसके अलावा यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है. कई बार सड़कों पर वाहनों की कतारें लग जाती है. इसके मद्देनजर जिले के प्रमुख स्थानों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गयी है.

**इन जगहों पर निषेधाज्ञा लागू**

कांके स्थित सीएम आवास के 100 मीटर की परिधि में.राजभवन के 100 मीटर के दायरे में, जाकिर हुसैन पार्क को छोड़कर. झारखंड हाईकोर्ट के 100 मीटर के दायरे में. नई विधानसभा के 500 मीटर की परिधि में. प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस के 100 मीटर के दायरे में. एचईसी और प्रोजेक्ट भवन के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा के दौरान इन चीजों की रहेगी मनाही। इस दौरान किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन, रैली या जुलूस बिना अनुमति के नहीं निकलेगी. किसी भी प्रकार का हथियार जैसे बंदूक, तलवार, तीर-धनुष इत्यादि लेकर चलने की सख्त मनाही. बिना किसी अनुमति के लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक रहेगी.

# आंगनबाड़ी केंद्र में अयोजित कार्यक्रम का जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा के निदेर्शानुसार आज तोरपा प्रखंड के हुसिर आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता दिवस का निरीक्षण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सुमन कुमारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री महिलाओं को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने टीकाकरण, पोषण आहार वितरण, स्वास्थ्य जांच इत्यादि की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और उपस्थित लाभुकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का उद्देश्य हर लाभुक तक समुचित सुविधा पहुँचाना है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



निरीक्षण के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों- मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य से भी मुलाकात कर श्लरठऊ को लेकर आमजनों को जागरूक करने में सहयोग की अपील की, जिससे अधिक से अधिक योग्य लाभुक जागरूक होकर स्वास्थ्य लाभ ले सके। उल्लेखनीय है कि श्लरठऊडे का आयोजन प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार एवं शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किया जाता है, जिसमें बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।

## विश्व अस्थमा दिवस पर कार्यक्रम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलिपुत्र कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व अस्थमा दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया । कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के उप प्रचार्य श्रीमती शुभा वर्मा के नेतृत्व किया गया। जिन्होंने चिकित्सा और नर्सिंग क्षेत्र में छात्र एवं छात्राओ को अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला इस अवसर संस्थान के सभी सदस्य उपस्थित रहे । संस्थान के उप प्रचार्य ने अपने विचारों को विस्तार से साझा किया, इनके निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसे सभी ने सराहा भाषण में शुभा वर्मा ने विश्व अस्थमा दिवस के बारे में महत्वपूर्ण बाते बताई इस कार्यक्रम में विधार्थियों ने भी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमे यह आयोजन प्रेरणादायक और यादगार बन गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक निधि कुमारी, जिज्ञाषा पाठक, स्मिता कुमारी, सलमा, अनामिका, नितीश, मोनिका, श्वेता, निधि वर्मा, एवं ऑफिस स्टाफ सुनीता कुमारी, अमिता कुमारी, नेहा कुमारी, ओम प्रकाश, मानवी राज आदि उपस्थित रहे ।



# समाज कल्याण विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा

आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ संचालन पर विशेष जोर

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित विभिन्न कार्यों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन से संबंधित विषयों पर गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य जून माह तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए जल छाजन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, उन्हें चिन्हित कर यथाशीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही पोषाहार एवं अन्य सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग और ऑनलाइन पोषण ट्रैकर पर अद्यतन दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा, रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने तथा टीएचआर के लाभार्थियों का एफआरए पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, बीडीओ, सीडीपीओ समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।



# नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, पिपरा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के सहयोग से नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली पिपरा थाना क्षेत्र से होते हुए पिपरा बाजार में पहुंची। वहां से मुख्य मार्ग होते हुए पुनः पिपरा थाना पहुंचकर समाप्त हुई। बच्चों ने हाथों में नशा विरोधी स्लोगन वाले पोस्टर एवं बैनर लेकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से आमजन को नशा छोड़ने व समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। रैली के उपरांत स्कूली बच्चों को पिपरा थाना परिसर में लाया गया। उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली, यातायात नियम, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, पुलिस-पब्लिक संबंध, डायल 112 सेवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। थाने के पुलिस पदाधिकारियों ने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

उन्हें सुरक्षा व कानून व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने बच्चों को समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्हें नशे से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम पुलिस व विद्यालय के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के तत्वावधान में गंगा घाट पर वूमेन ड्रेस चेंजिंग रूम की व्यवस्था

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के तत्वावधान में, महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना के जेपी सेतु के पास स्थित गंगा घाट पर एक "वूमेन ड्रेस चेंजिंग रूम" की स्थापना की गई है। इस पहल का उद्देश्य गंगा स्नान या जलक्रीड़ा के बाद महिलाओं को एक सुरक्षित, निजी और सम्मानजनक स्थान प्रदान करना है, जहाँ वे बिना किसी असहजता के अपने वस्त्र बदल सकें। यह छोटा-सा प्रयास महिलाओं की सुविधा और आत्मसम्मान को सशक्त करने के साथ-साथ गंगा नदी की स्वच्छता को बनाए रखने हेतु जन-जागरूकता अभियान का भी हिस्सा है। संस्था के संस्थापक शुभम कुमार का कहना है की इस अभियान के अंतर्गत दानापुर नासरीगंज घाट से लेकर पटना सिटी घाट तक कुल 44 चेंजिंग रूम्स स्थापित किए जाएंगे। इन चेंजिंग रूम्स की स्थापना विभिन्न घाटों पर अलग-अलग संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के सहयोग से की जा रही है। इस सराहनीय पहल में सहयोग प्रदान करने वाले प्रमुख साझेदार हैं:रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र नेक्स्ट जेन ,अंशुल होम्स ,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पटना मेन ब्रांच ,इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र और आयोजनकर्ता संस्था बीइंग हेल्पर फाउंडेशन से किया जाएगा। हमें विश्वास है कि यह पहल महिलाओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और समाज में एक सकारात्मक संदेश पहुंचाएगी। स्थापना के दौरान टीम के सदस्य डॉक्टर सुमित कुमार, डायरेक्टर मुस्कान कुमारी, हर्ष सिंह, बिहार के नामी एथलीट अजीत एवं संस्था के संस्थापक शुभम कुमार मौजूद थे ।



# हिमालया एजुकेशनल ट्रस्ट, पटना द्वारा संचालित संस्थानों में पाठ्यक्रमों को मंजूरी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए डिप्लोमा स्तर के तकनीकी पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति AICTE द्वारा अधिसूचित 'तकनीकी संस्थानों के लिए अनुमोदन विनियमन, 2020' के अंतर्गत दी गई है, परिषद द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए सभी मानदंडों, प्रक्रियाओं और शर्तों का अनुपालन करते हुए यह स्वीकृति प्रदान की गई है। AICTE द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी अंतर्गत चार प्रमुख शाखाएं सम्मिलित हैं—सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से संस्थान का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को न केवल ज्ञान प्रदान करना है, बल्कि उन्हें उद्योग आधारित व्यावहारिक कौशल से भी दक्ष बनाना है, जिससे वे रोजगार के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना सकें। संस्थान ने इस उपलब्धि को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा में कदम बताया है। हिमालय इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी शिक्षकगण तथा उद्योगों से समन्वयित पाठ्यक्रमों की व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण तकनीकी शिक्षा मिल सके। इस स्वीकृति के लिए संस्थान परिवार ने AICTE का आभार व्यक्त किया है तथा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक धन्यवाद दिया है।

## बगहा में अप्रैल माह में 420 आरोपितों की गिरफ्तारी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अप्रैल महीने में बगहा पुलिस की कार्यशैली संतोषजनक रही। पुलिस के द्वारा अप्रैल महीने में विशेष अभियान चला कर 420 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। तो वाहन जांच में 27 लाख रुपया का जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा अवैध खनन को लेकर भी पुलिस के द्वारा कई बड़ी कार्रवाई की गई है। उक्त बातें एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा। वे अपने कार्यालय कक्ष में थानाध्यक्षों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान एसपी ने बगहा पुलिस जिला के सभी थानाध्यक्षों के साथ थानावार कांडों की समीक्षा की। वारंटो के समय निष्पादन को लेकर पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही साथ शराब एवं अवैध बालू खनन को लेकर पुलिस को थानाध्यक्षों को थाना क्षेत्र में अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही अप्रैल महीने में बालू खनन के मामले में बेहतर कार्य करने पर बगहा थानाध्यक्ष धनहा थानाध्यक्ष एवं चौतरवा थानाध्यक्ष को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। जबकि रामनगर पुलिस अनुमंडल में खनन के खिलाफ बेहतर कार्य करने पर रामनगर लौकरिया एवं बथुवारिया थाने को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## ऑपरेशन 'सिन्दूर' की सफलता पर पूर्व मंत्री डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने प्रधानमंत्री व भारतीय सेना की सराहना की

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मंत्री डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 'ऑपरेशन सिन्दूर' की अभूतपूर्व सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इसे भारत की सैन्य शक्ति और मोदी सरकार के निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक बताया। डॉ. सिंह ने अपने बयान में कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब किसी भी प्रकार की चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति व भारतीय सेना की वीरता को नमन करता हूं। यह अभियान हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की एक सभा में कहा था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उनके नेतृत्व में देश ने उस संकल्प को साकार कर दिखाया है। भारतीय सेना के इस साहसिक अभियान से आतंकवादियों के हौसले पस्त हो गए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि देश को विश्वास था कि हमारी सेना चुप नहीं बैठेगी प्रधानमंत्री निर्दोष नागरिकों के खून की एक-एक बूंद का हिसाब लेंगे। मोदी जी ने जो कहा था। वह करके दिखाया है। इस अभियान के माध्यम से भारत ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि देश की ओर उठी कोई भी बुरी नजर अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ कौशल किशोर को विस अध्यक्ष व वित्त मंत्री ने किया सम्मानित

रांची के वीएनआर होटल में जोहर टॉक्स सम्मान समारोह का हुआ आयोजन ● पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ कौशल को ● अबतक 71 बार किया जा चुका है सम्मानित

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी रांची के होटल बीएनआर में मंगलवार को कशिश न्यूज की ओर से जोहार टॉक्स नामक कार्यक्रम में राज्य के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व प्रशासनिक पहलुओं पर केंद्रित कार्यक्रम में सत्ता व विपक्ष के कई दिग्गज नेताओं, मंत्रियों, विशेषज्ञों सामाजिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जोहार टॉक्स के मंच पर केवल राजनीति ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण व युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन मौके पर सूबे के विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। कशिश न्यूज झारखंड-बिहार के संपादक अनुराग ठाकुर ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड अब नई ऊर्जा व नई सोच के साथ विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह आयोजन राज्य के सकारात्मक विकास को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वित्त मंत्री ने कहा कि कौशल जी उनके क्षेत्र से आते हैं। इनकी पर्यावरण को बचाने की मुहिम व पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने झारखंड सरकार की प्राथमिकताओं व चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने व गरीब वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के लिए जारी की जाने वाली विशेष फंडिंग में कटौती की भी आलोचना की। इसे राज्य के विकास में बाधक बताया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने विमर्श को और व्यापक बना दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, सिमरिया विधायक उज्जवल दास, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, रांची विधायक सीपी सिंह व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने सरकार की योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।



## डॉ. विशाल सिंह राठौर बने जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा बिहार प्रदेश जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति का गठन किया गया, जिसमें सारण जिले से जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह राठौर को सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन की घोषणा के बाद जदयू कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। डॉ. राठौर के मनोनयन पर जदयू के नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें फूल-माला और अंगवस्त्र से सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया। सम्मानित करने वालों में प्रमुख रूप से जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चांदनी सिंह कुशवाहा, छात्र जदयू सारण जिला अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, जदयू जिला महासचिव पवन वर्मा, तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विनोद सिंह पटेल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव जहांगीर आलम मुन्ना और तकनीकी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सोनू खान शामिल रहे।

# एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

कांडों के निष्पादन, वाहन जांच व गश्ती बढ़ाने का निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडो के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वे बुधवार को अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान एसपी ने दिवा व रात्रि गश्ती बढ़ाने, वाहन चोरी के मामलों का उद्भेदन करने करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि पुलिस की नजर से कोई इलाका ओझल नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है की गश्ती के दौरान अधिक से अधिक क्षेत्र भ्रमण किया जाए। गश्ती के दौरान पुलिस पदाधिकारी विशेष चौकसी बरते। क्राइम मीटिंग में एसपी ने थानवार थानों में दर्ज कांडों की प्रगति की समीक्षा किया। उन्होंने कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। एसपी ने विधि व्यवस्था के लिए विशेष चौकसी बरतने के साथ वाहन जांच अभियान तेज करने का आदेश दिया। जिले में वाहन चोरी के मामलों का जल्द से जल्द उद्वेदन करने को कहा। एसपी ने कहा कि गश्ती के दौरान पुलिस पदाधिकारी विशेष सतर्कता बरते। सूचना तंत्र मजबूत करने के साथ ही आमजनों से बेहतर संबंध स्थापित करें। उन्होंने शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाने को कहा।एसपी ने सूचना का अधिकार, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, सर्विस लांस प्रोसेसिंग, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदन तथा जन शिकायत से संबंधित आवेदनों की त्वरित गति से जांच करने का निर्देश दिया। एसपी ने एसपी ने विभिन्न कांडों में संलिप्त वैसे अपराधी जिनके कोर्ट से वारंट निर्गत है, उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। क्राइम मीटिंग में सदर एसडीपीओ वन विवेक दीप, सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी, नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी कमलेश कुमार, साइबर डीएसपी गौतम शरण ओमी समेत विभिन्न अंचलों के इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच

# एक्सपोर्ट के मोर्चे पर भारत का बड़ा धमाका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के साथ टैरिफ पर तनातनी के बीच भारत ने एक्सपोर्ट के मोर्चे पर बड़ा धमाका कर दिया। भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात में मार्च बहुत तेजी आई और यह लगभग 47 प्रतिशत बढ़कर 11.2 बिलियन पहुंच गया। पहली बार किसी एक महीने में अमेरिका को एक्सपोर्ट 11 अरब डॉलर के पार गया है। इस दौरान खासकर इलेक्ट्रॉनिक सामान, हीरे-जवाहरात और



कपड़ों के निर्यात में काफी तेजी आई। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ सामान पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। टैरिफ लगने से पहले ही भारतीय कंपनियों ने भारी मात्रा में अमेरिका को एक्सपोर्ट किया।

यह पहला मौका है जब भारत ने एक महीने में अमेरिका को 11 बिलियन से ज्यादा का सामान बेचा है। इससे पहले मई 2022 में भारत से अमेरिका को 8.5 बिलियन का निर्यात हुआ था।

## तीन महीने का एक्सपोर्ट

इस दौरान अमेरिका का व्यापार घाटा काफी बढ़ गया। वहां के दुकानदारों ने सोचा कि टैक्स लगने से कीमतें बढ़ जाएंगी, इसलिए उन्होंने पहले से ही ज्यादा सामान खरीद लिया। टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले ही बताया था कि श्वश्वद्यद्द कंपनी ने द्वक्कद्धश्व्द्द जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान से भरे पांच हवाई जहाज अमेरिका भेजे ताकि टैरिफ से बचा जा सके। हीरे-जवाहरात का निर्यात भी बहुत बढ़ गया। हालांकि इससे आने वाले महीनों में निर्यात थोड़ा कम हो सकता है। इस बीच जनवरी से मार्च के महीने में भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात 30 प्रतिशत बढ़कर 27.7 बिलियन हो गया। वहीं, अमेरिका से भारत में आने वाले सामान की वैल्यू 6.1 प्रतिशत बढ़कर 10.5 बिलियन हो गई।

# नौकरियों के आवेदन में पहली तिमाही में 30 प्रतिशत की आई तेजी, 62 लाख महिलाओं ने भरे फॉर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्रेशर्स व महिलाओं को नौकरियों की सबसे ज्यादा जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च तिमाही में कंपनियों के पास 1.81 करोड़ नौकरी के आवेदन आए हैं जो एक साल पहले की तुलना में 30 फीसदी अधिक है। सबसे अधिक 62 लाख आवेदन महिलाओं ने दिए हैं जो पिछले साल की तुलना में 23 फीसदी अधिक है। अपना की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के आवेदन में यह वृद्धि बीपीओ, फाइनेंस, मानव संसाधन और शिक्षा जैसे क्षेत्र में बेहतर कार्य विकल्प के कारण हुई है। चंडीगढ़, इंदौर और जमशेदपुर जैसे शहरों में महिलाओं के आवेदन दोगुने से अधिक हो गए। यह प्रमुख महानगरों की वृद्धि दर से अधिक है। फ्रेशर्स की ओर से भी 66 लाख आवेदन आए हैं जो पिछले साल की तुलना में 46 फीसदी अधिक है।




## 3.1 लाख नौकरियां निकालीं गईं

जनवरी-मार्च में 3.1 लाख नौकरियां पोस्ट की गई। पिछले वर्ष की तुलना में 26 प्रतिशत ज्यादा है। एलआईसी, पेटीएम, और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों ने 2.1 लाख नौकरियां पोस्ट की। वारंगल, जबलपुर व प्रयागराज जैसे छोटे शहरों से प्रतिभाओं में 20 से 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। दिल्ली से लेकर देहरादून तक भारत के भर्ती परिदृश्य को एक नया रूप दिया जा रहा है।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आईपीओ लाने की योजना टाल रही हैं कई कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2024 में शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी के बाद अब कई कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च करने की योजना को टाल रही हैं। ऐसे में इस साल आईपीओ के जरिए निवेशकों के बाहर निकलने (एक्जिट) पर असर पड़ सकता है। यह बात बैन एंड कंपनी और इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन की एक संयुक्त रिपोर्ट में सामने आई है। निवेशकों के लिए एक्जिट यानी अपनी लिक्विडिटी (नकदी) पाने का महत्त्वपूर्ण रास्ता होता है। पिछले साल की जबरदस्त तेजी के बाद इस साल भारत में आईपीओ बाजार की रफ्तार कम हो गई है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियों ने अपने इंडिया यूनिट का आईपीओ टाल दिया है। मंगलवार को ईवी स्टार्टअप एथर एनर्जी की लिस्टिंग भी फीकी रही और उसके शेयर इश्यू प्राइस से करीब 6 प्रतिशत नीचे लिस्ट हुए। अर्बन कंपनी ने भी हाल ही में अपने आईपीओ के ड्राफ्ट पेपर्स फाइल किए, लेकिन उसने अपना आईपीओ साइज 3,000 करोड़ रुपये से घटाकर 1,900 करोड़ रुपये कर दिया है।

**क्या है वजह-** दरअसल, 2024 में बाजार में जबरदस्त तेजी थी, जिसकी वजह से आईपीओ से निवेशकों को लगभग 4 अरब डॉलर मिले। यह 2023 के 1.8 बिलियन डॉलर से दोगुने से भी ज्यादा है। कई कंपनियों के पब्लिक होने से निवेशकों को अपना पैसा निकालने का अच्छा मौका मिला था रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 की आखिरी तिमाही से भारतीय शेयर बाजार में आई गिरावट से आईपीओ




के जरिए निवेशकों के एक्जिट की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

इसका सीधा मतलब है कि बाजार की मौजूदा हालत के कारण न तो कंपनियों को अपनी वैल्यू के हिसाब से पैसा मिल पा रहा है, और न ही निवेशकों को समय पर अपना पैसा निकालने का मौका मिल रहा है। इस साल अब तक आईपीओ फाइलिंग्स की संख्या पिछले साल के मुकाबले कम रही है। जिन कंपनियों पर निवेशकों का दबाव है कि वे उन्हें पैसे लौटाएं, वे अब आईपीओ का साइज कम करने और वैल्यूएशन घटाने जैसे विकल्प देख रही हैं।

# सब्जियों के भाव घटने से घर में पकाई जाने वाली शाकाहारी थाली 4 प्रतिशत सस्ती, मांसाहारी थाली का ये है रेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट से घर में पकाई जाने वाली शाकाहारी थाली सालाना आधार पर अप्रैल में चार फीसदी सस्ती होकर 26.3 रुपये पर आ गई है। मासिक आधार पर इसमें एक फीसदी की कमी आई है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में टमाटर की कीमतें 34 फीसदी घट गई हैं। आलू के भाव 11 फीसदी और प्याज के भाव 6 फीसदी घटे हैं। हालांकि, खाद्य तेलों के दाम में 19 फीसदी और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में छह फीसदी की तेजी ने थाली की कीमतों में और गिरावट को रोक दिया।

**मांसाहारी थाली का भाव 53.9 रुपये –** रिपोर्ट के अनुसार, मांसाहारी थाली सालाना आधार पर चार फीसदी और मासिक आधार पर दो फीसदी सस्ती होकर 53.9 रुपये पर आ गई है। चिकन और सब्जियों की कीमतों में गिरावट का असर मांसाहारी थाली पर दिखा है। मांसाहारी थाली में 50 फीसदी लागत अकेले चिकन की होती है। जबकि प्याज भी लागत में बहुत योगदान करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य तेलों की कीमतें अगले दो से तीन महीने में कम होने लगेंगी।

**तीन फीसदी से नीचे आ सकती है खुदरा महंगाई-** इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के आंकड़ों में खुदरा महंगाई की दर तीन फीसदी से नीचे जा सकती है। इसके आंकड़े अगले हफ्ते जारी होंगे। पिछले कुछ समय से खाद्य वस्तुओं खासकर दालों और सब्जियों के भाव में भारी गिरावट आई है जिसका असर खुदरा महंगाई पर दिखेगा। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई में कमी से आरबीआई को दरों में कटौती का और अवसर मिलेगा। जून में होने वाली बैठक में रेपो दर में ज्यादा कटौती हो सकती है। टमाटर, प्याज और आलू उत्पादक राज्यों में गर्मी में कमी आई है। टमाटर की खुदरा कीमत अगस्त, 2024 के बाद से सबसे कम हो गई है। यह अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर 34.4 प्रतिशत कम हो गई है। आलू और प्याज की कीमतें अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर क्रमशः 11 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत घटी हैं।

**चावल की खुदरा कीमत 4.1 प्रतिशत घटी-** चावल की खुदरा कीमत मार्च की तुलना में अप्रैल में 4.1 प्रतिशत की घटी है। हालांकि, खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी आई हैं, पर यह खुदरा महंगाई को प्रभावित करने की स्थिति में नहीं हैं। टमाटर, प्याज और आलू की आवक में जबरदस्त से कीमतों में गिरावट है।

**खाद्य कीमतों में गिरावट बेहतर प्रबंधन का नतीजा-** उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि खाद्य कीमतों में जो गिरावट आ रही है वह सरकार के बेहतर प्रबंधन का नतीजा है। पिछले साल अलनीनो और भारी गर्मी की वजह से फसलों के उत्पादन और आवक पर असर पड़ा था। इससे महंगाई बढ़ी थी। हालांकि, पीली मटर और चना का आयात करना पड़ा जिससे उपलब्धता बढ़ गई। प्याज और दाल की कीमतों को कम करने के लिए सरकार ने सस्ते भाव पर ग्राहकों को बेचा। अब गर्मी सही है, बारिश का अनुमान अच्छा है तो दालों की पैदावार के साथ सब्जियों की भी कीमतें नियंत्रण में रहने की उम्मीद है।

# लाहौरी जीरा पर मोतीलाल ओसवाल ने लगाया दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंडीगढ़ की एक कंपनी है लाहौरी । यह कंपनी लोकल फ्लेवर वाले कार्बोनेटेड नॉन-अल्कोहलिक ड्रिंक्स बनाती है। हाल ही में, कंपनी को मोतीलाल ओसवाल वेल्थ से 200 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है। यह जानकारी कंपनी के रेगुलेटरी फाइलिंग से मिली है। इस निवेश के बाद लाहौरी की वैल्यूएशन 2,800 करोड़ रुपये हो गई है। साल 2022 में कंपनी की वैल्यूएशन 900 करोड़ रुपये थी। इस हिसाब से कंपनी की वैल्यूएशन तीन गुना बढ़ गई है।

अक्टूबर 2024 में ही बता दिया था कि लाहौरी पर मोतीलाल ओसवाल जैसे निवेशकों से प्राइमरी और सेकेंडरी सेल के जरिए 400 करोड़ रुपये की फंडिंग मिल सकती है। ईटी के सूत्रों की मानें तो इस फंडिंग राउंड में कंपनी के फाउंडर्स और मौजूदा निवेशक वर्लिनवेस्ट अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बेचेंगे। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास मौजूद जानकारी के अनुसार, मोतीलाल ओसवाल वेल्थ प्राइमरी इन्वेस्टमेंट के लिए लाहौरी में 7 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी।

**तेजी से बढ़ रहा है बिजनेस-** लाहौरी कंपनी का बिजनेस तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए कंपनी की वैल्यूएशन भी बढ़ गई है। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में कंपनी ने 312 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया था। यह पिछले साल के मुकाबले 47 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी का नेट प्रॉफिट भी तीन गुना बढ़कर 22 करोड़ रुपये हो गया है। अनुमान




है कि फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में कंपनी 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का रेवेन्यू कमाएगी।

## किन्होंने शुरू किया लाहौरी

लाहौरी कंपनी को साल 2017 में रिश्ते के तीन भाइयों- सौरभ मुंजाल, सौरभ भुटना और निखिल डोडा ने मिलकर शुरू किया था। इन तीनों के पास कंपनी की 78.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। कंपनी का सबसे फेमस प्रोडक्ट लाहौरी जीरा है। यह जीरा फ्लेवर वाला कार्बोनेटेड ड्रिंक है, जो ऑफलाइन मार्केट में बहुत पसंद किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी नींबू से बने ड्रिंक्स भी बेचती है, जैसे कि शिकंजी, जो उत्तरी भारत में बहुत फेमस है।

## क्या होगा फंड का

लाहौरी कंपनी इस नए फंड का इस्तेमाल अपनी मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए करेगी। कंपनी की योजना है कि वह अपनी मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी को 5 मिलियन बोतल प्रति दिन से बढ़ाकर 8 मिलियन बोतल प्रति दिन कर ले।

अभी कंपनी के पंजाब और गुजरात में दो मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं। कंपनी उत्तर प्रदेश में एक नया प्लांट लगाने पर भी काम कर रही है।

**कहां से आती है अधिकतर कमाई-** लाहौरी कंपनी अपनी कमाई का 95 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा ऑफलाइन चैनल से करती है। लेकिन हाल ही में, कंपनी ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी अपना प्रोडक्ट बेचना शुरू कर दिया है। इंडियन बेवरेज एसोसिएशन के अनुसार, भारत में नॉन-अल्कोहलिक बेवरेज सेगमेंट (जिसमें कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स, पानी, जूस और स्पोर्ट्स ड्रिंक्स शामिल हैं) 2030 तक बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा। अभी यह लगभग 67,000 करोड़ रुपये का है।

**कोका कोला, पेप्सिको से लेकर रिलायंस तक-** कार्बोनेटेड बेवरेज मार्केट में कोका कोला और पेप्सिको जैसी कंपनियों का दबदबा है।

# सपना पूरा करने के लिए उठाया जोखिम

## बहनों ने मलाईदार नौकरी छोड़ शुरू किया ये काम, अब बरस रहा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आजकल हर जगह मुकाबला है। हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा है। इस वजह से स्वास्थ्य पीछे छूट जाता है। युवा पेशेवर आगे निकलने के लिए एक जगह पर बैठकर काम करते रहते हैं। वे काम और अपनी देखभाल के बीच संतुलन नहीं रखते। यह देखने में अच्छा लग सकता है, लेकिन यह स्वास्थ्य को बहुत नुकसान पहुंचाता है। हैदराबाद की दो बहनों वेदा और सुधा गोगिनेनी ने युवाओं में बढ़ती इस समस्या को देखा। वे खुद भी इस परेशानी से रूबरू हुईं। मोटी तनख्वाह वाली नौकरी छोड़कर उन्होंने एक हेल्थ स्टार्टअप शुरू किया। इसका नाम है- अर्थफुल। यह स्टार्टअप हर्बल न्यूट्रीशनल प्रोडक्ट्स बनाता है। हाल में इसे शार्क टैंक इंडिया से भी लाखों की फंडिंग हासिल हुई। आइए, यहां वेदा और सुधा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**बहनों ने एक ही तरह की दिक्कत का किया सामना-** वेदा गोगिनेनी ने आइआइटी खड़गपुर से बायोटेक्नोलॉजी में ग्रेजुएशन किया है। वह एक अच्छी नौकरी भी कर रही थीं। लेकिन, इस दौरान उन्होंने अपनी खराब लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उनकी सेहत बिगड़ने लगी। उनकी एनर्जी कम हो गई। हर कप कॉफी के बाद उन्हें एसिडिटी होने लगी। मुश्किल से योगासन कर लेती थीं। लेकिन, घुटनों में दर्द रहता था। बाल झड़ रहे थे। त्वचा में दिक्कतें थीं। पीठ में दर्द रहता था। नींद भी ठीक से नहीं आती थी। चेकअप कराने पर पता चला कि शरीर में कैल्शियम की कमी है। तब उन्हें एहसास हुआ कि एक जगह पर बैठे रहने से कितना नुकसान हुआ है। ठीक ऐसी ही दिक्कतें उनकी बड़ी बहन सुधा के सामने भी आ रही थीं। उन्होंने केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया है।

**2020 में शुरू किया स्टार्टअप-** अपनी सेहत से जुड़े अनुभव और शिक्षा से मिली जानकारी से बहनों को एक ऐसा समाधान बनाने की प्रेरणा मिली जो हमेशा काम आए। इसी से अर्थफुल स्टार्टअप की शुरुआत हुई। वेदा और उनकी बड़ी बहन सुधा ने मिलकर सेहत और पोषण से जुड़े उत्पाद बनाने का विचार किया। दोनों बहनों ने अपनी सेहत को बिगड़ते हुए देखा था। दोनों का बैकग्राउंड बायोटेक्नोलॉजी और केमिकल इंजीनियरिंग में है।

- **शार्क टैंक इंडिया में झटकी डील-** वेदा और सुधा ने विज्ञान के अपने ज्ञान का इस्तेमाल करके मल्टीविटामिन और हर्बल कॉम्बिनेशन बनाए। इनमें अमरूद के पत्ते, करी पत्ते और कई चीजें शामिल हैं। उनका स्टार्टअप टियर-1 और टियर-2 शहरों में तेजी से बढ़ा। सफलता मिलने के बाद उन्हें ओयो रूम्स के संस्थापक रितेश अग्रवाल से शार्क टैंक इंडिया सीजन 4 में 75 लाख रुपये का निवेश भी मिला। कंपनी का सालाना रेवेन्यू रन रेट 15 करोड़ रुपये का है।
- **सपना पूरा करने के लिए उठाया जोखिम-** दोनों बहनों ने अपनी अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियां छोड़ दीं। उन्होंने विदेश में काम करने के मौके भी छोड़ दिए। उन्होंने सिर्फ अपने सपने को पूरा करने के लिए अपनी कंपनी शुरू करने का जोखिम उठाया। अर्थफुल का मकसद लोगों को प्राकृतिक और स्वस्थ उत्पाद उपलब्ध कराना है ताकि लोग स्वस्थ जीवन जी सकें। अर्थफुल के उत्पाद प्राकृतिक चीजों से बने होते हैं।

# आंकड़े: 2.23 लाख करोड़ के आईपीओ कतार में, 74 कंपनियां मंजूरी के इंतजार में; फिर से कंपनियों को करना होगा आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ और देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारतीय आईपीओ बाजार करीब छह माह से सुस्त पड़ा हुआ है। अब कंपनियां बाजार में उतरने के लिए स्थितियां सही होने का इंतजार कर रही हैं। कुल 2.23 लाख करोड़ रुपये के आईपीओ कतार में हैं। इनमें से 1.04 लाख करोड़ रुपये के इश्यू को सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। 1.19 लाख करोड़ रुपये के लिए कंपनियों ने मसौदा जमा कराया है। प्राइम डाटाबेस के आंकड़ों के मुताबिक, 63 कंपनियों को पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी से मंजूरी मिल चुकी है। 74 कंपनियां अब भी सेबी से मंजूरी के इंतजार में हैं। यह सभी कंपनियां शेयर बाजार में उतर जाती हैं तो 2.23 लाख




करोड़ रुपये जुटा लेंगी। इससे बड़ा फायदा यह होगा कि हमारे शेयर बाजार का पूंजीकरण बढ़ेगा। निवेशकों को अलग-अलग सेक्टर की कंपनियों में निवेश का मौका मिलेगा। प्राइम डेटाबेस के अनुसार, भारत पिछले साल दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ बाजार था। इस साल अब तक स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध आईपीओ में 58 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**फिर से कंपनियों को करना होगा आवेदन-** विश्लेषकों के मुताबिक, जिन कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल चुकी है और अगर वे अगले कुछ महीनों में बाजार में नहीं आती हैं तो मंजूरी खत्म हो जाएगी। ऐसे में उनको नए सिरे से आवेदन करना होगा। वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए इस समय केवल चुनिंदा संस्थागत निवेशक ही निवेश को तैयार हैं। यह रुझान इस बात का संकेत है कि वैश्विक व्यापार युद्ध और देशों के बीच तनावों ने आर्थिक दृष्टिकोण को धुंधला कर दिया है। दो अप्रैल से निफ्टी-50 में 4.8 फीसदी की तेजी आई है। हालांकि, सितंबर के अंत में रिकॉर्ड ऊंचाई से अभी भी 7 फीसदी नीचे है।

**दुनिया में भारतीय आईपीओ बाजार सबसे बेहतर-** भारतीय आईपीओ बाजार हाल के समय में दुनिया में बेहतर रहा है। खासकर कोरोना के बाद नए निवेशकों ने अच्छा खासा पैसा लगाया है।

टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टास का शानदार रहा रिजल्ट

# हर शेयर पर 7 रुपये का डिविडेंड भी, तभी तो चढ़े 3 प्रतिशत

**मुंबई एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टास को जानते होंगे। बीएसई पर गुरुवार को इसके शेयर 3.5 प्रतिशत तक चढ़ गए। इसके शेयर बीएसई पर 1287.6 रुपये पर पहुंच गए। दरअसल, कंपनी ने मार्च तिमाही के जो नतीजे जारी किए, उसमें पिछले साल के मुकाबले इस साल प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। कंपनी का मुनाफा 108 प्रतिशत बढ़कर 241 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में यह 116 करोड़ रुपये था।

## आमदनी बढ़ी

इस दौरान वोल्टास की आमदनी में भी बढ़ोतरी हुई है। यह 13.4 प्रतिशत बढ़कर 4,768 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल यह 4,203 करोड़ रुपये थी। हालांकि, यह विश्लेषकों की उम्मीद से कम रही। विश्लेषकों ने 4,897 करोड़ रुपये की उम्मीद की थी। क्यू4 एफवाय25 के लिए कुल आय 14 प्रतिशत बढ़कर 4,847 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल यह 4,257 करोड़ रुपये थी। इबीआइटीए 74.6 प्रतिशत बढ़कर 332.8 करोड़ रुपये हो गया। पहले




यह 191 करोड़ रुपये था। लेकिन, यह भी बाजार के अनुमान से कम रहा। बाजार का अनुमान 354 करोड़ रुपये था। ऑपरेटिंग मार्जिन 7 प्रतिशत हो गया, जो पिछले साल 4.5 प्रतिशत था।

## हर शेयर पर 7 रुपये का डिविडेंड

कंपनी के बोर्ड ने एक और फैसला लिया है। बोर्ड ने एफवाय25 के लिए 7 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड देने की सिफारिश की है। इसका मतलब है कि शेयरधारकों को फायदा होगा।

**क्या है वोल्टास का टारगेट-** अब बात करते हैं वोल्टास के शेयर के टारगेट प्राइस की। ट्रेंडलीन के डेटा के अनुसार, शेयर का औसत टारगेट प्राइस 1,548 रुपये है। इसका मतलब है कि अभी के बाजार मूल्य से 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। 36 विश्लेषकों ने इस शेयर को बाय करने की सलाह दी है। इसका मतलब है कि ज्यादातर विश्लेषकों को लगता है कि यह शेयर अच्छा प्रदर्शन करेगा।

**टेक्निकल एनालिसिस क्या कहता है-** शेयर का सापेक्ष शक्ति सूचकांक (आरएसआई) 42.2 है। आरएसआई एक इंडिकेटर है जो बताता है कि शेयर ओवरबॉट है या ओवरसोल्ड। 30 से नीचे का आरएसआई ओवरसोल्ड माना जाता है, जबकि 70 से ऊपर का आरएसआई ओवरबॉट माना जाता है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 08-05-2025 21:56 Page 1



## बेस्ट मुखिया आफ द ईयर 2025 अवार्ड से सम्मानित हुईं नीतू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड में ग्राम संसद में बेहतर कार्य करने की पहल की गयी है। इस दिशा में ग्राम संसद झारखंड चैप्टर कानक्लेव का आयोजन रांची में किया गया था। इसमें ग्रामीण विकास और परिवर्तन के बारे में चर्चा की गयी थी। आयोजन रैंडम वेरिएबल फाउंडेशन की ओर से किया गया था। पंचायत में उत्कृष्ट कार्य के लिए रांची में आयोजित ग्राम संसद कार्यकम में बेस्ट मुखिया आफ द ईयर 2025 का अवार्ड जमुआ पंचायत की मुखिया नीतू कुमारी को दिया गया। पुरस्कार झारखंड सरकार द्वारा पंचायत में जनता के हित में किए गए विकास कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को दिया जाता है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने के बाद पंचायत के लोगों में खुशी का माहौल है और अपने मुखिया को बधाई दे रहे हैं। वही मुखिया ने कहा कि कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री भी आयी थीं। उन्होंने प्रोत्साहित भी किया। फाउंडेशन के सचिव के हाथों वह बेस्ट मुखिया के अवार्ड से सम्मानित हुई।

यह अवार्ड पंचायत के जमुआ और ताराबाद गांव में नारी शक्तिकरण, बाल विवाह समेत अन्य कार्य के लिए दिया गया। पंचायत प्रतिनिधि का काम ही सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना है।

जनता की सेवा करना व क्षेत्र का विकास करना है। वहीं अवार्ड को लेकर मुखिया संघ में खुशी का माहौल है। मुखिया संघ ने मुखिया नीतू कुमारी को बधाई दी है।

# आदिवासी परिवारों के कल्याण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान को ले बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार आदिवासी परिवारों और गांवों के विकास को लेकर अब और तेजी से काम करेगी। इसके लिए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गुरुवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई, जिसमें इन दोनों योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक प्रोजेक्ट भवन में आयोजित हुई।

इस अभियान के तहत झारखंड के 7139 गांवों में रहने वाले करीब 49.76 लाख आदिवासी परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए



योजना बनाई गई है। गांवों और परिवारों में कौन-कौन सी जरूरतें पूरी नहीं हुई हैं, इसकी पहचान कर वहां सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाएगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को मिलाकर जमीन पर असर दिखे, इसके लिए सभी विभाग तेजी से काम करें। इसके लिए जल्द ही एक गाइडलाइन भी तैयार की जाएगी। छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे राज्यों से सीख लेकर आगे की योजना बनाई जाएगी।

इस योजना के तहत देश के सबसे पिछड़े आदिम जनजातीय परिवारों की हालत सुधारने के लिए आने वाले तीन सालों में कुल 24,104 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसमें से केंद्र सरकार का हिस्सा 15,336 करोड़ और राज्य सरकार का 8,768 करोड़ होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सड़क योजना, जल जीवन मिशन, मोबाइल अस्पताल, बिजली, आंगनबाड़ी केंद्र और वन धन केंद्र जैसी योजनाओं को तेजी से लागू किया जाए। सभी विभाग भारत सरकार से समन्वय बनाकर काम करें। बैठक में कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें प्रमुख रूप से मस्तराम मीणा (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) कृपानंद झा (जनजातीय कल्याण विभाग) मनोज कुमार ए. सिद्दिकी , उमाशंकर सिंह , जितेन्द्र सिंह , अबू इमरान आदि शामिल थे।

## झारखण्ड आंदोलनकारी कपूर कुमार टुडू का निधन

### सीएम ने दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड आंदोलनकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता कपूर कुमार टुडू जी (कपूर बागी जी) के निधन पर बुधवार को सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल के चिलगू-चाकुलिया स्थित आवास पहुंचकर दिवंगत के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने हेतु प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अंतिम यात्रा और अंत्येष्टि कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कपूर टुडू जी के रूप में मैंने अपना एक भाई, दोस्त और झारखंड आंदोलनकारी खो दिया है। उनका निधन न सिर्फ हमारी पारिवारिक क्षति है, बल्कि इस राज्य ने एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया है, जिन्होंने अलग राज्य के संघर्ष से लेकर अपने पूरे जीवन काल में सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आम लोगों की तकलीफों को दूर करने का प्रयास करते रहे। मुख्यमंत्री ने व्यथित मन से कहा कि उनका निधन हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। दिवंगत कपूर कुमार टुडू जी को अश्रुपूर्ण नमन।

विदित हो कि दिवंगत कपूर कुमार टुडू जी रिश्ते में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई थे। छह मई 2025 को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे मां सुखी टुडू, पत्नी सुकुरमनी टुडू एवं दो पुत्र, एक पुत्री छोड़ गए हैं। वे अपनी सादगी और सरलता के लिए जाने जाते थे। सामाजिक सरोकार और आम लोगों के प्रति सेवा भाव उनकी पहचान थी।

# जन्म प्रमाण पत्र बनाने वालों का फैला बड़ा नेटवर्क

### प्रखंड विकास पदाधिकारी की भी भूमिका संदिग्ध

- तीन पंचायतों में ही 15,835 बच्चों ने लिया जन्म
- कई जिलों से तार जुड़े होने की आशंका
- मामले की गहनता से होगी पड़ताल : डीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के तीन पंचायत में डेढ़ साल के भीतर 15,835 जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किए गए हैं। इसमें अधिकांश फर्जी होने की संभावना है।

चूंकि एक साल पांच महीनों में तीन पंचायतों में इतने सारे बच्चों का जन्म होना संभव नहीं है। प्रमाण पत्रों को निर्गत कराने के लिए जालसाजों का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। उनकी धमक झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ दूसरे प्रदेशों तक है।

स्थानीय एक जालसाज के सहयोग से पंचायत सचिवों और कंप्यूटर ऑपरेटरों को मिला कर पूरा खेल किया गया है। प्रारंभिक जांच में मामले की पुष्टि होने के बाद उपायुक्त रमेश घोलप के आदेश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्थानीय जालसाज, पंचायत सचिवों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

उपायुक्त ने बताया कि संगठित गिरोह की संलिप्तता से इंकार नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुमंडल स्तर पर इस दौरान मात्र 96 जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किए गए हैं। शेष प्रमाण पत्र पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर निर्गत हुए हैं।

रामपुर पंचायत में 6,357, जोगियारा में 5,047 और बभने पंचायत में 4,431 जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। उन्हें शोकाज किया गया है।

एक प्रश्न के उत्तर में डीसी ने कहा कि बांग्लादेशी या रोहिंग्या का कोई एंगल नहीं है। रांची, खूंटी, जमशेदपुर, गिरिडीह आदि जिलों के अधिकांश प्रमाण पत्र हैं। एक या दो मामला राजस्थान के कोटा का सामने आया है। फिर भी पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## पार्क बनाने को लेकर कवायद तेज

**तेतुलमारी।** तेतुलमारी के तिलाटांड़ पहाड़ी पर शिबू सोरेन नेचुरल पार्क बनाने को लेकर भू-राजस्व उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव और अंचल अमीन सूरज कुमार गुरुवार को तिलाटांड़ पहुंचे।

उन लोगों ने पार्क को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। नक्शे का अवलोकन तथा जमीन का मिलान किया। गैर आवास और रैयती जमीन के बारे में जानकारी लिया। आसपास के लोगों से मिलकर समस्या के बारे में जानकारी लिया।

उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पहाड़ी और उससे सटे स्थान में शिबू सोरेन नेचुरल पार्क बनाने की योजना है। उसके लिए 4.60 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया जाना है। जहां यह पार्क बनाया जाएगा।

जिसके लिए वर्तमान राज्य सरकार सक्रिय हैं। विभाग के वरीय अधिकारियों के आदेश पर जमीन का निरीक्षण और मापी करने के लिए हमलोग आये हैं। इसके पूर्व भी कई टीम निरीक्षण कर उसका रिपोर्ट विभाग को सौंप चुके हैं। इधर पार्क बनाने की योजना से ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब यहां के लोगों की बेरोजगारी दूर हो जाएगी।

# गिरफ्तार घनश्याम मंडल की संपत्ति जांच में पुलिस के छूट रहे पसीने

### एक दिन में की है 2.20 करोड़ रुपये की ठगी

### मोबाइन नम्बर ने उगले कई राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** 27 अप्रैल को पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर अपराधी घनश्याम मंडल की अर्जित की गई संपत्ति की जानकारी जुटाने में पुलिस का पसीना छूट रहा है। उसने साइबर ठगी से इतनी संपत्ति जुटाई है कि पुलिस के लिए इसकी जांच करना आसान नहीं है।

संपत्ति के साथ पुलिस उसके पास से बरामद मोबाइल नंबर को भी खंगालने में लगी है। इसकी जांच में पुलिस के सामने जो सच सामने आया है, उसने महकमा की नींद उड़ा दी है। घनश्याम ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर एक दिन में 2.20 करोड़ रुपये की ठगी की थी।यह सच केवल एक मोबाइल नंबर की जांच के बाद सामने आया है। अभी ऐसे दो दर्जन नंबर हैं, जिनकी जांच बाकी है।

दरअसल, पुलिस ने 27 अप्रैल को रामगढ़ प्रखंड के दामोडीह के रहने वाले घनश्याम मंडल को वर्ष 23 में पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जब उससे पूछताछ की गई तो उसके कारनामे जानने के बाद पुलिस के भी होश उड़ गए। पुलिस को पूछताछ में उसकी करोड़ों की संपत्ति होने का पता चला।

पुलिस ने उसके पास से करीब दो दर्जन मोबाइल नंबर हासिल किए। इन नंबरों का वह साइबर ठगी के लिए उपयोग करता था।

पुलिस ने इन नंबरों को अपने आधिकारिक एप पर लोड किया। जब इसकी जांच शुरू हुई तो पुलिस का सिर चकरा गया। पता चला कि एक नंबर से घनश्याम ने 2.20 करोड़ की ठगी की थी। सारा पैसा एक ही दिन में हासिल किया था।

पुलिस सूत्रों की मानें तो घनश्याम ने झारखंड ही नहीं कई राज्यों के लोगों को अपना शिकार बनाया था। उसके गिरोह में काम करने वाले लोगों को ठगते और सारा पैसा किसी दूसरे खाते में पहुंच जाता था।

आने वाले समय में कई राज्य की पुलिस दुमका



आकर उसे केस के सिलसिले में रिमांड पर ले सकती है। पुलिस के एक पदाधिकारी ने बताया कि घनश्याम ने प्रखंड के कई गांव के युवाओं को अपने गिरोह में शामिल किया था। इसमें उसका भाई राजेश मंडल भी शामिल है।

घनश्याम की गिरफ्तारी के बाद उसके लिए काम करने वाले अंडर ग्राउंड हो गए हैं। रविवार को जरमुंडी और रामगढ़ थाना की पुलिस ने कई घरों में दस्तक दी, लेकिन एक भी साइबर अपराधी हाथ नहीं आया। लगातार उसके साथ काम करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों को मिलेगी छूट




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** झारखंड के झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र में वर्ष 2025-26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून तक जमा करने पर पांच से दस प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। आवासीय भवनों के मलिक को पांच प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। सीनियर सिटीजन, दिव्यांग, सेना में कार्यरत या सेना से रिटायर ओर ट्रांसजेंडर को विशेष छूट दी जाएगी।

सिटी मैनेजर रणधीर कुमार वर्मा ने कहा कि कमर्शियल होल्डिंग धारक को पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। एक वित्तीय वर्ष में होल्डिंग टैक्स भुगतान नहीं करने पर विभाग द्वारा प्रत्येक महीने पेनल्टी भी लगाई जाती है। उन्होंने बताया कि होल्डिंग टैक्स कलेक्शन के लिए पहला क्वार्टर अप्रैल से जून तक, फिर दूसरा क्वार्टर शुरू हो जाता है।

दूसरा क्वार्टर शुरू होने से पहले होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करने पर एक प्रतिशत तक का ब्याज भी लगना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि समाज के सीनियर सिटीजन को विशेष छूट का लाभ उठाना चाहिए। प्रयास करें कि सभी लोग होल्डिंग टैक्स का भुगतान 30 जून से पहले कर दें।

होल्डिंग टैक्स एक प्रकार का संपत्ति कर है जो नगर निगम या स्थानीय निकाय द्वारा संपत्ति मालिकों से वसूला जाता है। यह कर संपत्ति के मूल्य के आधार पर लगाया जाता है।

होल्डिंग टैक्स की दरें और नियम स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित किए जाते हैं और यह क्षेत्र के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। आमतौर पर, होल्डिंग टैक्स का भुगतान वार्षिक या अर्ध-वार्षिक आधार पर किया जाता है।

# अधिकारियों के पहुंचने से कोडरमा रेल खंड पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने की जगी उम्मीद

### अधिकारियों ने किया विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरीतिलैया ।** रेल संरक्षा, यात्री सुविधा और कोयला लोडिंग व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने गुरुवार को पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-कोडरमा-बानादह रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

इस दौरान पूरे रेलमार्ग की सुरक्षा, संरचना और स्पीड ट्रायल की बारीकी से समीक्षा की गई। निरीक्षण और बैठक के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि कोडरमा रेलखंड पर संरक्षा, सुविधा और औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

स्पीड ट्रायल की सफलता को भविष्य में सुपरफास्ट ट्रेनों के संचालन की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। महाप्रबंधक ने कोडरमा से पूर्व बंधुआ तक 140 किलोमीटर



प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन दौड़ाकर ट्रैक की मजबूती और ओएचई लाइन की जांच की। निरीक्षण के क्रम में कोडरमा स्टेशन के साथ-साथ हजारीबाग टाउन स्टेशन पर भी यात्री सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। यात्री सुविधाओं को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

इसके बाद छत्रसाल सिंह एनटीपीसी बानादह साइडिंग पहुंचे, जहां उन्होंने कोल लोडिंग की स्थिति और इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रगति पर अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

एनटीपीसी के महाप्रबंधक इन्फ्रा एसके दुबे और परियोजना प्रमुख एसके दास के साथ बैठक में कोल लोडिंग की गति बढ़ाने और साइडिंग के विकास पर रणनीति बनाई गई।

इस दौरान पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक मनोज सिंह, वाणिज्य प्रबंधक इंदु रानी दुबे, इंजीनियरिंग प्रमुख शैलेश वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही दानापुर मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी एवं धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा भी अपने-अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहे।

## मेडिकल कालेजों में बढ़ायी जायेगी सीटें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आमजनों को गुणवत्तापूर्ण एवं समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य के चार मेडिकल कॉलेजों दुमका, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में बेड की संख्या बढ़ाई जाएंगी।

इन मेडिकल कॉलेजों में वर्तमान में कुल 1560 बेड की क्षमता है। इसे बढ़ाकर 3560 किया जाएगा। यानी इनमें कुल 2000 बेड बढ़ाए जाएंगे। इस बात की जानकारी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व जामताड़ा के विधायक डा इरफान अंसारी ने दी।

उन्होंने बताया कि पलामू मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में 360 बेड की क्षमता है, इसे बढ़ाकर 860 बेड, हजारीबाग में 400 से बढ़ाकर 900, दुमका में 300 से बढ़ाकर 800 और धनबाद मेडिकल कालेज में बेड की संख्या 500 से बढ़ाकर 1000 की जाएगी।

साथ ही राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में भी बेड की क्षमता 2400 से बढ़ाकर 4450 की जा रही है। जबकि एमजीएम जमशेदपुर में 751 बेड के अस्पताल भवन में उपचार की सुविधा शुरू हो चुकी है। एमजीएम में भी बेड की संख्या बढ़कर 1251 हो चुकी है।

मंत्री ने बताया कि पलामू, हजारीबाग, दुमका और धनबाद मेडिकल कॉलेजों में बेड की संख्या बढ़ाए जाने के साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सेंट्रलाइज्ड मॉडर्न लैब की स्थापना की जाएगी।

सेंट्रलाइज्ड माडर्न लैब में एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के पैथोलाजी एवं रेडियोलाजी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। ताकि मरीजों के लिए सुगमतापूर्वक सभी जांच अस्पताल में उपलब्ध हो सके।

मरीजों को इलाज के लिए कहीं भटकना न पड़े।

उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों में एमआरआई, सीटी स्कैन व डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# एसोसिएशन ने पुलिस मुख्यालय की भूमिका पर जतायी आपत्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में हो रहे सिपाही से पुलिस निरीक्षक स्तर तक के पदाधिकारियों के स्थानांतरण-पदस्थापन में पुलिस मुख्यालय की भूमिका संदेह के घेरे में है।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है और बताया है कि डीजीपी की गोपनीय शाखा में बैठे कुछ लोग नियम विरुद्ध ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल में लगे हुए हैं। ताजा मामला धनबाद का है। यहां एसएसपी धनबाद की अनुशंसा पर कोयला क्षेत्र बोकारो के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने 28 जनवरी को 54 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से करने की अनुशंसा पुलिस मुख्यालय से की थी।

डीजीपी के आदेश पर सभी 54 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण हो भी गया। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने 24 फरवरी को प्रशासनिक दृष्टिकोण लगाते हुए सभी 54 पुलिसकर्मियों का विभिन्न जिला-इकाइयों में स्थानांतरण-पदस्थापन कर दिया।

इससे संबंधित पत्र भी जारी हो गया। इसके बाद एसडीपीओ बाघमारा की पांच मई को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर पर डीजीपी ने उन 54 पुलिसकर्मियों में से दो सिपाही संजय कुमार महतो और गौरव कुमार सिंह के स्थानांतरण को रद करते हुए पुनः धनबाद जिले में वापस कर दिया।

डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने छह मई को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया। सवाल यहां यह उठा है कि जिसे अनुशासनहीनता में हटाया, उसे पुनः उसी जिले में कैसे बहाल कर दिया।

सामान्य स्थानांतरण और प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण में अंतर होता है। सामान्य स्थानांतरण में जिस जिले से स्थानांतरित हुए, उसी जिले में वापसी संभव है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण मतलब अनुशासनहीनता के आरोप में स्थानांतरण।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण के लिए पुलिस मैनुअल में नियम है कि इसे किसी भी परिस्थिति में निरस्त नहीं किया जा सकता है। जिस पर यह लगता है, उन्हें दूसरे जिले में ही स्थानांतरित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में उनकी उसी जिले में पुनः वापसी नहीं हो सकती है।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण किए जाने के विरोध में ही सभी 54 पुलिसकर्मियों ने अपने को निर्दोष बताते हुए उच्च न्यायालय में डब्ल्यूपीसी संख्या 3543/25 में पुलिस मुख्यालय के आदेश के विरुद्ध गुहार लगाई है जो न्यायालय में विचाराधीन है।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के एनजीओ में बैठे कुछ लोग ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल खेल रहे हैं।

डीजीपी को गुमराह कर ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल हो रहा है। डीजीपी को उच्च स्तरीय जांच कराकर ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें हटाना चाहिए, ताकि पुलिस मुख्यालय की छवि धूमिल न हो।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण व जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन बुधवार की देर रात करौं गांव पहुंचे। इस दौरान वे मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री हफीजुल हसन ने कमेटी के सदस्यों से मिलकर जानकारी ली।

सदस्यों ने मंत्री से सिंहवाहिनी दुर्गा मंदिर का सुंदरीकरण कराने की मांग की। लोगों की इस मांग पर मंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा 40 लाख की लागत से मंदिर परिसर का सुंदरीकरण कराया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों ने मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। कहा कि उनके ही सहयोग से बाबा धर्मराज का भव्य मंदिर बनाया जा सका है। मंत्री ने कहा कि करौं में जल्द ही रिंग रोड का निर्माण होगा, इससे लोगों को जाम की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। करौं में बाइपास सड़क का निर्माण नहीं होने लोगों को हमेशा जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। जाम से छुटकारा पाने के लिए यहां के लोगों द्वारा बाइपास सड़क बनाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

# टीचर्स एसोसिएशन आफ कोल्हान यूनिवर्सिटी की बैठक में कई बिन्दुओं पर बनी सहमती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षक आने वाले दिनों में बिना कारण दिए 12 में से पांच प्रतिबंधित अवकाश ले सकेंगे। इसके अलावा शिक्षकों में पांच दिन कार्यदिवस की सुविधा मिलने की भी आस जगी है। टीचर्स एसोसिएशन आफ कोल्हान यूनिवर्सिटी (टाकू) के अध्यक्ष डा. संजय कुमार सिंह एवं महासचिव इंदल पासवान ने कुलपति डा. अंजिला गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें शिक्षकों की मांगों से अवगत कराया गया।

इसमें कहा गया कि मजदूर दिवस को कार्यदिवस के रूप में घोषित किया जाना चाहिए। इस पर कुलपति ने कहा है कि यह छुट्टी राजभवन से घोषित है और राज्यपाल के अनुमोदन के बिना तो इसमें बदलाव सम्भव नही है। अगली बार से 1 मई कार्यदिवस हो, इसके लिए वे जरूर प्रयास करेंगीं।

शिक्षकों की प्रतिबंधित अवकाश में सुधार की मांग पर कुलपति ने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय जल्द ही एक संशोधित अधिसूचना जारी करेगा, जिसमें कोई भी शिक्षक बिना कारण दिए 12 में से 5 प्रतिबंधित अवकाश ले सकते हैं। इसके अलावा सप्ताह में पांच दिन का कार्यदिवस का प्रस्ताव अकादमिक काउंसिल के बैठक में रखा जाएगा। साथ ही कार्य अवधि 10.30 पूर्वाह्न से शाम 4 बजे तक करने पर भी विचार किया जाएगा।

कुलपति ने टाकू के प्रतिनिधिमंडल को यह भी विश्वास दिलाया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम भी जल्द प्रकाशित कर दिया जाएगा। शिक्षकों के पदोन्नति के सवाल पर कुलपति ने कहा कि इससे संबंधित संचिका का त्वरित निष्पादन के लिए रजिस्ट्रार और प्राक्टर को अविलंब कार्रवाई का



आदेश दिया गया है।

नवनियुक्त शिक्षकों के वार्षिक वेतन वृद्धि एवं सेवा संपुष्टि विषय को आने वाले सिंडिकेट की बैठक में रखने की सहमति देते हुए शिक्षक हित मे निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया। डेप्युटेशन के मुद्दे पर उन्होंने रजिस्ट्रार और प्राक्टर को निर्देशित किया कि वैसे शिक्षकों की सूची एवं कब से और कहां प्रतिनियुक्त है, सारा विवरण दिया जाए, जल्दी ही इस मुद्दे को सुलझा लिया जायेगा।

कुलपति ने एक अन्य मांग के आलोक में ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालयों में वर्षों से कार्यरत शिक्षकों का विवरण कुलसचिव से जमा करने का निर्देश दिया और उचित निर्णय लेने का भरोसा दिया गया।उन्होंने परीक्षा और मूल्यांकन से संबंधित समस्याओं को भी जल्द सुलझाने की बात भी कही। आक्समिक कोष से जुड़ी एक मांग पर कहा कि सभी महाविद्यालयों को जल्द तीन महीनों का आकस्मिक कोष प्रदान कर दिया जायेगा।




# धोनी सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेटकीपर

### ब्रेविस ने 1 ओवर में 30 रन बनाए

**कोलकाता, एजेंसी।** आईपीएल के 57वें मैच में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा। नूर अहमद ने 1 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बना दिए।

### धोनी के 200 डिस्मिसल पूरे

चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही।

# रोहित शर्मा का संन्यास है एमएस धोनी जैसा...

### हिटमैन-थाला के रिटायरमेंट में है ये दिलचस्प संयोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच साल पहले अगस्त (15 अगस्त 2020) की एक शाम को एमएस धोनी ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, जिसने क्रिकेट फैन्स को सरप्राइज कर दिया था. सोशल मीडिया पर कैप्टन कूल धोनी ने संदेश में लिखा था- आपके प्यार और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, 1929 बजे (शाम के 7 बजकर 29 मिनट) से मुझे रिटायर्ड मानिए. साथ ही उन्होंने अपने करियर के कुछ पलों का एक वीडियो भी पोस्ट किया था.

ठीक वैसे ही बुधवार शाम (7 मई) लगभग उसी समय (कुछ सेकंड कम या ज्यादा) रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी पोस्ट की. रोहित ने इसमें लि?खा कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया. ऐसे में यह एक संयोग ही था कि भारत के दो महानतम कप्तानों ने अपनी घोषणाओं का समय लगभग एक ही समय पर तय किया. एक और संयोग की बात यह है कि रोहित शर्मा और एमएस धोनी दोनों ने अपना अंतिम टेस्ट मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला. रोहित का आखिरी टेस्ट 2024 में बॉक्सिंग डे टेस्ट था क्योंकि वह सिडनी टेस्ट से पहले लाइनअप से पहले खुद ही बाहर हो गए थे, जबकि धोनी का आखिरी टेस्ट ठीक 10 साल पहले उसी स्थान पर था.

#### रोहित शर्मा का वनडे इंटरनेशनल करियर

- 273 मैच, 11168 रन, 48.76 एवरेज
- 32 शतक, 58 अर्धशतक, 92.80 स्ट्राइक रेट
- 1045 चौके, 344 छक्के

#### रोहित शर्मा का टेस्ट करियर

- 67 मैच, 4301 रन, 40.57 एवरेज
- 12 शतक, 18 अर्धशतक, 57.05 स्ट्राइक रेट
- 473 चौके, 88 छक्के

#### रोहित शर्मा का टी20 इंटरनेशनल करियर

- 159 मैच, 4231 रन, 32.05 औसत
- 5 शतक, 32 अर्धशतक, 140.89 स्ट्राइक रेट
- 383 चौके, 205 छक्के

**रोहित ने रिटायरमेंट पोस्ट में क्या लिखा** – हिटमैन रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया. 7 मई को उन्होंने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की और रेडबॉल क्रिकेट को अलविदाकह दिया।

## शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह... टीम इंडिया का नया टेस्ट कप्तान कौन? इस खिलाड़ी के फेवर में ये 5 फैक्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा रिटायर हो गए. अब सवाल है कि टीम इंडिया का नया टेस्ट कप्तान होगा? कौन होगा जो इंग्लैंड में टीम की कमान संभालेगा? कौन होगा जो टेस्ट क्रिकेट में टीम को और आगे ले जाएगा? इसे लेकर शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह के नाम सामने आ रहे हैं. लेकिन, सवाल ये है कि बनेगा कौन? क्रिकेट के जानकारों की भी इस पर अलग-अलग राय है. हालांकि, कप्तानी के इन विकल्पों में एक विकल्प ऐसा है, जिसके हाथ में टीम की कमान सौंपने के 5 बड़े फैक्टर हैं. शुरुआत सबसे सीनियर, सबसे अनुभवी जसप्रीत बुमराह से ही करते हैं. बुमराह को कप्तान बनाने को लेकर अनिल कुंबले जैसे दिग्गज वकालत कर रहे हैं. उनकी नजर में वो बेहतर विकल्प हो सकते हैं. मगर जिस तरह से पिछले दिनों आई रिपोर्ट में कहा गया कि वर्कलोड के चलते बुमराह, इंग्लैंड में सारे टेस्ट नहीं खेल सकते हैं. क्या उसके बाद भी उनके टेस्ट कप्तान बनने के आसार हैं? बुमराह के पास अब तक 3 टेस्ट में कप्तानी का अनुभव है, जिसमें उन्होंने 1 जीते और 2 हारे हैं. अपनी कप्तानी में खेले टेस्ट में वो 16.46 की औसत से 15 विकेट ले चुके हैं.




**गिल को कप्तान बना सकते हैं ये 5 फैक्टर** – कप्तानी के विकल्पों में शुभमन गिल सबसे छोटे हैं. मतलब सबसे कम अनुभवी. लेकिन, अगर लॉन्ग टर्म कप्तान बनाना है तो भारत की टेस्ट टीम के लिए गिल सबसे सॉलिड विकल्प दिखते हैं. हमारे ऐसा कहने के पीछे 5 बड़े फैक्टर भी हैं. पहला फोकस, जो कि बतौर क्रिकेटर गिल दिखते हैं. दूसरा एग्रेसिव अप्रोच, जो कि एक कप्तान के बॉडी लैंग्वेज और फैसलों में झलकना चाहिए, वो गिल में नजर आता है. गिल कप्तान बनते हैं तो ये टीम मैनेजमेंट के एग्रेसिव अप्रोच को भी दर्शाएगा. तीसरा है लॉन्ग टर्म विजन, जो कि एक टीम को आगे ले जाने के लिए जरूरी होता है. शुभमन गिल युवा हैं . उनकी नई सोच टीम के काम आ सकती है. ऐसे में उन्हें कप्तान बनाना लॉन्ग टर्म में टीम के हित का फैसला होगा. ैथा उम्र का फैक्टर. गिल अभी सिर्फ 25 साल के हैं. इस उम्र में टीम की बागडोर उन्हें मिलती है तो आने वाले समय के लिए ये मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है. गिल के पास पूरा समय होगा अपनी टीम खड़ी करने और टेस्ट क्रिकेट में राज करने का. पांचवां और आखिरी है टैक्टिकल डिसीजन, जरूरत पड़ने पर जिसे लेने में शुभमन गिल हिचकने वाले नहीं दिखते.

**ऋषभ पंत और केएल राहुल भी दावेदार कम नहीं** – बुमराह और शुभमन गिल के अलावा टेस्ट में कप्तानी के दो और दावेदार ऋषभ पंत और केएल राहुल भी हैं. इन दोनों में पंत के पास टेस्ट में कप्तानी का कोई अनुभव नहीं हैं. मगर रेड बॉल क्रिकेट में उनके गेम और एग्रेसिव अप्रोच को देखते हुए उनके नाम पर भी विचार हो सकता है. वहीं केएल राहुल को अब तक 3 टेस्ट में कप्तानी का अनुभव रहा है.

# बर्बाद हो जाएगा पाकिस्तान और बांग्लादेश क्रिकेट अगर बीसीसीआई ने किया Boycott, होगा इतना नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर क्रिकेट पर भी दिख रहा है. बीसीसीआई ने पहलगाम हमले के बाद आईसीसी से मांग की है कि उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में भी पाकिस्तान के साथ एक ग्रुप में ना रखा जाए. इससे दोनों के बीच क्रिकेट मैच और कम होने की संभावना बढ़ जाएगी. भारत अगर पूरी तरह पाकिस्तान और बांग्लादेश का बहिष्कार कर दे तो ये झटका दोनों क्रिकेट बोर्ड बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे.

### पाकिस्तान क्रिकेट हो जाएगा बर्बाद !

अगर टीम इंडिया क्रिकेट में पाकिस्तान का बहिष्कार करती है तो पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 220 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है. भारतीय क्रिकेट टीम पहले ही पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलती. ना ही आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करती है. इसी साल हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मेजबान पाकिस्तान था लेकिन भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले थे. यहाँ तक फाइनल भी दुबई में हुआ था. ये पहले से तय था कि अगर भारत फाइनल तक पहुंचती है तो दूसरी टीम चाहे पाकिस्तान ही क्यों ना हो, फाइनल दुबई में ही होगा. आईसीसी इवेंट में टीम इंडिया के साथ नहीं खेलने पर पाकिस्तान को प्रति टूर्नामेंट चक्र 168 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है. उन्हें प्रति टूर्नामेंट औसतन 15 मिलियन डॉलर से लेकर अधिकतम 20 मिलियन डॉलर का नुकसान होगा. इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर बहुत बुरा असर पड़ेगा.

### भारत के बायकाट से बांग्लादेश क्रिकेट को भी होगा करोड़ो का नुकसान

टीम इंडिया के बहिष्कार को बांग्लादेश क्रिकेट टीम भी बर्दाश्त नहीं कर सकती. जब भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछली बार बांग्लादेश का दौरा किया था तो उन्होंने 80 करोड़ रुपये कमाए थे. अगर बांग्लादेश टीम भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगी तो उसे हर सीरीज में 100 करोड़ रुपये का नुकसान होगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर आईसीसी इवेंट्स में भारत बांग्लादेश के खिलाफ नहीं खेलेगी तो बांग्लादेश को 130 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है. भारतीय क्रिकेट टीम को 2024 से 2027 के अगले प्रसारण चक्र तक आईसीसी से हर साल 1900 करोड़ रुपये मिलने वाले हैं.

# धर्मशाला से शिफ्ट किया गया आईपीएल मैच

### भारत-पाकिस्तान टेंशन को देखते हुए बीसीसीआई का बड़ा फैसला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच का वेन्यू बदल दिया गया है. इस फैसले के पीछे की वजह भारत-पाकिस्तान की बढ़ती टेंशन है. 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और क्क्य के इलाकों में आतंकियों के ठिकानों पर कार्रवाई की, जिसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव है. उसी तनाव को देखते हुए 11 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच का वेन्यू बदलने का फैसला किया है. धर्मशाला का मैच अब अहमदाबाद में होगा.

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी अनिल पटेल ने धर्मशाला से मैच शिफ्ट किए जाने की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि 11 मई को होने वाले पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मुकाबले को अब अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया गया है. हालांकि, पहले कयास लग रहे थे कि इस मुकाबले को मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम पर शिफ्ट किया जा सकता है. आईपीएल 2025 में अहमदाबाद गुजरात टाइटंस का होम ग्राउंड है.

### क्यों किया गया मैच को शिफ्ट करने का फैसला?


ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान की ओर से जवाबी हमले के खतरे को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने बॉर्डर से सटे हुए राज्यों और शहरों के एयरपोर्ट को अगले कई घंटों के लिए बंद कर दिया है. इन हवाई अड्डों से सभी तरह की सिविल उड़ानें रद्द कर दी गई हैं. धर्मशाला भी अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से महज 150 किलोमीटर दूर है. ऐसे में वहां के भी हवाई अड्डे को बंद करने का फैसला किया गया है. यही वजह है कि वहां होने वाले मुंबई और पंजाब के बीच मैच को शिफ्ट किया गया है.

### पंजाब और दिल्ली के मैच पर आंच नहीं

धर्मशाला में 8 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला है. इस मुकाबले पर हालांकि किसी तरह की कोई आंच नहीं आई है. पहले कयास लग रहे थे कि इस मुकाबले का वेन्यू भी बदल सकता है. मगर, पंजाब और दिल्ली का मैच अपने त. कार्यक्रम के मुताबिक धर्मशाला में ही होगा.

# आईपीएल 2025 के बीच राजस्थान रॉयल्स का स्पीड स्टार चोटिल

### 150 की रफ्तार वाले गेंदबाज ने मारी एंट्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के स्पीड स्टार संदीप शर्मा आईपीएल 2025 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं. संदीप को उंगली में चोट आई है, जिसके कारण वो आगे के मैचों में नहीं खेल पाएंगे. उनकी जगह टीम ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को अपने स्क्वाड में शामिल किया है. नांद्रे बर्गर को अपनी घातक स्पीड के लिए जाना जाता है और 150 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से बॉलिंग कर सकते हैं. संदीप शर्मा ने आईपीएल 2025 में कुल 10 मैच खेलकर 9 विकेट लिए, लेकिन अब उंगली में चोट के कारण वो अगले मैचों में नहीं खेल पाएंगे. दक्षिण अफ्रीकी फास्ट बॉलर नांद्रे बर्गर की बात करें तो उन्होंने 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए अपना आईपीएल डेब्यू किया था. पिछले सीजन उन्होंने 6 मैचों में 7 विकेट लिए थे. अब क्क्रने नांद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में अपने स्क्वाड में शामिल किया है. राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल 2025 सीजन मुश्किलों भरा रहा है. क्क्र फ्रैंचाइजी ने गुरुवार को ही टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज नितीश राणा का रिप्लेसमेंट घोषित किया था.



# क्या रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली को भी मिला संन्यास लेने का अल्टीमेटम?

### सामने आई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने तो टेस्ट से संन्यास ले लिया है. लेकिन, अब एक और बड़े खिलाड़ी को लेकर कहा जा रहा है कि उसे भी संन्यास लेने का अल्टीमेटम दे दिया गया है. सवाल है वो बड़ा खिलाड़ी कौन है? कहीं वो विराट कोहली तो नहीं? या फिर वो रवींद्र जडेजा है? सामने आई रिपोर्ट में उस खिलाड़ी के नाम का जिक्र तो नहीं है मगर बात चूंकि बड़े खिलाड़ी की है, इसलिए कयास विराट या जडेजा को लेकर लग रहे हैं. सवाल ये भी है कि उस बड़े खिलाड़ी को संन्यास ले लेने का अल्टीमेटम दिया क्यों गया?

सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि रोहित शर्मा को पहले ही बता दिया गया था कि उन्हें इस साल जून में होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए नहीं चुना जाएगा. रिपोर्ट में आगे कहा गया कि रोहित को 14 या 15 मई को संन्यास का ऐलान करना था, मगर उन्होंने एक हफ्ते पहले ही उसकी घोषणा कर खलबली मचा दी. जिस रिपोर्ट में रोहित के बारे में इतनी जानकारी मिली, उसी में सूत्रों के हवाले से ये भी लिखा गया कि अब एक और भारतीय खिलाड़ी को भी संन्यास का अल्टीमेटम मिल चुका है.

- **बड़े खिलाड़ी पर छोड़ा गया संन्यास का फैसला- रिपोर्ट** – रिपोर्ट में कहा गया कि उस बड़े खिलाड़ी को ये निर्देश दिया जा चुका है कि भविष्य की टीम में उनकी जगह नहीं बनती. ये भी कहा गया कि संन्यास लेने का फैसला भी उस खिलाड़ी के हाथों में ही छोड़ दिया गया है. अब देखना ये है कि वो खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट की घोषणा कब करता है. या फिर वो बीसीसीआई से कुछ सेटिंग कर टीम में बने रहता है.
- **बड़े खिलाड़ियों को अल्टीमेटम क्यों** – अब सवाल ये है कि टीम के बड़े खिलाड़ियों को इस तरह के अल्टीमेटम मिल क्यों रहे हैं. सामने आई रिपोर्ट में उसकी वजह बताते हुए कहा जा रहा है कि अजीत अगरकर वाली सेलेक्शन कमिटी का पूरा फोकस युवा खिलाड़ियों को आजमाने, टीम में उन्हें मौका देने का है. उनके इसी सोच और इरादे के चलते टीम के बड़े खिलाड़ियों को संन्यास का अल्टीमेटम दिए जाने जैसी खबर सामने आ रही है.

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में प्रदूषण का जहर घोल रहे आधा फीसदी वाहनों पर भी नहीं हुई कार्रवाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण का जहर घोलने वाले पुराने वाहनों पर कार्रवाई बेहद सुस्त है। बीते दो वर्ष में अपनी समय अवधि पूरी कर चुके सिर्फ एक फीसदी वाहनों पर ही दिल्ली में कार्रवाई हुई,जबकि एनसीआर के जिले और भी पिछड़े हुए हैं। वहां पर आधा फीसदी भी पुराने वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पाई है। यह जानकारी केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की रिपोर्ट में सामने आई। अलग-अलग शोध बताते हैं कि वाहनों से निकलने वाले धुएं की दिल्ली के प्रदूषण में हिस्सेदारी 42 फीसदी या उससे ज्यादा हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक,आम वाहनों की तुलना में समय अवधि पूरा कर चुके वाहनों से ज्यादा प्रदूषण होता है। इसलिए पुराने वाहनों के संचालन पर रोकथाम की जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023 और 2024 में दिल्ली में सिर्फ एक फीसदी पुराने वाहनों पर ही कार्रवाई की जा सकी। जबकि, हरियाणा के एनसीआर जिलों में केवल 0.15 फीसदी पुराने वाहनों पर ही कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश में 0.4 फीसदी और राजस्थान के एनसीआर जिलों में 0.24 फीसदी वाहनों पर ही कार्रवाई हुई है। कार्रवाई में सुस्ती का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि 2023 में हरियाणा के एनसीआर जिलों में 220 वाहनों पर कार्रवाई हुई।

## एक्वा लाइन की रूट के स्टेशन बढ़ेंगे,डेपो स्टेशन से बोड़ाकी जाएगी मेट्रो,जल्द मिलेगी मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार से इसी महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसल्टेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है। अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा। इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। डीएमआईसी मेट्रो रूट के लिए एनएमआरसी को जमीन उपलब्ध कराएगा। इसी महीने होने वाली आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की बैठक में इस रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। 500 करोड़ रुपये से कम बजट का रूट होने के कारण यह मंजूरी के लिए कैबिनेट की बैठक में नहीं जाएगा। टेंडर में एजेंसी का चयन हो जाता है तो अगले दो से तीन महीने में काम शुरू हो जाएगा। काम शुरू होने के बाद इसे पूरा होने में कम से कम तीन साल का समय लगेगा। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि बोड़ाकी रूट को मंजूरी मिलने के बाद अगले एक-दो महीने में सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन रूट को भी मंजूरी मिल सकती है। इस रूट को कैबिनेट से मंजूरी देगा। अगले चरण में नोएडा से ग्रेनो वेस्ट रूट को मंजूरी मिलेगी। इस हब में लोगों के ठहरने के लिए होटल भी बनाए जाएंगे। यहां ट्रेन, मेट्रो, अंतरराज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यहां रेलवे और बस टर्मिनल बनाया जाएगा।

# भारतीय मुसलमानों को 15 मिनट के लिए सत्ता सौंप दी जाए पाकिस्तान को कर देंगे नेस्तनाबूद : एआईएमआईएम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों की हत्या कराना पाकिस्तान और उसके पाले हुए आतंकवादियों को अब भारी पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर घातक मिलाइलों को लॉन्च करके मुंहतोड़ जवाब दिया है। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद से ही भारत का हर एक नागरिक का खून खौल रहा है। इस बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता ने कहा है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारतीय मुसलमानों को महज 15 मिनट के लिए सत्ता सौंप दी जाए।दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने पाकिस्तान पर अपना आक्रोश जाहिर करते हुए कहा, भारत के मुसलमानों को सिर्फ 15 मिनट के लिए सत्ता सौंप दी जाए। हम बता देंगे कि पाकिस्तान को कैसे नेस्तनाबूद किया जा सकता है। भारत के मुसलमानों ने इस टू नेशन थ्योरी को रिजेक्ट किया और इसके बाद देश को बनाने में, इसकी तरक्की में जो किरदार निभाया है वह अविस्मरणीय है। एक यूट्यूब चैनल को दिए



इंटरव्यू में शोएब ने कहा कि कल जो डेढ़ बजे हुआ है वह इतिहास में दर्ज होगा। बहुत बड़ा मील का पत्थर है। बहुत दिनों से पाकिस्तान में जो आतंकवादी ढांचा है, कैंप है, उसका नेस्तानाबूद होना जरूरी था। जो भी आंखें, जो भी ताकत हमारी सीमा के इस बार नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी उन ताकतों को नेस्तानाबूद करना, उन आंखों को नोचना जरूरी है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी का जिक्र करते हुए कहा कि जब बात भारत के आन-बान शान पर आती है तो भारत का मुसलमान सर्वोच्च बलिदान देकर सीमा की हिफाजत को तैयार है। जमई ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत के पीएम को ही नहीं, यहां के सभी लोगों को चैलेंज किया था। अब पाकिस्तान पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म। धर्म पूछकर मारा गया, क्योंकि उनकी साजिश थी कि देश में हिंदू-मुस्लिम नफरत पैदा हो जाए। एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी पर पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान पर गुस्से से लाल हैं। पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत जिंदाबाद के नारे लगाए हुए उनके वीडियो भी खूब वायरल हैं। ओवैसी ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा, मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो। पाकिस्तान के आतंक ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए। जय हिन्द!

## आरोपी खुद की तुलना भगत सिंह से नहीं करें; संसद सुरक्षा चूक मामले में पुलिस से भी हाईकोर्ट का तीखा सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने संसद भवन को देश का गौरव बताते हुए कहा है कि 2023 में इसकी सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले लोग खुद की तुलना भगत सिंह जैसे शहीदों से नहीं कर सकते हैं। अदालत ने यह बात मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। साथ ही अदालत ने दिल्ली पुलिस से भी आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम जैसे कठोर कानून के तहत मामला दर्ज करने को लेकर तीखा सवाल पूछा, जिसमें जमानत मिलना मुश्किल होता है। इसके अलावा कोर्ट ने पुलिस से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि क्या संसद के अंदर और बाहर धुआं फैलाने वाला उपकरण ले जाना या उनका उपयोग करना आतंकवादी गतिविधि मानी जा सकती है।

जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, 'संसद भवन में किसी भी तरह की शरारत या ऐसा कुछ नहीं किया जा सकता। वो (संसद) निश्चित रूप से देश का गौरव है। इस बारे में आपसे कोई सवाल नहीं कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह यूएपीए के तहत अपराध बनता है, जिसमें जमानत के लिए सख्त प्रावधान हैं? ऐसे अन्य अधिनियम भी हो सकते हैं जिनके तहत आप आगे बढ़ सकते हैं। इसमें कोई समस्या नहीं है। अदालत ने जोर देकर पूछा कि मुद्दा यह है कि क्या यूएपीए के तहत अपराध का मामला बनता है।'

उच्च न्यायालय ने पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या संसद के अंदर और बाहर धुआं फैलाने वाला उपकरण ले जाना या उनका उपयोग करना यूएपीए के अंतर्गत आता है और क्या यह आतंकवादी गतिविधियों की परिभाषा के अंतर्गत आता है। इसके आगे पीठ ने कहा, 'यदि ऐसा नहीं है तो उनकी स्वतंत्रता पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए, साथ ही आप (पुलिस) मुकदमा भी जारी रख सकते हैं और उन्हें जमानत पर छोड़ा जा सकता है। वे केवल जमानत के लिए आवेदन कर रहे हैं।'

## साधारण सी दिखने वाली इस घड़ी की वजह से गिरफ्तार हुआ शख्स, कीमत इतनी कि अंदाजा लगाना भी मुश्किल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने हाल ही में एक पुरुष यात्री को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक लग्जरी ब्रांड की बेहद कीमती कलाई घड़ी बरामद हुई। जिसके बाद उसके खिलाफ तस्करी के आरोप में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। 47 वर्षीय आरोपी के पास से अधिकारियों ने पैटेक फिलिप ब्रांड की एक घड़ी जब्त की, जिसका बाजार मूल्य लगभग 83 लाख रुपए है। साथ ही उसकी निशानदेही पर ऐसी ही घड़ियों को खरीदने वाले एक अन्य शख्स को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से पुलिस ने 50 लाख रुपए की नगदी जब्त करने में सफलता पाई।

अधिकारियों ने बताया कि घड़ी तस्करी कर लाने वाले आरोपी यात्री के पास हांगकांग का पासपोर्ट है और वह 4 मई को हांगकांग से ढ्ढत्रढ्ढ एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पहुंचा था। आरोपी यात्री ने बताया कि कस्टम ड्यूटी को बचाने के लिए वह उस घड़ी को सामान में छुपाकर हांगकांग से दिल्ली लाया था।

पूछताछ के दौरान, यात्री ने इससे पहले भी चार घड़ियों की तस्करी करने की बात कूबल की, साथ ही बताया कि तस्करी की गई उन घड़ियों का कुल मूल्य लगभग 2.5 करोड़ रुपए था। आगे की जांच में इन घड़ियों को मंगवाने वाले दो भारतीय ग्राहक भी पकड़े गए, जिन्होंने एक ही यात्री से लगभग 2.5 करोड़ रुपए की तस्करी की



गई घड़ियां प्राप्त करने की बात मानी।

इसके बाद अधिकारियों ने तस्करी की गई घड़ी के एक भारतीय खरीदार को 50 लाख रुपए की भारतीय मुद्रा के साथ पकड़ लिया। खरीदार ने माना कि यह नकदी तस्करी की गई घड़ी के आंशिक भुगतान के रूप में लाई गई थी। आगे उसने दोनों रिसीवर के साथ नियमित संपर्क में रहने की बात स्वीकार की और तस्करी की गई घड़ियों की खरीद और भारत में अपने ग्राहकों को सौंपने में अपनी मिलीभगत की पुष्टि की।

इस बारे में आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम की एडिशनल कमिश्नर मयूशा गोयल ने एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने बताया कि जब्त हुई 'पैटेक फिलिप' कंपनी की घड़ी और 50 लाख रुपए की भारतीय मुद्रा को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत जब्त कर लिया गया है। साथ ही यात्री और रिसीवर को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 104 के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## दिल्ली के ओखला गांव में चलेगा अतिक्रमण विरोधी अभियान, सुप्रीम कोर्ट ने एक शर्त के साथ दी अनुमति

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक और इलाके में जल्द ही अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू होता नजर आएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय) ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को ओखला गांव में अतिक्रमण और अवैध निर्माण को ढहाने का निर्देश दे दिया। कोर्ट ने एक शर्त के साथ यह अनुमति दी, जिसके अनुसार संबंधित व्यक्ति को कम से कम 15 दिन का नोटिस दिया जाना जरूरी होगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने प्राधिकरण को तीन महीने के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा, 'हम डीडीए को 2 बीघा और 10 बिस्वा क्षेत्र में हुए अनधिकृत निर्माण संरचनाओं के संबंध में कानून के अनुसार



ढहाने की कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि जब हम कानून की उचित प्रक्रिया की बात करते हैं, तो किसी भी संरचना को ढहाने से पहले संबंधित व्यक्ति को कम से कम 15 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए।' उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कुल 3 बीघा और 8 बिस्वा जमीन, जो डीडीए को नहीं सौंपी गई थी, में से 1 बीघा और 8 बिस्वा का क्षेत्र पीएम-उदय योजना के दायरे में आता है और शेष क्षेत्र योजना के दायरे से बाहर है।

सर्वोच्च अदालत ने कहा, 'हम राज्य सरकार को निर्देश देते हैं कि वह 3 बीघा 8 बिस्वा क्षेत्र के संबंध में अवैध संरचनाओं को ढहाए जाने की कार्रवाई करे, जो कानून के अनुसार पीएम उदय योजना के अंतर्गत नहीं आता है।'

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणियां दिल्ली में सार्वजनिक भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और वैध निर्माण के विरुद्ध अपने 2018 के निर्देशों के उल्लंघन के खिलाफ एक अवमानना ??याचिका पर सुनवाई करने के दौरान की।

## उत्तर कोरिया ने अपने समुद्री क्षेत्र में कई मिसाइलें दागीं: दक्षिण कोरिया

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने बताया कि पूर्वी बंदरगाह शहर वॉनसन के आसपास के क्षेत्र से सुबह आठ बजकर 10 मिनट से नौ बजकर 20 मिनट के बीच कई मिसाइलें दागी गई जिनमें से सबसे अधिक दूरी लगभग 800 किलोमीटर तक थी। हालांकि, इस बारे में स्पष्ट नहीं बताया गया कि कितनी मिसाइलें दागी गई। दक्षिण कोरिया की सेना के प्रवक्ता ली सुंग जून ने मीडिया को बताया कि उत्तर कोरिया के प्रक्षेपणों का उद्देश्य संभवतः उन हथियारों के प्रदर्शन का परीक्षण करना था जिन्हें वह निर्यात करने की योजना बना रहा है। उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैन्य उपकरण की आपूर्ति कर रहा है और अपने सैनिकों को भी भेज रहा है। जॉइंट चीफ ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने प्रक्षेपण की तैयारियों को पहले ही भांप लिया था और मिसाइलों





के प्रक्षेपण के बाद उन पर नजर रखी।

जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी ने संवाददाताओं से कहा कि उत्तर कोरिया की कोई भी मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र तक नहीं पहुंची और क्षेत्र में जहाजों या विमानों को कोई नुकसान नहीं हुआ। नकातानी ने कहा कि जापान सरकार ने बीजिंग स्थित उत्तर कोरियाई दूतावास के माध्यम से इन प्रक्षेपणों का ''कड़ा विरोध और कड़ी निंदा'' की है। इससे पहले, अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सैनिकों द्वारा वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किए जाने के कुछ घंटों बाद 10 मार्च को उत्तर कोरिया की तरफ से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई थीं, लेकिन इसके बाद से यह पहली ज्ञात प्रक्षेपण गतिविधि थी। बताया जाता है कि इस साल मिसाइल दागे जाने की यह छठी घटना थी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम में तेजी ला रहे हैं जिससे कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव हाल के महीनों में काफी बढ़ गया है। इसके अलावा उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का समर्थन करने के लिए हथियारों की आपूर्ति कर रहा है और अपने सैनिकों को भी भेज रहा है।

## अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात, ईरान ने प्रस्ताव से जुड़ी रिपोर्ट को किया खारिज

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि तेहरान ने वाशिंगटन के साथ सीधे परमाणु वार्ता का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने बुधवार को ईरान के प्रेस टीवी से बात करते हुए इजरायली न्यूज वेबसाइट वाईनेट की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था। साथ ही उन्होंने ओमानी मध्यस्थता से निराशा के कारण सीधे परमाणु वार्ता का अनुरोध किया था। समाचार एजेंसी



सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाघई ने इस बात से भी इनकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मिल सकते हैं।

# कोलंबिया यूनिवर्सिटी: फलस्तीन समर्थक छात्रों ने लाइब्रेरी में किया प्रदर्शन

### हेट क्राइम केस में युवक गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**

इस्राइल और हमास के बीच चल रहे सघर्ष को लेकर दूनियाभर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन कर इस्राइल के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करा रहें है। इसी बीच अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बुधवार शाम को उस वक्त तनाव बढ़ गया जब दर्जनों फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मास्क पहनकर यूनिवर्सिटी की मुख्य लाइब्रेरी में घुस गए और वहां इस्राइल के विरोध में प्रदर्शन करने लगे।

**सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर लाइब्रेरी में घुसे प्रदर्शनकारी:** इस पूरे घटना क्रम का वीडियो सोशल मीडिया



पर वायरल हुआ, जिसमें साफ तौर पर देखा गया कि एक तरफ प्रदर्शनाकारियों ने सुरक्षा गार्डस को धक्का देकर अंदर प्रवेश किया। साथ ही लाइब्रेरी के अंदर फलस्तीनी झंडे और बैनर लगाए। इन बैनरों में लिखा था कि कोलंबिया विल बर्न...हालांकि मामले में बढ़ते तनाव को देखते हुए न्यूयॉर्क पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच माहौल को नियत्रित करने लगे।

**हेट क्राइम के मामले में एक युवक की गिरफ्तारी:** बता दें कि इसी शाम अमेरिका के न्याय विभाग ने एक 20 वर्षीय युवक तारेक बजरूक पर यहूदी लोगों पर हमला करने के आरोप में हेट क्राइम के तहत मामला दर्ज किया। बजरूक पर आरोप है कि उसने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के पास एक प्रदर्शन में एक व्यक्ति को लात मारी, इस्राइली झंडा छीना और एक व्यक्ति को घूंसा मारा। कोर्ट ने फिलहाल उसे रातभर हिरासत में रखने का आदेश दिया है और गुरुवार को उसकी जमानत पर सुनवाई होगी। हालांकि बजरूक के वकील ने कहा कि वे कोर्ट में उनका मजबूती से बचाव करेंगे।

मामले में यूनिवर्सिटी की प्रेसिडेंट क्लेयर शिपमैन ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को कई बार अपनी पहचान दिखाने और वहां से जाने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने न्यूयॉर्क पुलिस से मदद मांगी। वहीं न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि पुलिस वहां गैरकानूनी रूप से मौजूद लोगों को हटाने पहुंची थी। वहीं प्रदर्शन कर रहे छात्र समूह कोलंबिया यूनिवर्सिटी अपार्टहेड डिवेस्ट ने कहा कि उन्होंने लाइब्रेरी इसलिए कब्जाई क्योंकि यूनिवर्सिटी साम्राज्यवादी हिंसा से मुनाफा कमा रही है।

## ब्राजील के उच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला, पहली बार किसी को लैंगिक तौर पर तटस्थ घोषित किया

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील के एक उच्च न्यायालय ने एतिहासिक फैसला सुनाते हुए एक व्यक्ति को लैंगिक तौर पर तटस्थ घोषित किया है। मतलब न उसे पुरुष माना जाएगा और न ही महिला। हालांकि उच्च न्यायालय के इस फैसले की समीक्षा हो सकती है। यह फैसला ब्राजील के ब्रासीलिया के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस ने बुधवार को सुनाया। जिस व्यक्ति ने यह मांग की थी, वह अपने जन्म प्रमाण पत्र पर लिंग तटस्थ पदनाम चाहता था। याचिका दायर करने वाला व्यक्ति पहले महिला था, लेकिन लिंग परिवर्तन कराकर वह पुरुष बन गया। ऐसे में पहले उसने खुद को पुरुष के रूप में वर्णित करने की मांग की, लेकिन कुछ साय बाद उसे पछतावा हुआ तो उसने अदालत से अपील की कि उसे लैंगिक तौर पर तटस्थ घोषित किया जाए। पैनल में शामिल जजों ने भी इस मामले को नाटकीय बताया, लेकिन ये भी माना कि याचिकाकर्ता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाकी जज भी इस बात से सहमत हुए। फिलहाल ब्राजील की उच्च न्यायालय ने इस मामले को सील कर दिया है। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।

# लंबित एलपीसी को सप्ताह भर में निष्पादित करें : अपर समाहर्ता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभागार में अपर समाहर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी ने गुरुवार को जिले में संचालित ओएनजीसी एवं गेल इंडिया के परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण को लेकर विधि व्यवस्था से संबंधित मामलों के प्रगति आदि की समीक्षा बैठक की। मौके पर चास एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीपीएमयू के संजय कुमार, चंदनकियारी एवं गोमिया अंचल के अंचल अधिकारी दोनों कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक में गेल इंडिया के चंदनकियारी अंचल क्षेत्र में गैस पाइपलाइन अधिष्ठापन एवं ओएनजीसी कंपनी के गैस पाइपलाइन एवं कुआँ अधिष्ठापन को लेकर जारी भू-अधिग्रहण की प्रगति की जानकारी ली। अपर समाहर्ता ने चंदनकियारी अंचल अधिकारी एवं गोमिया अंचल अधिकारी को संबंधित अधिग्रहित भूमि का लैंड पोजिशनिंग सर्टिफिकेट (एलपीसी) संबंधित कंपनियों को सप्ताह भर में निष्पादित करते हुए निर्गत करने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि अधिग्रहण कार्य में उत्पन्न हो रहे विधि व्यवस्था से संबंधित मामलों की अंचल वार समीक्षा की एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। प्रस्तावित परियोजना में गति को लेकर योजनाबद्ध कार्य करने की बात कहीं। जिला भू अर्जन टीम को आगामी 15 मई को सिल्फोर में ओएनजीसी पाइप लाइन अधिष्ठापन को लेकर पंचायत भवन में शिविर लगाकर शेष रैयतों के बीच मुआवजा वितरण को लेकर मामलों पर सुनवाई करने का निर्देश दिया। उक्त शिविर में ग्रामीण/रैयत, अंचलाधिकारी, राजस्व कर्मी, अमीन व पुलिस जवान आदि शामिल होंगे। उन्होंने सिल्फोर में 05 एकड़ भूमि अधिग्रहण को लेकर भी 16 मई को बैठक करने की बात कहीं। उधर, गेल इंडिया के चंदनकियारी के नयावन में कुछ रैयत द्वारा आपत्ति/विवाद के मामलों को अनुमंडल पदाधिकारी चास को एजेंसी - कंपनी के पदाधिकारियों संबंधित रैयतों के साथ बैठक कर निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई एवं जरूरी दिशा-निर्देश अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

# बीएसएल में 'रुबरु' कार्यक्रम आयोजित






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 08 मई को बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में 'रुबरु' नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बीएसएल के 40 अनाधिशासी कार्मिक शामिल हुए थे. संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी की अगुवाई में सभी ने सुरक्षा शपथ ली. सहायक महाप्रबंधक श्री अमित आनंद ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बीएसएल द्वारा ज्ञानार्जन एवं विकास की दिशा में किए गए पहल यथा लिंक्डइन, फ्यूचर प्राइम इत्यादि प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू, ई - पाठशाला और अन्य ऐसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीएसएल द्वारा अपने कर्मियों को ज्ञानार्जन हेतु उपलब्ध कराये जा रहे नए अवसरों पर प्रकाश डाला. निदेशक प्रभारी ने अपने उद्बोधन में ज्ञानार्जन एवं विकास की अहमियत को रेखांकित करते हुए सभी को सीखने के इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाने, ज्ञानार्जन द्वारा सेल्फ डेवलपमेंट, बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने तथा डिजिटलाइजेशन एवं ए आई के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से अवगत होने पर बल दिया. परिचर्चा में प्रतिभागियों ने भी ज्ञानार्जन एवं विकास से सम्बंधित अपने विचार साझा किए. कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के उप महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार ने किया.

**ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में तकनीकी लैब का उद्घाटन**

आज दिनाँक 08 मई को ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में संयंत्र के विभिन्न विभागों के कर्मियों के तकनीकी प्रशिक्षण हेतु इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक लैब , कंप्यूटर लैब तथा ए बी बी ड्राइव्स के प्रशिक्षण कीट का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा के द्वारा किया गया. उदघाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) के साथ मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) देबाशीष सरकार तथा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा उपस्थित थीं. सर्वप्रथम मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा कर्मियों के तकनीकी प्रशिक्षण हेतु इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक लैब , कंप्यूटर लैब तथा ए बी बी ड्राइव्स के प्रशिक्षण कीट के बारे में विस्तृत जानकारी दी. मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता तथा मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) देबाशीष सरकार ने सभी प्रशिक्षार्थियों से अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया. अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा ने अपने संबोधन में तकनीकी रूप से उत्कृष्ट लैब के स्थापना के लिए सभी को बधाई दी तथा नित नवीन तकनीक के ज्ञानार्जन के माध्यम से बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाने की अपील की. कार्यक्रम का सञ्चालन तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) डी आर टोप्पो के द्वारा किया गया. कार्यक्रम के आयोजन मे प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री जय नारायण यादव तथा ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सुपरवाइजर श्री दामोदर प्रसाद दुबे ,वरीय ऑपरेटर श्री नवनीत कुमार सिंह, हरेराम सिंह, अजय रविदास तथा भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान था.

**बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस क्षेत्र में 'जीरो टॉलरेंस सुरक्षा नियमों' के कार्यान्वयन हेतु रोको-टोको कार्यक्रम का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस क्षेत्र में 'जीरो टॉलरेंस सुरक्षा नियमों' के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय, विभागीय सुरक्षा अधिकारी महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री धनंजय कुमार, और सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक रोको-टोको कार्यक्रम आयोजित किया गया. बेहतर सुरक्षा कार्यान्वयन के लिए उल्लंघनकताओं को भविष्य में इस तरह के किसी भी प्रकार के उल्लंघन से बचने के लिए सलाह दी गई. रोको-टोको कार्यक्रम में ब्लास्ट फर्नेस विभाग के श्री महेंद्र प्रसाद, जीएम (बीएफ/इलेक्ट), मानस सरकार, जीएम (बीएफ/मैक), श्याम सुंदर, महाप्रबंधक(बीएफ/आप.), जयंत जोद्दार, जीएम (बीएफ/आप.), अनुपम रे, महाप्रबंधक (बीएफ/आप.), बिनय कुमार, महाप्रबंधक (बीएफ/इलेक्ट), अल्फेड टोप्पो, जीएम (बीएफ/मैक), पी. सौरभ, महाप्रबंधक (बीएफ/इलेक्ट), पी.के. सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी (एसईडी), डी कुमार, उप प्रबंधक (सुरक्षा) शामिल थे.

## संक्षिप्त समाचार

### केजीबीवी गोमिया का चापाकल हुआ दुरूस्त छात्राओं को राहत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), गोमिया में खराब पड़ें चापाकल को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आज दुरूस्त कर दिया गया। ताकि छात्राओं को किसी तरह की पेयजल की कोई समस्या नहीं हो। जानकारी हो कि, केजीबीवी गोमिया की वार्डन ने चापाकल खराब होने की जानकारी देते हुए मरम्मत करने का अनुरोध किया था। उधर, उपायुक्त ने गर्मी को देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, मुखिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को खराब पड़ें चापाकलों को दुरूस्त कराने को लेकर युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर मरम्मत कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने खराब चापाकल की शिकायत प्राप्त होते ही, त्वरित टीम भेज मरम्मत करना सुनिश्चित करने को कहा है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज ने दिए कई निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दस मई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। इसी कड़ी में गुरुवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बैंक, इंश्योरेंस कंपनी व अन्य विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का निस्तारण हो इसके लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि ज्यादा से ज्यादा मात्रा में बैंक ऋण संबंधित वादों का निपटारा करने में अपना योगदान दें जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में आए जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंच सके और उनके वादों का त्वरित निपटारा हो सके जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत की परिकल्पना को सार्थक किया जा सके।

### राष्ट्रीय नर्स सप्ताह के तीसरे दिन रोचक खेलों का हुआ आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मांझीलाडीह स्थित जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सप्ताह के तीसरे दिन नर्सिंग के प्रशिक्षु विद्यार्थियों के बीच बहुत ही रोचक खेल कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. ने बताया कि यह खेल का आयोजन विद्यार्थियों को अपने एथलीट कौशल दिखाने एवं विभिन्न खेलों में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। यह खेल आयोजन केवल शारीरिक फिटनेस प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं हुआ,बल्कि खेल भावना और टीम वर्क जिसमें उन्हें समन्वय और सहयोग कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी। कॉलेज के शिक्षिकाओं ने भी खेल आयोजन में विद्यार्थियों संग भाग लिया जिससे कॉलेज में उत्सव का माहौल और छात्रों के बीच एक यादगार मजेदार अनुभव बना। 9 मई को रंगोली कंपटीशन,10 मई को नर्सेज डे थीम पर स्पीच कंपटीशन एवं सप्ताह के अंतिम दिन 12 मई को राष्ट्रीय नर्स सप्ताह का समापन किया जाएगा।

### रेड क्रॉस सोसाइटी में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरूवार को विश्व रेडक्रास दिवस पर भारतीय रेडक्रास सोसाइटी में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन,प्राथमिकता चिकित्सा प्रशिक्षण एवं सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई। ब्लड डोनेशन कैंप में सोसाइटी के संयुक्त सचिव दिलीप सिंह समेत 20 सदस्यों ने रक्तदान किया। कैम्प में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, वाइस चेयरमैन धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक, (सचिव) कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, ब्लड डोनेशन प्रोग्राम बेनजीर परवीन, नोडल स्वास्थ्य डाक्टर जिम्मी अभिषेक, नोडल वाहन देवेन्द्र कुमार,राधेश्याम गोस्वामी, बिजेंद्र कुमार, मनीष रंजन, सुधीर वर्णवाल, अरूण कुमार वर्णवाल, रंजीत सिंह, रंजीत कुमार, इरशाद ,बिल्लू,लीला मांजी, ललिता सिंह, प्रीति सिंह,रियासत अली, कृष्ण कुमार वर्मा, कलीम अंसारी, गोपाल भट्टाचार्य, सतीक अंसारी, नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, विजय कुमार वर्मा ने आयोजन में सक्रिय सहयोग किया

## सामुदायिक पुलिसिंग जामताड़ा पुलिस की सराहनीय पहल

**जामताड़ा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस और पब्लिक के बीच संबंध बेहतर बनाये रखने को लेकर जामताड़ा पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों का हर तरह से सहयोग का प्रयास किया जा रहा है। जामताड़ा थाना परिसर में आज आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच बेहतर संबंध बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब ने विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में एसपी ने खोए हुए 103 रिकवर मोबाइल उनके धारकों के बीच वापस वितरित किए। मौके पर एसपी ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खोए हुए मोबाइल पर हमारी टीम ने गहन कार्य कर पिछले दो वर्षों में खोए हुए मोबाइल को वापस धारकों के बीच वितरित किया है।

## सभी प्रखंडों में आधार शिविर का हो रहा आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न बैंकों/पोस्ट ऑफिस/प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में संचालित आधार पंजीकरण/सुधार केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष शिविर आगामी 17 मई 2025 तक सतत जारी रहेगा। आयोजित विशेष शिविर में लोगों की काफी भीड़ जुट रही है।

आमजन नया आधार पंजीकरण कराने के साथ ही आधार को अपडेट (संशोधन) करा रहें हैं। आधार को लेकर आयोजित विशेष शिविर का सभी बीडीओ ‍झ सीओ ने अपने - अपने प्रखंडों में निगरानी किया। वहीं, यूआइडी के डीपीओ ने भी विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष अभियान को सफल बनाने को लेकर निर्देश दिया। उल्लेखनीय हो कि, सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु आधार कार्ड लाभुकों के पास होना अनिवार्य है। बिना आधार कार्ड के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए आमजनों से अपील है कि वह शिविर में शामिल होकर अपना आधार कार्ड बनाएं एवं अपडेट करें। 05 मई से आयोजित इस विशेष शिविर में अब तक कुल 335 लोगों ने अपना नया आधार कार्ड बनाया एवं 2251 लोगों ने अपने आधार में नाम/मोबाइल नंबर/ई-मेल आइडी आदि को अपडेट (संशोधित) कराया है।

## गृह निर्माण सहकारी समिति की बैठक

### पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कार्रवाई करने का निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय सभागार में बोकारो जिला अंतर्गत सभी गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष,सचिव,प्रबंधक के साथ पर्यावरण सह प्रदूषण से संबंधित बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया ने किया।

मौके पर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार उपस्थित थे। बैठक में गृह निर्माण समितियों द्वारा उत्सर्जित प्रदूषित जल का ट्रीटमेंट,जल संरक्षण संबंधी उपाय पर विमर्श,कचरों का निस्तारण हेतु सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के अधिष्ठापन, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण करने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी और जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा निम्न निर्देश दिया गया।

- गृह निर्माण सहकारी समिति के प्रत्येक घर में सॉक्पिट बनाना आवश्यक है।
- कचरा निस्तारण के लिए प्रत्येक समिति सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का अधिष्ठापन करें।
- घरों से निकलने वाले प्रदूषित जल के ट्रीटमेंट के लिए प्रत्येक समिति वाटर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अधिष्ठापन अविलंब करें।
- साफ सफाई के लिए समुचित व्यवस्था प्रत्येक समिति करें।
- समिति के खाली स्थानों, घरों,पार्कों आदि में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण करें।
- समय समय पर प्रदूषण और पर्यावरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाय।

मौके पर समिति सदस्यों को पर्यावरण,प्रदूषण के प्रावधानों के कानूनी पहलुओं और इससे संबंधी जुर्माना/दंड अधिरोपण के संबंध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सभी गृह निर्माण सहकारी के अध्यक्ष/ प्रबंधक /सचिव आदि ने भी अपने विचार- व्यक्त किया।

## मुआवजा भुगतान वितरण शिविर 16 मई को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ओएनजीसी बोकारो हेतु अधिग्रहित भूमि भू-अर्जन वाद संख्या-09/2015 -16 में अंचल चन्दनकियारी, मौजा सिलफोर, थाना संख्या- 211, कुल रकवा 5.1500 एकड़ भूमि (सिलफोर, पेड-बी) के प्रभावित रैयतों के साथ मुआवजा भुगतान संबंधित वार्ता एवं अन्य समस्या के समाधान हेतु *जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,बोकारो की अध्यक्षता में बैठक हेतु तिथि निर्धारित की जाती है।

**जिसकी विवरणी निम्नवत है:-**

दिनांकः 15.05.2025, विषयः प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु दावा प्राप्त करने के संबंध में। ओएनजीसी मौजा सिलफोर, पाइप लाइन स्थानः सिलफोर पंचायत भवन, सिलफोर, चन्दनकियारी। दिनांकः 16.05.2025, ओएनजीसी, मौजा सिलफोर, पीएडी-बी, विषयः प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान के संबंध में। स्थलः ओएनजीसी कार्यालय, प्रथम तल, एचएससीसल भवन, नया मोड़, बोकारो।

## डीएवी के बच्चों ने मोटिवेशनल स्पीच का उठाया लाभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएवी सेक्टर 4 में दसवीं से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए मोटिवेशनल स्पीच का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में एकत्रित युवा शक्ति को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्ट्रालॉजर डॉक्टर पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि वैदिक मंत्रों की शक्ति को जानना, पहचाना एवं आत्मसात करना वर्तमान युवा की जरूरत होनी चाहिए। पवन कुमार मिश्रा एक प्रसिद्ध ट्रांसपर्सनल कोच और वैदिक ज्योतिष विशेषज्ञ हैं। उनकी अंतर्दृष्टिपूर्ण मार्गदर्शन और कार्यशालाओं ने विश्वभर में लोगों की जिंदगी बदल दी है, जिससे वे अपने वास्तविक, जीवन उद्देश्य और सुख की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वयं को समझना जरूरी है।मन की दृढ़ता वही से शुरू होती है।



आज कल बच्चे पाठ्यक्रम के तनाव में अपनी जीवनशैली को भूल जाते हैं । बातें तो छोटी -छोटी है पर बड़े काम की। जैसे सबसे पहले प्रकृति प्रदत्त हर छोटी से छोटी अनुपम देन को धन्यवाद कहना है जिससे हम प्रतिदिन लाभान्वित होते रहते हैं। दूसरों की बुराई से ज्यादा उसकी अच्छाई को अपने जीवन में आत्मसात करने की कोशिश करते रहना चाहिए। पवन कुमार मिश्रा ने अपनी पुस्तक 'खुश रहने की आदत' में अपने विचारों को साझा करते हुए बच्चों को बताया कि जीवन की बहुत सारी मुश्किलें खुश रहने से ही हल हो जाती हैं। आध्यात्मिक सिद्धांतों को वैज्ञानिक दृष्टि से युवा मानस को प्रेरित करने के लिए डॉक्टर मिश्रा को 'आध्यात्मिक वैज्ञानिक' का अवार्ड भी मिला। विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के मिश्रा ने उनका स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर- के किया। प्राचार्य ने डॉक्टर मिश्रा से अपनी सहमति जताते हुए कहा कि बच्चों को मानसिक तनाव में नहीं रहना चाहिए। लिखने -पढ़ने का अभ्यास प्रतिदिन होना चाहिए। विद्यालय का सकारात्मक सोच और शिक्षकों का सहयोग बच्चों की दुरूहताओ को दूर करने में निश्चय ही एक दृढ़ कदम होगा। विद्यालय की आध्यात्मिक एवं वैदिक परंपरा बहुत समृद्ध है । चाहे वो गायत्री मंत्र हो या क्षिति जल पावक गगन समीरा को शांत करने के लिए शांतिपाठ किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एस के त्रिवेदी ने बच्चों को इससे लाभ लेने की सलाह दी।

## बॉक्साइड मजदूरों के हित में यूनियन का महाधिवेशन

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में बॉक्साइड मजदूरों के हितों के लिए किस्को फुटबॉल मैदान में छोटागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का महाधिवेशन हुआ। छोटागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले महाधिवेशन का आयोजन पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के बॉक्साइड माइंस में काम करने वाले हजारों मजदूरों का महाजुटान हुआ। जहां मजदूर हित की बात की गई साथ कार्यक्रम के माध्यम से मजदूरों को होने वाली परेशानी और उनके हालात पर चर्चा हुई और मजदूरों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर भी कार्य किया जाएगा साथ ही मजदूरों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू सहित कांग्रेस के कई विधायक और बड़े नेता शामिल हुए। वही कार्यक्रम के दौरान नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे कई नागपुरी कलाकार शामिल हुए नागपुरी सिंगर पवन रॉय ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा हमारा पूर्वज शुरू से ही गरीबों का मदद करते आया है और हम हमेशा से नीचे तबके लोगो का आवाज उठाते है और उन्हें शोषित होने से बचाते है यह कार्यक्रम मजदूरों के लिए किया गया ताकि मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी जा सके और मजदूरों को न्याय मिले।

## थैलीसीमिया दिवस पर संयुक्त रक्तदान शिविर का आयोजन



**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच की तीन सक्रिय शाखाएं गोविंदपुर, सरायढेला एवं उन्नति के संयुक्त तत्वावधान में गोविन्दपुर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30 यूनिट रक्तदान किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में सिंदरी के विधायक कॉमरेड चंद्रदेव महतो ने शिविर का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठतम रूप है, और मारवाड़ी युवा मंच के युवाओं का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.अभिनव गौरव एवं डॉ. नीतू श्रीवास्तव उपस्थित रहे, जिन्होंने थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता और रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।आश्रफी हॉस्पिटल की ओर से बलबीर कुमार ने रक्त संग्रहण प्रभारी की भूमिका निभाई और संपूर्ण प्रक्रिया का तकनीकी संचालन किया।प्रतिभागी शाखाओं का नेतृत्व मारवाड़ी युवा मंच, गोविंदपुर शाखा के अध्यक्ष शैलेश बंसल,सचिव आशीष मित्तल, मंडल उपाध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, सदस्यगण बजरंग अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल,मारवाड़ी युवा मंच, सरायढेला शाखा अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाला, सचिव विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष विशाल सावरिया, आई.पी.पी प्रवीण केजरीवाल, विकास अग्रवाल (सचिव, सरायढेला शाखा) ने किया और सभी सदस्यों से रक्तदान हेतु प्रेरणा देने के साथ-साथ कार्यक्रम समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संगीत नाटक अकादमी व एसएनए छऊ केंद्र ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगीत नाटक अकादेमी नई दिल्ली व एसएनए छऊ केंद्र, चंदनकियारी के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी गयी। कला दर्शन नाम से आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक आयोजन में पं राम बच्चन पाठक उर्फ बच्चन जी महाराज एवं समूह तथा शशांक कुमार एवं समूह द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित भावपूर्ण गायन एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। र्यक्रम का उद्घाटन अकादेमी के सचिव राजू दास, छऊ सलाहकार समिति के चेयरमेन व प्रसिद्ध ध्रुपद गायक उमाकांत गुंडेचा तथा समिति के अन्य सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विख्यात ध्रुपद गायक सह अध्यक्ष एडवाइजरी कमिटी उमाकांत गुंडेचा जी एवं सचिव संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली राजू दास एवं एडवाइजरी कमेटी के सभी सदस्यगण प्रख्यात बांसुरी वादक पं चेतन जोशी, छऊ केंद्र के संयोजक सह एडवाइजरी कमेटी के सदस्य डॉ संजय कुमार चौधरी, पागुलु जेना, हराधन महतो, तपन पटनायक, नंदलाल नायक जी की उपस्थिति में तीन महत्वपूर्ण चरणों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहले चरण में सुबह 9:00 बजे से कुल 14 दलों का आकलन हुआ। जिसमें उड़ीसा के आठ दलों सरायकेला से तीन दलों एवं पश्चिम बंगाल, पुरुलिया से दो दलों एवं चंदनकियारी से एक दल उपस्थित हुए। दूसरे चरण में एडवाइजरी कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें कमेटी के सभी माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में पिछले वर्ष की योजना एवं आने वाले वर्ष की वार्षिक योजनाएं क्या-क्या हुआ एवं क्या-क्या होना चाहिए इस विषय पर गहन चर्चा की गयी। तृतीय चरण में संध्याकाल कला दर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। संगीत के महान परमगुरु रविंद्र नाथ टैगोर जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कलादर्शन में रविंद्र संगीत कार्यक्रम में संजीव मजूमदार एवं कलाकारों तथा पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।सभी चरणों के कार्यक्रम केंद्र के संयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार दुरेजा , दिलीप जेना, विजय कुमार, आशुतोष कुमार सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK